e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 56
रविवार
26.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
प्रश्न कर पाने की क्षमता ही मानव प्रगति का आधार है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### रामगढ़ चुटुपालु में कंटेनर ने एक ही परिवार के चार लोगों को रौंदा, मौत

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटुपालु घाटी में शनिवार की शाम एक कंटेनर ने स्कूटी पर सवार चार लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में स्कूटी पर सवार पति-पत्नी और दो बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच के दौरान पता चला है कि रांची की ओर से एक स्कूटी जेएच 01 ईई 4687 पर सवार होकर पति-पत्नी और दो बच्चे रामगढ़ की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे कंटेनर जेएच 01 डीके 0718 ने स्कूटी सवारों को रौंद दिया। अनियंत्रित कंटेनर ने एक स्कॉर्पियो और बोलेरो को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गौतम अडानी अमीरों की लिस्ट में चौथे से गिरकर 33वें नंबर पर पहुंचे

**नयी दिल्ली:** अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग का अडानी ग्रुप पर कहर कब खत्म होगा, कहना मुश्किल है. हर बीतते दिन के साथ गौतम अदानी को बड़े झटके लगते जा रहे हैं. साल 2023 भारतीय अरबपति के लिए बेहद खराब साबित होता जा रहा है. अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म द्वारा 24 जनवरी को रिसर्च रिपोर्ट पब्लिश किए जाने के अगले ही दिन से गौतम अडानी अमीरों की लिस्ट में नीचे खिसकते जा रहे हैं. अडानी पहले टॉप-10, फिर टॉप-20 की लिस्ट से बाहर हो गए. और वे टॉप-30 में भी नहीं रहे. गौतम अदानी नेट वर्थ में आ रही जोरदार गिरावट के चलते दुनिया के अमीरों में उनका दबदबा तेजी से कम हुआ है. बीते साल 2022 में ताबड़तोड़ कमाई करते हुए अडानी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे और साल खत्म होते-होते भी वे चौथे पायदान पर काबिज थे. फिर नए साल 2023 की शुरुआत हुई.सभी को उम्मीद थी भारतीय अरबपति इस साल भी कमाई के मामले में तमाम अमीरों को पीछे छोड़ते हुए नया मुकाम हासिल करेंगे. लेकिन जनवरी का पहला महीना खत्म होने से पहले ही अमेरिकी से एक रिपोर्ट आई और तस्वीर बिल्कुल बदल गई. कमाई के मामले में नहीं, बल्कि सबसे ज्यादा दौलत गवांने के मामले में गौतम अडानी पहले नंबर पर पहुंच गए.

### राज्य में आईएमए का 27 से अनिश्चितकालीन हड़ताल, इमरजेंसी सेवाएं रहेगी जारी

**रांची :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने गढ़वा सदर अस्पताल में कार्यरत उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की घटना को लेकर चिंता जतायी है। उन्होंने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आए दिन चिकित्सकों के साथ मारपीट और गाली गलौज की घटनाएं हो रही हैं। इससे राज्यभर के चिकित्सक आहत हैं। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो सोमवार से राज्यभर में चिकित्सा सेवा ठप करा दी जाएगी। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को गढ़वा सदर अस्पताल में कार्यरत उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह के साथ गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष कंचन कुमार साहू, तनवीर आलम, नितेश सिंह और उनके द्वारा बुलाए गए कार्यकर्ताओं ने गाली -गलौज , धक्का-मुक्की एवं मारपीट की थी। इस घटना को लेकर दोनों ने गढ़वा थाना में नामजद एफआईआर किया है।

### चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पार्टी प्रत्याशियों और नेताओं ने झोंक दी अपनी पूरी ताकत

# रामगढ़ में थम गया भोंपू का शोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के प्रचार का शनिवार शाम शोर थम गया. 27 फरवरी को वोटिंग होगी. चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पार्टी प्रत्याशियों और नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी. रामगढ़ उपचुनाव में कुल 18 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन यहां एनडीए और यूपीए के बीच सीधी लड़ाई देखी जा रही है. चुनावी प्रचार का शोर थम जाने के बाद अब प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं. 27 फरवरी को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी और उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद करेगी. एनडीए ने आजसू से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी और यूपीए ने कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो पर दांव खेला है. दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में झारखंड के दिग्गज नेताओं ने पसीना बहाया है. सीएम हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई मंत्रियों ने चुनाव प्रचार में भाग लिया. बता दें कि रामगढ़ उपचुनाव को लेकर 31 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो 7 फरवरी तक चली. 10 फरवरी तक नाम वापसी की अधिसूचना जारी की गई थी. रामगढ़ के उपचुनाव में आजसू और भाजपा गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रहा है, जबकि महागठबंधन के साथ कांग्रेस के उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं.

**उपचुनाव में 18 प्रत्याशी हैं मैदान में**

### चुनाव आयोग ने की पूरी तैयारी

**रांचीः** मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से हो, इसको लेकर निर्वाचन आयोग ने व्यापक तैयारी की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की मानें तो सभी बूथों पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। लोग अपने घरों से निकलें और निर्भीक होकर मतदान करें। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उम्मीद जताई है कि मतों का प्रतिशत काफी अच्छा रहेगा। बता दें कि कांग्रेस की विधायक रही ममता देवी के जेल जाने के बाद उपचुनाव हो रहा है। जिसमें ममता देवी के पति बजरंग महतो उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ,कांग्रेस, राजद ,वामदल सहित कई सामाजिक संगठन बजरंग महतो को जिताने के लिए कमर कस चुकी है। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी नेता भी अपने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।





# विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है भारत : पीएम

एजेंसी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आज देश विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। हम प्राचीन मंदिरों और सांस्कृतिक केन्द्रों को पुनर्जीवित करने के साथ ही डिजिटल भुगतान के मामले में भी वैश्विक पटल पर अव्वल हैं। भारत आज सदियों पुरानी चोरी हुई मूर्तियों- कलाकृतियों को विदेशों से वापस लाने के साथ ही रिकॉर्ड एफडीआई भी लेकर आ रहा है।
प्रधानमंत्री मोदी यहां तालकटोरा स्टेडियम में सांस्कृतिक उत्सव 'बरिसू कन्नड़ दिम दिमवा' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने नगाड़ा बजाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज 'दिल्ली कर्नाटका संघ' के 75 वर्षों का यह उत्सव ऐसे समय में हो रहा है जब देश भी आजादी के 75 वर्ष का अमृत महोत्सव मना रहा है। जब हम 75 वर्ष पहले की परिस्थितियों को देखते हैं और आंकलन करते हैं तो इस प्रयास में हमें भारत की अमर आत्मा के दर्शन होते हैं। 75 साल पहले दिल्ली कर्नाटक संघ का गठन दिखाता है कि आजादी के उस प्रथम प्रहर में किस तरह लोग देश को मजबूत करने के मिशन में जुट गए थे। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आजादी के अमृतकाल के पहले प्रहर में देश की वो ऊर्जा और समर्पण उतना ही जीवंत नजर आता है।
कर्नाटक की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हम भारत की पहचान, परंपराएं और प्रेरणाएं, कर्नाटक के बिना भारत को परिभाषित नहीं कर सकते हैं। पौराणिक काल से भारत में कर्नाटक की भूमिका तो हनुमान की रही है। हनुमान के बिना न राम होते हैं, न रामायण बनती है। युग परिवर्तन का कोई मिशन अगर अयोध्या से शुरू होकर रामेश्वरम जाता है, तो उसको ताकत कर्नाटक में ही मिलती है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत जी-20 जैसे बड़े वैश्विक समूह की अध्यक्षता कर रहा है, तो लोकतन्त्र की जननी के रूप में हमारे आदर्श हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। अनुभव मंटपा के जरिए भगवान बसवेश्वरा के वचन, उनके लोकतान्त्रिक उपदेश भारत के लिए एक प्रकाश की तरह हैं। हमारे आदर्श जी-20 प्रेसीडेंसी के हमारे मार्ग में मार्गदर्शक रोशनी रहे हैं।
प्रधानमंत्री ने लंदन में भगवान बसवेश्वर की प्रतिमा का अनावरण करने का अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि उनकी शिक्षाओं को विभिन्न भाषाओं में भी उपलब्ध कराया गया। यह सब दर्शाता है कि न केवल कर्नाटक की परंपरा और मूल्य, बल्कि उनका प्रभाव भी अमर है। कर्नाटक परंपराओं की धरती भी है और टेक्नालजी की धरती भी है। यहां ऐतिहासिक संस्कृति भी है और आधुनिक कृत्रिम बुद्धि भी है।
उन्होंने कहा, आज देश विकास और विरासत को, प्रोग्रेस और परम्पराओं को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। आज एक ओर भारत अपने प्राचीन मंदिरों को, सांस्कृतिक केन्द्रों को पुनर्जीवित कर रहा है, तो साथ ही हम डिजिटल पेमेंट के मामले में वर्ल्ड लीडर भी हैं। आज का भारत हमारी सदियों पुरानी चोरी हुई मूर्तियों को, कलाकृतियों को विदेशों से वापस ला रहा है और आज का भारत विदेशों से रिकॉर्ड एफडीआई भी लेकर आ रहा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास की नई रफ्तार, कर्नाटका की तस्वीर को तेजी से बदल रही है। हमारी सरकार द्वारा लंबे समय से चली आ रही अपर भद्रा प्रोजेक्ट की मांग को भी पूरा किया जा रहा है। इससे तुमकुरु, चिकमगलुरू, चित्रदुर्ग और दावणगेरे सहित सेंट्रल कर्नाटक के बड़े सूखा प्रभावित क्षेत्र को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कन्नड़ बहुत समृद्ध साहित्य वाली एक सुंदर भाषा है। कन्नड़ भाषा बोलने वालों के साथ-साथ पाठकों की भी बड़ी संख्या है।

# सुकमा में मुठभेड़, तीन जवान शहीद, 6 नक्सली भी मारे गए



एजेंसी

**छत्तीसगढ़:** सुकमा जिले में शनिवार को नक्सलियों के साथ पुलिस की घंटों चली मुठभेड़ में एक सहायक उपनिरीक्षक समेत जिला रिजर्व गार्ड के तीन जवान शहीद हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एनकाउंटर में पुलिसकर्मियों की शहीद होने की घटना पर गहरा दुख जताया है और कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि सुकमा जिले के जगरगुंडा और कुंदेड़ गांव के मध्य सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में डीआरजी के सहायक उपनिरीक्षक रामुराम नाग (36), आरक्षक कुंजराम जोगा (33) और वंजाम भीमा (31) शहीद हो गए। मुठभेड़ के बारे में सुंदरराज ने बताया कि शनिवार की सुबह जगरगुंडा थाना से डीआरजी के दल को गश्त में रवाना किया गया था। पुलिस दल जब सुबह नौ बजे जगरगुंडा और कुंदेड़ गांव के मध्य था तभी नक्सलियों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एक सहायक उप निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की गोलीबारी के बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल को मौके पर भेजा गया और शहीद पुलिसकर्मियों के शवों को जगरगुंडा लाया गया।पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि मुठभेड़ में करीब छह नक्सली मारे गए हैं जिनके शवों को उनके साथी घसीट कर जंगल में ले गए।

# चाईबासा में भाकपा माओवादी के छह नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम, डुबराज हेम्ब्रम उर्फ डुबराज, तुरी देवगम, पालसिंह हेम्ब्रम, दामु कोड़ा उर्फ जुड्डु कोड़ा और बिरसिंह उर्फ छोटा कोड़ा शामिल है। इनके पास से पांच डेटोनेटर, पांच जिलेटिन और एक बाइक बरामद किया गया है।
एसपी आशुतोश शेखर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर को विस्फोटक सामग्री पहुंचाने के लिए छह नक्सली आने वाले हैं। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया।
टीम ने के सदस्यों द्वारा बारीपोखरी जाने वाले सड़क पर नाकाबंदी कर बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम को दौड़ाकर पकड़ा। पकडे गये नक्सली के पास से पुलिस को लक्षित कर विस्फोट किये जाने वाले आईईडी ब्लास्ट के लिए प्रयोग किये जाने वाला दो डेटोनेटर और दो जिलेटिन बरामद किया गया। गिरफ्तार चार लोगों ने अपने स्वीकारोक्ती बयान में बताया गया कि ये प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कमांडर को विस्फोटक पहुंचाते है।
एसपी ने बताया कि वहीं दूसरी ओर एक अन्य सूचना घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रेंगडाहातु में छापामारी कर प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के मिलिसिमा कमाण्डर दामु कोड़ा उर्फ जुड्डु कोड़ा, बिरसिंह उर्फ छोटा कोड़ा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों ने स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकार किये कि वे लोग 12 फरवरी को टोन्टों थाना क्षेत्र के चिरुईकीर टोला में सड़क निर्माण में लगे वाहन को तेल छिड़कर जलाने और माह जनवरी 2022 में तुम्बाहाका जंगल में, माह दिसम्बर 2022 को रेंगड़ाहातु के कोचाबाद जंगल में एवं माह जून 2021 में रेंगड़ाहातु के सिमी लोहार गौरुवांग जंगल में पुलिस पार्टी के साथ हुई मुठभेड़ में दस्ता के सदस्यों के साथ शामिल थे।

### झारखंड में नौ नक्सलियों पर चलेगा देशद्रोह का मुकदमा, राज्य सरकार ने दी अनुमति

**रांची :** राज्य सरकार ने झारखंड में नौ नक्सलियों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। पुलिस की जांच रिपोर्ट और अनुशंसा के आधार पर सरकार से मुकदमा चलाने की अनुमति मिली है। यह मुकदमा भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर के पद पर रहे प्रशांत बोस सहित नौ नक्सलियों पर चलेगा। अन्य नक्सलियों में सरायकेला-खरसावां के दारूदा निवासी महाराज प्रमाणिक उर्फ राज, गिरिडीह जिले के पीरटांड़ निवासी सेंट्रल कमेटी के नक्सली पति राम मांझी उर्फ अनल उर्फ रमेश, तमाड़ थाना क्षेत्र के तमराना निवासी अमित मुंडा उर्फ चुका मुंडा, खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र निवासी जीवन कंडुलना, अड़की थाना क्षेत्र के हरदलामा निवासी प्रभात मुंडा उर्फ मुखिया, विमल लोहरा उर्फ निलेश लोहरा, कुचाई थाना क्षेत्र के जमबीरा निवासी नेल्सन कंडीर और सुलेमान कंडीर शामिल हैं।

**कांग्रेस के महाधिवेशन में पार्टी संविधान में हुए कई बड़े बदलाव**

# डिजिटल तौर पर दी जाएगी कांग्रेस की सदस्यता

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में जारी कांग्रेस के 85 वें महाधिवेशन में पार्टी संविधान में कई बड़े बदलाव किए हैं। इसके तहत अब कांग्रेस में सिर्फ डिजिटल तौर पर सदस्यता दी जाएगी और डिजिटल रिकॉर्ड ही रखे जाएंगे। इसके अलावा पार्टी की कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यकों के लिए 50 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया है। इसी के साथ कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों की संख्या में भी इजाफा करने का फैसला हुआ है। अब इसके सदस्यों की संख्या 25 से बढ़ाकर 35 कर दी गई है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अधिवेशन को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज मैं गौरवशाली महसूस कर रहा हूं। बीजेपी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में चारो तरफ नफरत का माहौल है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि हम सभी उस गौरवशाली विरासत की नुमाइंदगी कर रहे हैं, जिसे- महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरोजिनी नायडू, इंदिरा, राजीव ने अपने समर्पण से सींचा है।



**हम जरूर जीतेंगे : सोनिया**

**रायपुर :** रायपुर में चल रहे कांग्रेस के अधिवेशन में सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। अधिवेशन के दूसरे दिन कांग्रेस नेता सोनिया ने कहा कि केंद्र सरकार और आरएसएस ने सभी स्वायत्त एजेंसियों पर कब्जा कर लिया है। कहा कि पीएम मोदी देश के लिए नहीं अपने मित्रों के लिए सत्ता चला रहे हैं। सोनिया ने इसी के साथ राहुल गांधी की तारीफ भी की। सोनिया गांधी ने अपने भाषण में राहुल गांधी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राहुल के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ने बहुत अच्छा काम किया। सोनिया ने कहा कि जिस तरह से राहुल ने इस यात्रा में लोगों के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना वो काबिले तारीफ है। अधिवेशन को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि हमें भाजपा शासन से सख्ती से निपटना होगा और लोगों तक अपनी पहुंच बढ़ानी होगी। ताकि अपने संदेश स्पष्टता के साथ दे सकें। संस्थान पर कब्जा कर लिया है।सोनिया ने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा लोग समानता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए लड़ते हैं। हम लोगों की आवाज को आगे बढ़ाते हैं और उनके सपने पूरे करते हैं।

# नीतीश में पीएम बनने की महत्वाकांक्षा ने बिहार को डुबोया : अमित शाह

एजेंसी

**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी नेता अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम चंपारण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने के लिए बदल गए. अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू आप प्रधानमंत्री बनने के लिए विकासवादी से अवसरवादी बने, कांग्रेस और आरजेडी की शरण में गए. नीतीश बाबू की पीएम बनने की महत्वाकांक्षा ने बिहार का बंटाधार कर डुबोया. उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार को हर 3 साल में पीएम बनने का सपना आता है, आप सबको मालूम है. जय प्रकाश नारायण से लेकर आज तक जिस कांग्रेस के खिलाफ लड़े,



जिस जंगलराज के खिलाफ बीजेपी के साथ मिलकर एनडीए की सरकार बनाई, उस जंगलराज के प्रणेता लालू प्रसाद की गोदी में बैठ गए हैं. बीजेपी नेता शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने बहुत साल तक आया राम गया राम कर लिए, अब उनके लिए बीजेपी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद कर दिए गए हैं. उन्होंने आगे कहा कि इस बार ऐसा सबक सिखाइए कि बिहार में दल-बदल करने वाले चुप हो जाएं.


# विधायक ने 3 विद्यालय के सुदृढ़ीकरण व 2 कब्रिस्तान की घेराबंदी का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्राम पोलडीह प्लस टू विद्यालय, हुसैनाबाद महिला प्लस टू विद्यालय और हैदरनगर में प्लस टू विद्यालय एवम भाई बिगहा और बलडीहरी के कब्रिस्तान की घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से दूर विकास की राजनीति की हिमायती है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। इंसानियत के रास्ते पर चलकर ही सभी का प्यार और सम्मान पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर और मस्जिद दोनो में ईश्वर का वास होता है। उनके लिए दोनो एक समान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत में लगातार विकास हो रहा है।विधानसभा में मॉडल स्कूल एवम नवोदय भवन का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा इस कार्यकाल में 24 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। 24 के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने आम लोगों को जात पात की राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति को साथ देने का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि उनका परिवार शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। विधायक कमलेश कुमार सिंह सभी को एक समान सम्मान करते हैं। उन्होंने विकास की राजनीति को अपनाने की अपील उपस्थित लोगों से की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की समस्त जनता उनके अपने परिवार के समान है। इस क्षेत्र की जनता के उत्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराने में उनका पूरा परिवार जुटा है। यह देखने और महसूस करने की चीज है। मौके पर प्रधानाध्यापिका गंगा अग्रवाल, गुड्डू सिंह मुखिया शाहनाज प्रवीन, सज्जू खान, राजू खान, विजय राम, अनूप सिंह, जाफर हवारी, रतनलाल, राजकुमार ठाकुर, विजय राजवंशी, कालिया, बैरिस्टर सिंग, लालू यादव, दुर्गा शर्मा, कैलाश मिश्र, मन्नान खान, आफताब आलम के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# परीक्षा केंद्र गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज का किया गया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा में आयोजित बी ए/बी एस सी/बी कॉम सेमेस्टर-IV की परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा औचक निरीक्षण किया गया फ्लाइंग स्कॉट डॉ बिनोद पाठक और डॉ अरविंद कुमार सिंह ने सभी परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया केंद्राधीक्षक प्रो जितेंद्र कुमार परीक्षा नियंत्रक प्रो अमित कुमार सिंह एवं उप परीक्षा नियंत्रक प्रो राजकिशोर लाल को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त ढंग से सफलतापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने एवं परीक्षा केंद्र पर सभी नियमों एवं कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने हेतु धन्यवाद दिया।

## कुर्बान मियां की हत्या

**पाटन (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना क्षेत्र स्थित किशुनपुर ओपी के निकट खैरदोहर गांव में बीते रात कुर्बान मियां की हत्या कर दी गई। जानकारी मिलने पर शनिवार की सुबह पाटन पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने खोजी कुत्ते का भी सहारा लिया। जानकारी के अनुसार मृतक कुर्बान मियां ओझा गुणी का काम करता था। गांव में किसी की मृत्यु हो जाता था तो शक कुर्बान मियां पर भी जाता था। साथ ही परिवार के लोगों से भी मृतक का हमेशा अनबन चलता था। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## बहूजन समाज पार्टी की बैठक संपन्न



**पांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुटमु में बहूजन समाज पार्टी की बैठक जिला अध्यक्ष मान्यवर संतोष गुप्ता एंव विधानसभा प्रभारी डॉ साबिर अंसारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिस में अध्यक्ष विजय मंडल, उपाध्यक्ष आफताब आलम, उमेश राय, सचिव फहीम अंसारी, सचिव सोनू कुमार को बनाया गया। मौके पर अजय राम, शेर अहमद, विजय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार, अनील कुमार, नवाज अहमद, हसनैन अंसारी, सैंकड़ों बहुजन कार्यकर्ता उपस्थित हुए और आने वाला 2024 के लिए संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

# कक्षा पांच से आठ तक के गरीब व मेधावी बच्चों को गोद लेगा स्कूल प्रबन्धन : एन के तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बिश्रामपुर एवं पाटन शाखा में कक्षा 4 से 8 तक कि गरीब एवं मेधावी बच्चों को विद्यालय प्रबन्धन गोद लेगा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत 10वीं कक्षा तक उन बच्चों को बिलकुल निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी उक्त जानकारी स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने दी, बताया कि इस क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बच्चे पैसे के अभाव में अच्छे स्कूल में नामांकन नहीं करा पाते जिस कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ऐसे में विद्यालय का एकमात्र यही उद्देश्य है कि क्षेत्र के किसी भी गरीब परिवार के बच्चे पैसे के अभाव में अशिक्षित न रह पाए उन बच्चों को चिह्नित कर 10वीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। स्कूल के सहायक निदेशक पूनम तिवारी ने लड़कियों को शिक्षा देने पर जोर दिया उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने लड़कों की तरह लड़कियों को भी बेहतर शिक्षा देने की कोशिश की जानी चाहिए ऐसे में गोद लेने की प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूल के प्रिंसिपल आरके सिंह ने यहां के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के ऐसे गरीब मेधावी बच्चों को चिह्नित कर विद्यालय से उन्हें लाभ दिलवा सकते हैं उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया 1 मार्च 2023 से शुरू होगी। इस गोद लेने की प्रक्रिया में नामांकन कराने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। साथ ही बताते चलें कि विद्यालय प्रबन्धन द्वारा हर वर्ष गरीब एवं मेधावी बच्चों को गोद लिया जाता है एवं निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा के तहत उन्हें 10 वीं कक्षा तक बिल्कुल निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

### बालू के अभाव में पीएम आवास योजना बाधित

# ग्रामीण क्षेत्र में पीएम आवास योजना में बालू उठाव हेतु नहीं हुई कोई पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड में पीएम आवास बनाने को लेकर बालू एक बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है. ग्रामीण नदियों में बालू तो हैं परंतु उठाने का कोई आदेश नहीं. एक तरफ जहां सरकार पीएम आवास योजना को जल्द से जल्द बनाने की बात करती है, समय से नहीं बनाने पर रिकवरी एवं कानूनी कार्रवाई की बात कही जाती तो दूसरी तरफ बालू उठा पर रोक लगा दिया जाता है. चुकी ग्रामीण क्षेत्र की नदियों के बालू का टेंडर नहीं है और ना ही इसे उठाने के लिए कोई सरकारी आदेश फिर पीएम आवास योजना का निर्माण कैसे होगा। क्या बिना बालू के पीएम आवास बनाना संभव है? यदि नहीं तो आखिर क्यों नहीं इस पर कोई ठोस पहल की जाती है। आखिर लाभुक कब तक बालू के लिए चक्कर काटते रहेंगे. बता दें कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार में ग्रामीण क्षेत्र के नदियों द्वारा बालू उठाव हेतु अंचलाधिकारी के माध्यम से एक सौ रुपए प्रति ट्रैक्टर बालू उठाने का आदेश था जिसे लोग शुल्क जमा कर बालू आसानी से उपलब्ध करा पाते थे परंतु इस सरकार में ग्रामीण क्षेत्र के लिए अभी तक कोई नीति नहीं बनाई गई जिसका भुक्तभोगी आम जनता हो रही है।

## शिक्षा के मंदिर में शिक्षक छात्राओं से करते है अश्लील बातें



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के स्कूलों में शिक्षकों को छात्राओं के साथ अश्लील बातें करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है बतादें की कुछ दिन पूर्व पांडु प्रखण्ड अन्तर्गत लवरपांडू विद्यालय का मामला प्रकाश में आया था। बता दें की सरकार शिक्षकों को नियुक्ति पढ़ाने के लिए किया है, न की छात्राओं के साथ अश्लील बातें व गलत व्यवहार करने के लिए। ऐसा ही एक मामला उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरजा से मामला उजागर हुआ है। बिरजा स्कूल के छात्राओं ने शिक्षक संजय कुमार चौधरी के ऊपर अश्लील बातें करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा अंजली कुमारी, कबिता कुमारी, नेहा, ने कहा की संजय सर दुप्पटा हटा कर ओढ़ाते है तो कभी साथ में खाना खाने के लिए कहते है तो कभी ससुराल जा कर क्या करोगी तो कभी सुहाग रात जैसी अश्लील बातें करते है। जिसको लेकर विरजा गांव के ग्रामीणों ने शिक्षक संजय कुमार चौधरी के खिलाफ विद्यालय में बैठक कर पूछताछ किया जिसमें शिक्षक संजय कुमार चौधरी ने ग्रामीणों और प्रधानाध्यापक बेचन सिंह के समक्ष सभी बातों को स्वीकार करते हुए कहा कि आज के बाद दुबारा कभी ऐसा गलती नहीं करेंगे, इन्होंने ग्रामीणों के बिच माफी मांगा। वहीं इस संबंध में पूछने पर प्रधानाध्यापक ने बताया की पहले से मुझे इस बात की जानकारी नही थी, आज बैठक मे ही इस मामले की जानकारी मिली है मेरा इस संबंध कुछ कहना नही है शिक्षक संजय चौधरी ने स्वयं अपनी गलती स्विकार किया है। मौके पर नथुनी चौधरी, बिरेंद्र चौधरी, राम गती चौधरी, कृष्ण चौधरी, रामजी चौधरी, मनोज चौधरी, बबलू चौधरी, ललन चौधरी, ब्रामदेव चौधरी, रीता देवी, बसंती देवी उपाध्यक्ष, कृष्णा कुमार के साथ सैकड़ों ग्रामीणों अभिवावक उपस्थित थे।

# एलआईसी की ओर से क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्रों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भारतीय जीवन बीमा निगम की जमशेदपुर मंडल की मेदिनीनगर शाखा की ओर से शनिवार को भंडार माउंट टेरा पब्लिक स्कूल भंडार में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व शिल्ड प्रदान किया गया। मौके पर मौजूद एलआईसी के विकास अधिकारी मुकेश पाठक ने बताया कि एलआईसी अपने स्थापना काल से भारत की आर्थिक उन्नति व लोगों की आर्थिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते आई है। उसी का परिणाम है कि भारतीय जीवन बीमा निगम आज भारत हीं नहीं विश्व की सबसे बड़ी बीमा कंपनी में से एक है। सहायक शाखा प्रबंधक मिथलेश पासवान ने विद्यालय के मेधावी छात्रों की प्रशंसा की साथ ही बताया कि एलआईसी ही भारत की एक मात्र कंपनी है जिसे भारत सरकार से सोवरेन गारंटी प्राप्त है। अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे ने कहा कि एलआईसी की परिसंपत्ति 42 लाख करोड़ से भी ज्यादा है जो विश्व के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है। मौके पर विद्यालय परिवार से संस्थापक बिनोद पांडेय प्रिंसिपल प्रिती पांडेय एलआईसी मेदिनीनगर ब्रांच के विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या अभिभावक गण मौजूद थे।

# अररूआ खुर्द में सड़क पर जलजमाव से लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र अंतर्गत अररुआ खुर्द जामा मस्जिद के नजदीक सड़क पर नाली के गंदे पानी के जल-जमाव से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली जाम होने से गंदगी सड़क पर आने के साथ ही इससे दुर्गंध उठने लगी है। इसे लेकर लोगों में नगर पंचायत प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया की जगू इमामबाड़ा चौक के दोनों ओर कचरे का अंबार और जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। जबकि इसी रास्ते में दुर्गा मंदिर, अररुआ खुर्द जामा मस्जिद व बेलौदर कब्रिस्तान अवस्थित है। सड़क पर जलजमाव से धार्मिक स्थलों पर भी लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। समाजसेवी सह झामुमो नेता अतहर हुसैन, मुमताज अहमद, डॉ0जमील अहमद, अब्दुल कादिर, सलीम, नईम, मकसूद, इमाम समेत कई लोगों ने शीघ्र ही नाली के साफ सफाई की मांग नगर प्रशासन से की है।

# 20 सूत्री समिति समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखंड कार्यालय के सभागार मे प्रखंड बीससूत्री समिति की बैठक उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। आयोजत बैठक मे मध्य विद्यालय कर्णपुरा के शेष बच्चो के बीच वितरण होने वाले प्रतिपूर्ति राशी वितरण मे हो रहे विलंब, भागोडीह के अलगडीह विद्यालय बंद मीड डे मील योजना सहीत सुखाड़ को देखते हुए चापाकल मरम्मती का मामला सदस्यों ने उठाया।मौके पर सदस्यों ने नाराजगी जाहीर करते हुए कहा कि प्रखंड सह अंचल कर्मी सदस्यों की समस्याओं के सामाधान के प्रति गंभीर नहीं है।बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह और सीओ सतीश प्रसाद सिंह ने कहा कि बैठक मे आने वाले सभी मसलों के समाधान का प्रयास किया जाता है।थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने डायन विसाही के प्रति लोगों को जागरुक करने का अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लागातार वाहनों की जांच करने का आदेश है ऐसे मे सभी लोग यातायात नियमों का पालन स्वयं करते हुए दुसरे लोगों से भी पालन कराने मे सहयोंग करे। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल, सहायक राहुल प्रकाश के साथ सभी मनरेगा कर्मी, प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

## पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी पुलिस ने शनिवार को पोक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे अम्बाखोरेया ग्राम निवासी राम बृज राम के पुत्र चंद्र शेखर राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरोपी के खिलाफ धुरकी थाना के कांड संख्या 29/23 धारा 354भा द वि 8 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिक आरोपी था।पुलिस टीम में थाना प्रभारी सदानंद कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत आवासीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गणेशपुरी ब्लॉक रोड,जपला में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में 50 बच्चों ने प्रतिभागिता की। बच्चों को पर्यावरण एवं सोलर सिस्टम का चित्र बनाकर पेंटिंग कर सजाया।मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने बताया कि पेंटिंग को समय-समय पर कराने से कई लाभ है। बच्चे अपने मन से चित्रण करते हैं, फिर उसे कागज पर उतरते हैं और रंग भरकर उसे रंगीन कर देते हैं।जिससे उनके अंदर मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।

# शिक्षा को ले स्कूली बच्चों में नई चेतना जगाने की है जरुरत : सहायक नगर आयुक्त

### विश्रामपुर रेड रोज स्कूल में बच्चों की ओर से लगाया गया विज्ञान प्रदर्शनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बीपी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से संचालित विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में शनिवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां स्कूली बच्चों ने विज्ञान से संबंधित कई प्रोजेक्ट को शामिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम, ग्रीन हाउस, सूर्यग्रहण, रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेम्पल, रंगोली ऑन वाटर, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन,वाटर हार्वेस्टिंग सहित रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेम्पल, रंगोली ऑन वाटर, वाटर, सिक्को का एटीएम बॉक्स, एरोप्लेन, स्ट्रक्चर ऑफ यूथ,टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट,ज्वालामुखी,सौर्यमण्डल व पवन चक्की आकर्षण का केंद्र रहकई प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहा। विज्ञान प्रदर्शनी में वेहतर प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शित करने वाले टीम को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत किया। बतौर मुख्य अतिथि विज्ञान प्रदर्शनी में पहुंचे विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मोहम्मद परवेज आलम ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने व विज्ञान के प्रति स्कूली बच्चों में जागरूकता लाना होगा। बच्चों की ओर से प्रदर्शित की गई प्रोजेक्ट उनके सिलेबस से संबंध रखती है। ऐसे में इसके प्रति उनकी रुचि व जानकारी प्राप्त कर विद्यालय के शिक्षक मिलकर कार्य करें। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन के दिनाचार्य में शामिल हो चुका है। जय जवान,जय किसान व जय विज्ञान का नारा आज के परिवेश में पूरी तरह प्रासंगिक है। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय व संचालन अजहर सिद्धकी ने किया। मौके पर प्रथम नगर उपाध्यक्ष अजय बक्सराय, गढ़वा रोड स्टेशन मास्टर विनय पांडेय, पंमी कुमारी, सरीता कुमारी, सबू बानों, संध्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, शुशांत कुमार, शुभम कुमार सोनू कुमार, मोनू कुमार ने कहा कि स्कूली बच्चों को विज्ञान के प्रति बच्चों को जोड़कर शैक्षणिक गतिविधि से जोड़कर कार्य करने को कहा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक गीत-नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत भी किया।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बना ए के सिंह कॉलेज जपला

# नीलाम्बर-पीताम्बर विवि के वीसी व रजिस्ट्रार के संलिप्त होने की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है ऐ के सिंह कॉलेज जपला इस भ्रष्टाचार में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के विसी और रजिस्टार बू आ रही है यह मामला हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के एक मात्र डिग्री कॉलेज ए के सिंह कॉलेज जपला का। ज्ञात हो की कॉलेज संचालन के लिए शासी निकाय की गठन किया जाता है ,जिसकी गठन 2020 में हुई थी जिसकी आज तक विश्वविद्यालय के द्वारा अनुमोदन भी नहीं किया गया तथा उसकी समय सीमा भी खत्म हो गई। नियम के तहत कमीटी गठन के लिए पहले शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव होता है और वह प्रतिनिधि भी कमीटी का एक सदस्य होता है। सबसे मजेदार बात यह है की ए के सिंह कॉलेज में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव भी प्रिंसिपल की यू आर के मौजूदगी में दिनाक 19/11/2022 को ही चुनाव सम्पन कराया गया जिसमे सर्व सम्मति से भूगोल विभाग के प्रोफेसर श्री जयशंकर सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया परंतु यू आर और प्रभारी प्राचार्य के चहेते प्रतिनिधि नहीं बनने से प्राचार्य और यू आर दोनों में रोस था और इन दोनों ने वि,सी, और रजिस्ट्रार से बात कर पुनः चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करने को अनुरोध किया और विश्व विद्यालय अधिकारी दबाव और बहकावे आ कर पुनः चुनाव कराने हेतु अधिसूचना जारी किया ,जिसकी प्रक्रिया आज से 28/02/2023 तक हो जाना है। जिसकी सूचना जैसे ही तत्कालीन शिक्षक प्रतिनिधि श्री जयशंकर सिंह को मिला कि उन्होंने चुनाव नहीं कराने और चुनाव को रोकने से संबंधी एक आवेदन विश्व विद्यालय को दिया,और रजिस्ट्रार के द्वारा ये जयशंकर सिंह को आवेदन को रिसीव करते हुए आस्वस्त कराया गया की चुनाव प्रक्रिया रद्द होगी ए, के,सिंह कॉलेज में चुनाव नहीं होगा बल्कि कमीटी गठन में आपका ही नाम को भेजा जाएगा। अब देखना हैं की विश्वविद्यालय चुनाव प्रक्रिया पर हस्तक्षेप कर रोक लगाती है या मुक दर्शक बन कर भ्रष्टाचार का बढ़ावा देती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी पहुंचे रिम्स




रांची : जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी शनिवार की सुबह रांची रिम्स पहुंचे। यहां इरफान ने अपने क्षेत्र के मरीजों का हालचाल जाना। अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग सहित अन्य विभागों में भर्ती मरीजों की सेहत की जानकारी और समस्याओं के विषय को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के मंत्री और हमारी सरकार में ऐसी स्थिति देख विशेष कुछ नहीं कहना चाहता हूं। रिम्स की बदहाल व्यवस्था से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे।

### शिक्षक प्रोन्नति मामलों के निष्पादन के लिए फिर मिला 15 दिनों का समय

रांची : रांची में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए बनी समिति ने अब तक प्रतिवेदन नहीं सौंपा है। इसे मद्देनजर प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर नया आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी माध्यमिक शिक्षा के उप निदेशक शिवेंद्र कुमार, जेसीईआरटी के कमला सिंह और मसूदी टुडू ने दी है। आदेश में कहा है कि रांची जिला में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों पर प्रतिवेदन आदेश निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अंदर निदेशालय को उपलब्ध कराएं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने आदेश में कहा है कि रांची जिला में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए निदेशालय ने आठ फरवरी को समिति गठित की गई थी। हालांकि समिति ने अब तक प्रतिवेदन नहीं दी है।

# मंत्री के आश्वासन पर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की हड़ताल समाप्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए राजभवन के समक्ष पहुंचे थे लेकिन उन्हें पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाने से रोक दिया। इसके बाद वे राजभवन के समक्ष धरने पर बैठ गये। इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मिलने के लिए बुलाया।स्टेट प्रेसिडेंट सह सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सोनी प्रसाद ने बताया कि हमारी सभी मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से नेपाल हाउस स्थित सचिवालय में वार्ता हुई। इसमें मंत्री की ओर से कहा गया कि सिर्फ नियमितीकरण में कुछ समय लगेगा। अन्य मांगों पर जल्द ही लिखित आश्वासन दिया जायेगा। इसके बाद हमलोग सभी सीएचओ काम पर लौट गये। हमलोगों ने हड़ताल समाप्त कर दिया है।एसोसिएशन के जनरल चीफ सीएचओ सचिन कुमार ने बताया कि सचिवालय में सीएचओ के प्रतिनिधिमंडल से स्वास्थ्य मंत्री का वार्ता हुई। उन्होंने सभी मांगों को सुना, समझा और पूरा करने का मौखिक निर्देश भी दिया। हालांकि, लिखित रूप से अभी तक कुछ भी नहीं मिला है। यदि प्रशासन की ओर से जल्द ही कार्रवाई नहीं होती है तो सीएचओ वापस ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करेंगे। फिलहाल सीएचओ की ओर से घेराव खत्म किया गया और रविवार से पुनः अपने-अपने कार्यस्थल में वापस लौटकर काम करने का निर्णय लिया गया है।उल्लेखनीय है कि विभिन्न मांगों को लेकर सीएचओ ने 30 जनवरी से ऑनलाइन इंट्री का कार्य ठप कर दिया था। इससे पूर्व सीएचओ ने 23 फरवरी को सचिवालय और 24 फरवरी को स्वास्थ्य मंत्री का आवास का घेराव किया था। इनकी प्रमुख मांगों में पद सुजन, नियमितीकरण , मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का समायोजन, स्थानांतरण सहित अन्य मांग शामिल हैं।इस दौरान शुभम कुमार सिंह, अल्का रानी तिग्गा, आदित्य शर्मा, प्रमिला मुर्मू सहित काफी संख्या में सीएचओ मौजूद थे।

# झारखंड में अग्निवीरों की नियुक्ति प्रक्रिया में हुआ बदलाव : राकेश कुमार




प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में अग्निवीरों की भर्ती को लेकर नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अग्निवीर सेना में नियुक्ति के लिए युवक और युवतियों को समान अवसर देने, अभ्यर्थियों के बौद्धिक और शारीरिक क्षमता में संतुलन बनाए रखने के साथ ही बहाली प्रक्रिया में समय की बचत करने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के संबंध में झारखंड के डायरेक्टर रिक्रूटिंग राकेश कुमार ने शनिवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बहाली प्रक्रिया में बदलाव के तहत अभ्यर्थियों को अब सबसे पहले ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम से गुजरना होगा। दूसरे चरण में शॉर्टलिस्टेड किए गए उम्मीदवारों को संबंधित आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिसेस की ओर से निर्धारित स्थानों पर भर्ती रैली के लिए बुलाया जाएगा। जहां उनका फिजिकल फिटनेस टेस्ट लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहाली प्रक्रिया के तीसरे और अंतिम चरण में सिलेक्टेड कैंडिडेट को रैली स्थल पर मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। कुमार ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पिछले 16 फरवरी से शुरू हो गई है जो 15 मार्च तक जारी रहेगी। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उम्मीदवार अपने आधार कार्ड या फिर दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र का प्रयोग करके रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नियमों में जो बदलाव किए गए हैं। इसके तहत हर अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के लिए 500 रुपये शुल्क जमा करना होगा। एग्जाम फीस का 50 प्रतिशत शुल्क सेना की ओर से दिया जाएगा। राकेश कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को इस बात का ख्याल विशेष तौर पर रखना होगा कि रजिस्ट्रेशन के दौरान दिए गए मोबाइल नंबर, आधार नंबर और ईमेल एड्रेस सहित अन्य जानकारियों को वे पूरे प्रक्रिया के दौरान बदलाव नहीं करे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन एग्जाम में शामिल होने के लिए सेना की ओर से परीक्षा शुरू होने के 10 से 14 दिन पहले एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया रांची का हुआ चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा के पदाधिकारियों का वर्ष 2023-24 के लिए चुनाव संपन्न हुआ, जिसमे सीए पंकज मक्कड़ को रांची शाखा का अध्यक्ष, सीए श्रद्धा बागला को उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष और सीए निशांत मोदी को सचिव चुना गया। आज इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की राँची शाखा की कार्यकारिणी सदस्यों (2022-25) की मीटिंग रांची शाखा के पदेन पदाधिकारी और रीजनल कौंसिल सदस्या सीए मनीषा बियानी की अध्यक्षता में में संपन्न हुआ। सीए पंकज मक्कड़ दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची ब्रांच के अध्यक्ष के रूप में इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने वाले 30वें व्यक्ति हैं। इससे पूर्व वे रांची शाखा के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और और स्टूडेंट्स कमिटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवायें दे चुके है और रांची शाखा के द्वारा आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण सेमिनार/ कांफ्रेंस और सामाजिक कार्यो में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है।इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए जे पी शर्मा, सीए प्रवीण शर्मा, सीए संदीप जालान, सीए मनीषा बियानी और सीए संजय वाधवा, सीए उत्तम जैन सहित रांची के बहुत से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने सीए पंकज मक्कड़ और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी है, और साथ ही भरोसा जताया है कि उनके कार्यकाल में इंस्टिट्यूट कि रांची शाखा नई उचाइयों को छुएगा।

## कोरोना के दौरान किए कार्यों के लिए याद किए जायेंगे आईपीएस अनीश गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। वह फिलहाल रांची के डीआईजी हैं। अनीश गुप्ता 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी है। गुप्ता को राज्य सरकार ने विरमित कर दिया गया है। अगले पांच साल तक आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे।

बताते चलें कि अनीश गुप्ता रांची के एसएसपी और ग्रामीण एसपी के पद के अलावे हजारीबाग,खूंटी, चाईबासा और सारंडा जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। चाहे वो 10 लाख का कुख्यात नक्सली को फुटबॉल ग्राउंड से पकड़ने की बात हो या फिर कोविड-19 दौरान खुद की जान हथेली पर रखकर आम लोगों की सेवाओं में 24 घंटा घर परिवार से दूर रहकर लगे रहने का श्रेय भी अनीश गुप्ता को ही जाता है। अनीश गुप्ता एक ऐसे आईपीएस अधिकारियों में शुमार रहे हैं, जिनके कार्यकाल में 2015,17 तक करीब 8 बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम रांची जिला में आयोजित हुआ था, जिनकी सुरक्षा की बागडोर एसएसपी रहते अनीश गुप्ता ने बखूबी निभाई थी। अपराध नियंत्रण ,लूट ,चोरी, डकैती, छिनताई,पशु ,कोयला तस्करी पर रोक लगाने के साथ साथ अन्य कई छोटी बड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाने वाले आईपीएस अनीश गुप्ता जब जैप 10 में पदस्थापित थे, तब भी वहां बेहतर कार्य कर चुके हैं । साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के लिए वह सबसे लोकप्रिय आईपीएस अधिकारी रहे हैं।

## टीबी मुक्त अभियान के तहत फूड बास्केट का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, धरमा राव, केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, दिल्ली, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, राँची के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार कक्ष में डा0 रंजीत प्रसाद, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी, झारखण्ड के द्वारा 5 टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत गोद लेते हुये फूड बास्केट का वितरण किया गया। सभा में उपस्थित सभी टी0बी0 कर्मियों के समक्ष राँची जिले अन्तर्गत टीबी0 मरीजों को फुड बास्केट देने एवं नि-क्षय मित्र बनाये जाने से संबंधित रिपोट की समीक्षा की गई एवं आने वाले 15-20 दिनों के अंदर अधिक-से-अधिक नि-क्षय मित्र बनाने हेतु रोड मैप तैयार कर सभी को इस कार्य में विशेष ध्यान देने की बात कही गई, जिसके तहत् प्रखण्ड में बीडीओ / सीओ कॉलेज में में प्रधानमंत्री टीबी0 मुक्त भारत अभियान के तहत् नि-क्षय मित्र बनने हेतु अनुरोध किया जाना है। सर्वप्रथम जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारी को इस अभियान के तहत् जोड़ने हेतु कार्य किया जाना है। राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई की पंचायती राज्य विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। सिविल सर्जन के द्वारा सभी को निदेश दिया गया कि विश्व यक्ष्मा दिवस 2023 के पूर्व राँची जिले के सभी टीबी0 मरीजों को गोद लेने हेतु नि-क्षय मित्र बनाने का लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

# जी 20 के लिए रांची है तैयार : संजय सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सांसद सेठ ने बताया राँची रेलवे स्टेशन हटिया रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न जगहों पर आए अतिथियों के स्वागत में विभिन्न संगठनों द्वारा रंगोली बनाई जाएगी।**

रांची: सांसद संजय सेठ के आह्वान पर रांची में आयोजित जी20 शिखर समीट को लेकर राँची के विभिन्न संगठनों से अपील की थी। सभी संगठन राँची को स्वच्छ सुंदर करने में अपना योगदान दें। उसी के निमित हिनू महिला समिति एवं डोरंडा महावीर मंडल के नेतृत्व में रांची एयरपोर्ट पर जी20 भारत है तैयार राँची है।

तैयार हम भी हैं तैयार के निमित एयरपोर्ट के तीन स्थानों पर सुंदर रंगोली बनाई गई। सांसद सेठ ने बताया राँची रेलवे स्टेशन हटिया रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न जगहों पर आए अतिथियों के स्वागत में विभिन्न संगठनों द्वारा रंगोली बनाई जाएगी। साथ ही 1 मार्च को राँची के सभी चौक चौराहों पर स्थापित प्रतिमा की साफ-सफाई की जाएगी और शाम में दीप जलाकर दीप उत्सव मनाया जाएगा।

## रांची-बलरामपुर के बीच होली स्पेशल ट्रेन पांच मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : होली फेस्टिवल के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए ट्रेन संख्या 08028/08027 रांची-बलरामपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। यह ट्रेन केवल एक ट्रिप चलेगी। इन ट्रेनों में एसएलआर/डी के 2 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 16 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 3 कोच समेत कुल 21 कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 08028 रांची-बलरामपुर होली स्पेशल ट्रेन 05/03/2023 (रविवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। रांची प्रस्थान रविवार 23:55 बजे, मूरी आगमन 01:05 बजे प्रस्थान 01:10 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:15 बजे प्रस्थान 02:25 बजे, कोडरमा आगमन 05:35 बजे प्रस्थान 05:37 बजे, गया आगमन 07:02 बजे प्रस्थान 07:07 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 10:15 बजे प्रस्थान 10:25 बजे, वाराणसी आगमन 11:30 बजे प्रस्थान 11:55 बजे, भटनी आगमन 14:45 बजे प्रस्थान 14ः50 बजे, गोरखपुर आगमन 17:45 बजे प्रस्थान 18:00 बजे, बढ़नी आगमन 19:45 बजे प्रस्थान 19:50 बजे एवं बलरामपुर आगमन सोमवार 22:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 08027 बलरामपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 07/03/2023 मंगलवार को बलरामपुर से प्रस्थान करेगी। बलरामपुर प्रस्थान मंगलवार 08:45 बजे, बड़नी आगमन 10:15 बजे प्रस्थान 10:20 बजे, गोरखपुर आगमन 13ः20 बजे प्रस्थान 13:30 बजे, भटनी आगमन 15:03 बजे प्रस्थान 15:05 बजे, वाराणसी आगमन 18:15 बजे प्रस्थान 18ः40 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय आगमन 19:20 बजे प्रस्थान 19:30 बजे, गया आगमन 22:00 बजे प्रस्थान 22:05 बजे, कोडरमा आगमन 23:25 बजे प्रस्थान 23:27 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:20 बजे प्रस्थान 02:30 बजे, मूरी आगमन 03:35 बजे प्रस्थान 03:40 बजे एवं रांची आगमन बुधवार 05ः00 बजे होगा।

## दिव्या भारती का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । डोरंडा थाना अंतर्गत ओवरब्रिज के नजदीक निवारनपुर स्थित क्षितिज मुख बधिर स्कूल में मुक बधिर बच्चों के साथ हिंदी फिल्मों की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री दिव्या भारती का 49 वां जन्मदिन बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया मनाया गया। वहीं मौके पर दिव्या भारती फैंस क्लब के संस्थापक परवेज कुरैशी ने बताया कि 1993 से ही दिव्या भारती का जन्मदिन मनाते चले आ रहे हैं ।

शुरुआत अपने मोहल्ले से किया था फिर धीरे-धीरे विभिन्न अनाथ आश्रम के बच्चों के साथ मनाते चले आ रहे हैं। क्षितिज मूक बधिर स्कूल के प्रिंसिपल अनिल जी ए के लाल ने कहा कि यहां करीब 122 बच्चे हैं जो आसपास के मोहल्ले से पढ़ने आते हैं और यह विशेष बच्चे हैं,इसके अलावा करीब 18 बच्चे जो हैं हॉस्टल में रहते हैं।

इसके देखरेख के लिए आर के महतो और धनु महतो को रखा गया।मौके पर आकाश सिंह, जितेंद्र गुप्ता शामिल थे।

## 27 फरवरी से कॉमर्शियल कोल ब्लॉक के लिए होगी नीलामी

रांची : कोयला मंत्रालय में कार्मोर्शियल माइनिंग के तहत छठे दौर की प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी से कोल ब्लॉक की नीलामी के लिए बोली लगायी जायेगी। देशभर के 11 राज्यों के 141 कोल ब्लॉक की नीलामी के लिए निविदा तीन नवंबर 2022 को जारी की गयी थी। इसमें झारखंड के 17 कोल ब्लॉक शामिल थे। पर देशभर के कुल 36 कोल ब्लॉक के लिए 96 बिडर्स आये, जिसमें तकनीकी रूप से 27 कोल ब्लॉक ही ऐसे थे, जिसमें एक से अधिक बिडर आये थे। इनके बीच 27 फरवरी से बोली लगायी जायेगी।

## स्कूटी चालक को कार ने रौंदा, 2 की मौत, दो गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के सामने देर रात करीब 12ः30 बजे एक तेज रफ्तार सफेद रंग की क्रेटा कार जेएच 01डीक्यू4744 के चालक ने वूल हाउस के पास स्टाइलो टेलर्स में ले जाकर जोर दार धक्का मार दिया , धक्का इतना जबरदस्त था कि शटर तक टूट गई।इसी क्रम में कार स्कूटी सवार को भी साथ में रौंदा दिया, जहां मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जिसकी पहचान लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कर्बला चौक के रहने वाले निजी बिजली मिस्त्री शमशाद के रुप में हुई। दो बच्चे जिकरा और ज़ैद की हालत नाजुक है । घटना के तुरंत बाद लोग जमा हो गए और पुलिस भी पहुंच गई और घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स में भर्ती करा दिया गया। बरियातू थाना क्षेत्र मोरहाबादी स्थित रहने वाले क्रेटा कार चालक शिवांश की भी इलाज के दौरान मौत हो गई । बताया गया कि वह बड़ी तेज रफ्तार से गाड़ी लेकर मेन रोड से रतन टाकिज की ओर जा रहा था , तभी यह घटना वूल हाउस के पास हो गई । वहीं दोनों के मौत के बाद दोनों परिवारों में ग़म का पहाड़ टूट पड़ा। विधि व्यवस्था ना बिगड़े इसके लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार ने घटने की पूरी जानकारी लेते रहे और लोगों को समझा-बुझाकर मामला को शांत कराया और साथ ही शमशाद का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम डोरंडा कब्रिस्तान में मिट्टी मंजील करा दिया गया। वहीं सीओ रांची अमित भगत ने कहा कि तत्काल राहत के लिए कुछ राशि दी गई है वही हिट एंड रन के तहत एक लाख भी दिया जाएगा।

# कोलेबिरा के पूर्व प्रत्याशी माधुरी सोरेंग आप में शामिल

**कॉग्रेस के पूर्व प्रदेश महिला सचिव सचिव बिंदु सिंह आप में शामिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता




रांची : शनिवार को आप के प्रदेश संयोजक डी एन सिंह और उप संयोजक प्रेम कुमार के उपस्थिति में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत के नेतृत्व में जे वी एम के कोलेबिरा से पूर्व प्रत्याशी रही माधुरी सोरेंग अपने संकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई हैं जिसमे व्यवसाई पूर्व छात्र नेता सह समाजसेवी दिनेश प्रशाद, समाजसेवी उपेंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महिला सचिव बिंदु सिंह ने मुख्य रूप से पार्टि कि सदस्यता ग्रहण किए ।

मौके पर माधुरी सोरेन ने कही कि मै पार्टी के केंद्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक दूरदर्शिता और कटटर ईमानदारी से प्रभावित हो कर आज मै पार्टी में शामिल हो रही हूँ अब मै अरविन्द केजरीवाल जी कि राजनीतिक सपने को झारखण्ड में स्थापित करने के लिए अपने आपको समर्पित कर रही हूँ। प्रदेश संयोजक ने कहा कि आप सभी क्रन्तिकारी साथियो को जिसने आज आपने पार्टी में स्वागत हैं हमारी सुभकामनाऐं आपको के साथ हैं। मौके प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र चौबे, नरेंद्र चौबे, हरि सिंह, संगठन मंत्री एजाज अली, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी साईद अख्तर, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष राजेश तिर्की, प्रदेश आदिवासी मोर्चा उपाध्यक्ष महेश मुंडा, राँची नगर अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह,संतोष सोनी, आनंद प्रकाश, राँची जिला ग्रामीण अध्यक्ष अशोक कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

रांची: आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। वह फिलहाल रांची के डीआईजी है। अनीश गुप्ता को राज्य सरकार ने विरमित कर दिया है। अगले पांच साल तक आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे। 28 फरवरी तक रांची के डीआईजी के पद पर बने रहेंगे और वह एक मार्च को दिल्ली चले जाएंगे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वह सीबीआई में अपना योगदान देंगे। अनीश गुप्ता 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी है।

**झारखंड विधान सभा सचिवाल**

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम, झारखंड विधान सभा का एकादश (बजट) सत्र दिनांक 27/02/2023 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधान सभा परिसर में आयेंगे।**

ह0/-
सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखंड विधान सभा, रांची।

ज्ञाप संख्याः- जनसम्पर्क- 04/2023 387/ वि0स, रांची, दिनांक 15/02/23

## जेपी हाई स्कूल में छात्र छात्रों को दी गयी विदाई

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेपी मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय हेसल अनगड़ा में दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के सचिव अमर कुमार चौधरी थे । इससे पहले मुख्य अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी प्राचार्य बृजेश कुमार एवं सभी शिक्षक शिक्षिका संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अमर कुमार चौधरी ने कहा कि आप हमारे देश और राज्य के कर्णधर है । प्राचार्य बृजेश कुमार महतो ने बच्चों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय के 96 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं । इस विद्यालय के छात्र छात्राएं राज्य स्तर पर बोर्ड परीक्षा मे टॉप करते हैं तो हमें विश्वास है कि इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम बेहतर रहेगा । बृजेश कुमार महतो ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं सभी छात्र छात्राओं को धन्यवाद दिये । इस अवसर पर विज्ञान शिक्षक सखीचंद महतो एवं एवं शिक्षक विमला देवी ने बच्चों को शुभकामनाएं दिये । संचालन विज्ञान शिक्षक बृजलाल महतो ने किया एवं शिक्षिका विणा तेरेसा तिर्की के निर्देश में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर दिलीप कुमार अरुण कुमार खेदारनाथ कुमार हरिलाल कुमार मोहन कुमार राजेंद्र कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

## सिल्ली पॉलिटेक्निक में एनुअल स्पोर्ट्स का शुभारंभ

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में शनिवार को एनुअल स्पोर्ट्स का शुभारंभ प्राचार्य समीर शर्मा ने फीता काट कर किया। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, कैरम, चैस आदि का खेलों का आयोजन किया गया है। इस तिन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सभी फाइनल मैच, पुरस्कार वितरण एवं समापन आगामी 27 फरवरी को खेला जाएगा। कॉलेज के निदेशक डॉ विष्णु व्रोतो चट्टोपाध्याय समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे होगे। प्राचार्य समीर शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा और व तंदुरुस्त भी रहेंगे। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सुपर वैल्यू डेज के दौरान अमेजन फ्रेश पर शानदार ऑफर्स के संग रंगों का उत्सव मनाएं

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यह समय होली के त्योहार के साथ रंग-बिरंगे वसंत के आगमन का स्वागत करने का है। निसंदेह, यह सबसे खुशनुमा उत्सव है जो लोगों को एक साथ लाता है और पूरे उमंग और उत्साह के साथ उनका मिलन कराता है। इस उत्सव की सबसे प्यारी बात यह है कि स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों और मिठाइयों के बिना इस उत्सव का आनंद अधूरा लगता है। गुजिया, ठंडाई, मलाई कुल्फी, मालपुआ और सेब की खीर और रोजमर्रा की पेंट्री जैसे शानदार व्यंजनों के साथ रंगों के इस उत्सव का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। अमेज़न फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कस्टमर अपनी खरीदारी की सभी जरूरतों का सामान यहां से ले सकते हैं, जिसमें ताजे फल व सब्जियां, पूजा और पार्टी के जरूरी सामान शामिल हैं । आप इनसे अपनी संपूर्ण होली पार्टी की योजना बना सकते हैं और साथ ही 45% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। शॉपिंग इवेंट 1 से 7 मार्च तक चलेगा, जिसमें आप ताजे फल, सब्जियां, घरेलू जरूरत की चीजों, हर्बल रंग, फूल, पूजा के आवश्यक सामान, स्नैक्स और पेय पदार्थ, स्टेपल और बहुत कुछ पर शानदार ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं।कस्?टमर्स दावत, फॉर्च्यून, फियामा, लक्मे, एरियल, गोदरेज, एमटीआर सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों के लिए ऑनलाइन डेस्टीनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ शानदार कीमतों और नए ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं और 4 से 7 मार्च 2023 तक न्यूनतम 2,500 रुपये के ट्रांजेक्शन पर आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10% का इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक के डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।

## बीडीओ ने की वृद्ध की मदद

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत कई महीने से बीमार चल रहे हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खस्सी टोली निवासी 79 वर्षीय खेड़िया टाना भगत के दरवाजे पर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार मसीहा बनकर पहुंचे और उनकी समस्या का समाधान किया। खेड़िया टाना भगत ने आज प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन कर वृद्धा पेंशन खाते में नहीं आने से दवाई की किल्लत की बात कही। यह सुनते ही बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार उनके आवास पर पहुंचकर उनका हाल लिया। बताया गया कि उनका पेंशन कई महीने से नहीं आ पाया है, जो उनकी की दवा एवं अन्य साधनों का सहारा है। बीडीओ ने शीघ्र ही मामले की छानबीन कर समस्या का समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि उनका पैसा एसबीआई में नहीं जाकर अब बैंक ऑफ इंडिया में जा रहा है। कई महीने की राशि एकमुश्त पाकर बूढ़े पति पत्नी ने जहां एक और सुकून की सांस ली वहीं बीडीओ को मसीहा और उम्मीदों का चिराग बताकर आशीर्वाद दिया और बेशुमार दुआओं से नवाजा।

## कृषि प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण का समापन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड सभागार खलारी में एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (कृषोन्नति योजना) अंतर्गत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया. प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में किसानों को किट प्रबंधन एवं नर्सरी प्रबंधन के बारे में बताया गया. इस कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री लेखराज नाग ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी किसान प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के द्वारा बताई गई तकनीक से खेती करें एवं अपनी आय को बढ़ाएं. प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी 30 किसानों के बीच प्रमाण पत्र एवं उद्यान विकास योजना अंतर्गत हाइब्रिड सब्जी बीज का वितरण किया गया.

## बरही वासियों को जल्द मिलेगा पानी : विधायक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड परिसर स्थित विधायक कक्ष में प्रेस वार्ता किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के बीच में कहा कि बहुत जल्द बरही वासियों का चीरपरिचित मांग पूरा होगा। बरही वासियों का जो सपना था, कि हमारे घर के नल तक तिलैया डैम जलाशय से पानी पहुंचे, यह बहुत जल्द पूरा होगा। उन्होंने बताया कि करीब 10 करोड़ की लागत से बचे हुए कार्य पूर्ण होंगे, जिनका कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा शुद्धि पत्र भी जारी कर दिया गया। जिसका टेंडर 15 मार्च को खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि मैं कोशिश करूंगा कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण हो ताकि, बरहीवासियों को पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि जब यह कार्य पूर्ण होगा तो इनसे पांच पंचायत लाभान्वित होंगे, जिसमें बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, कोनरा, बेंदगी और रसोईया धमना पंचायत शामिल है। वहीं उन्होंने कहा कि जब मैं 2009 में विधायक बना था, तो पूरे प्रमुखता के साथ 2013 में इंटेक वेल का शिलान्यास तत्कालीन पेयजल स्वच्छता मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल के मौजूदगी में किया था, यदि 2014 में चुनाव नहीं हारता, तो अब तक बरही वासियों को पानी मिल जाता। जब फिर से बरही की जनता 2009 में मुझे सेवक के रूप में जैसे ही चुना, मैं फिर से लगातार पानी चालू कराने के लिए प्रयासरत रहा और अब हमें काफी खुशी मिल रही है कि बहुत ही जल्द बरही वासियों को पानी मिल जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक के साथ प्रमुख मनोज रजक, बरही विधानसभा स्तरीय विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, करियातपुर मुखिया मनोज रविदास, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वासुदेव यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष अमित जयसवाल आदि मौजूद थे।

# सिल्ली बाजार पहुंचा हाथियों का झुंड कइ चारदिवारियों को तोड़ा, दहशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** अब तक सिल्ली आसपास के जंगलों से लगे गांवों में गजराज का आतंक था, लेकिन अब इन्होंने शहर में भी उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। जंगली हाथियों का झुंड शुक्रवार की देर रात सिल्ली बजार पहुंचा। हाथी के पहुंचने की खबर मिलते ही आसपास रहने वाले लोगो की नींद टूट गई। लोग भय के कारण अपने अपने घर के छत पर चढ़ गए। हाथीयों के शहर के गलियारों में घुमाते देख लोगों को चिंता सताने लगी। इस दरम्यान हांथीयों ने राजाटोला में कई घरों के चारदीवारी को तोड़ा जिसमें सिल्ली राजबाड़ी एवं ठाकुर बाड़ी की चारदिवारी, दिवाकर सिंह देव, संजित सिंह देव, सुधाकर सिंह देव, प्रदीप सिंह एवं ज्योति गोस्वामी के चारदिवारी शामिल है। वहीं जामटोला में परमानंद साय के खेत में लगे गोबी को भी हांथी ने रौंदा। सूचना मिलते ही वन कर्मी रात में ही सक्रिय हो गए। वन रक्षी जेपी साहू ने बताया कि 12 सदस्यीय हांथी भगाओ टीम एवं वन कर्मी शाम 7.00 बजे से ही धोवाटीकरा गांव से हाथीयों को भगा रहे थे इसी दरम्यान झुंड से अलग हो कर लगभग 16 हांथीयों का झुंड सिल्ली आ पहुंचा। जहां हमारी टीम हांथी की खोज में जुटे तथा हाथी को जंगल की ओर ले जाने का हर मुमकिन प्रयास शुरू किया गया। जो अहले सुबह तक जारी रहा। टीम हाथी को खदेड़ते हुए शनिवार को अहले सुबह तक इटीहासा जंगल पहुंचा। वहीं शनिवार को वन रक्षी जयप्रकाश साहू ने बताया कि क्षेत्र में लग भग 35 हांथी आ पहुंचे हैं। शाम होते होते ही अलग झुंड में अलग अलग इलाके में पहुंचकर नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं उन्होंने बताया बिते रात हाथियों ने सिल्ली के अलावे खपचा बेड़ा में कई घरों को नुकसान पहुंचा है तथा कोंचाजारा गांव में रामधन महतो के घर का दरवाजा तोड़कर हांथी ने सारा धान खा लिया। शनिवार सुबह विभाग कि ओर से रामधन महतो को तत्काल 10 हजार रुपए मुआवजा राशि वन रक्षी जयप्रकाश साहू ने दिया। वहीं वन रक्षी ने सिल्ली पहूंच कर हाथियों द्वारा की गई क्षति का जायजा लिया तथा लोगों को क्षति पूर्ति हेतु आवेदन जमा करने का आग्रह किया।

## राह पूजा धूमधाम से संपन्न, भगत भुवनेश्वर ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत में राह(मार्ग) पूजा का आयोजन किया गया।इस निमित भगत भुवनेश्वर पासवान कोल्हुआ कला,बरही निवासी ने बताया कि राह पूजा हम लोग धूमधाम से मनाते हैं।यह पूजा कहीं-कहीं प्रत्येक वर्ष,तो कहीं प्रत्येक 5 बर्ष या 12 वर्ष में एक बार मनाया जाता है।वहीं शिलाडीह में पासवान टोला के सहयोग से राह पूजा 3 दिन के कार्यक्रम के बाद शुक्रवार को समाप्त किया गया। पूजा में चुहरमल बाबा की पूजा करने के साथ-साथ अस्त्र शस्त्र का भी पूजा किया गया।वही भगत भुवनेश्वर ने बताया कि चुहरमल बाबा का दिल से पूजा पाठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है।पूजा में सैंकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।वहीं भगत के द्वारा आग के अंगारों पर चलकर प्रवेश करते हुए हैरत अंगेज प्रदर्शन व तलवारबाजी के साथ-साथ झंडा के ऊपर चढ़कर पूजा किया गया। इस कार्यक्रम पासवान टोला के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।वहीं पूजा समाप्ति के 1 दिन पूर्व जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।पूजा समाप्ति के दिन भंडारा कार्यक्रम का आयोजन के साथ पूजा समाप्त की गई।

# रोजगार की मांग को लेकर आरबीएम रैयत व अधिकारियों की वार्ता विफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोजगार की मांग को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले पुरनाडीह परियोजना अंतर्गत ग्रमीणों ने झोडी, बेलचा,गमला,के साथ ट्रक हैंड लोडिंग करने पहुँचे थे. रैयतों की रोजगार को लेकर लगातार पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी से मांग कर रहें है. ततपश्चात रोजगार की मांग को लेकर रैयत विस्थापित प्रभावित ग्रमीणों व एनके जीएम के पद में पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी के साथ ग्रमीणों की हक की मांग पर चर्चा किया गया. रैयत ग्रामीण व प्रबंधक के चर्चा में बताया बताया गया कि पुरनाडीह परियोजना के सक्षम पदाधिकारी छुट्टी में है. सक्षम पदाधिकारी परियोजना में चार से पांच दिन के बाद पहुँच जायेंगे. उसके बाद ग्रामीणों को रोजगार मुहैय्या करने का विचार पर चर्चा व रोजगार देने का निर्णय लिया जेयेगा. चर्चा विफल होने पर रैयतों ने पदाधिकारियों को कहा कि जब तक सक्षम पदाधिकारी नही पहुँचते तब तक रोड सेल बंद रहेगा. वही रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने एनके एरिया सीसीएल को चेताते हुये कहा कि 09 मार्च तक अगर रोजगार पुरनाडीह ग्रमीणों को नही दिया गया तो 10 मार्च को पूरे एनके एरिया में चक्का जाम कर दिया जाएगा. जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी एनके प्रबंधन की होगी. मौके पर बिगन सिंह भोगता, रँथु उराँव, बिनय खलखो, सहित बड़ी संख्या में रैयत ग्रामीण उपस्थित थे.

# प्रभु गंझू को न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जनता मज़दूर संघ का छह सूत्री माँग के समर्थन में 25 फरवरी को डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष सांकेतिक अनशन किया गया. अनशन की अध्यक्षता डकरा शाखा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रभु गंझू ने किया. अनशन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंह ने कहा कि उत्पादन माह में डकरा इकाई द्वारा धरना-अनशन करना पड़ रहा इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार है. जिस तरह एक छोटे से मुद्दे, आवास को लेकर डकरा प्रबंधन नियम विरूद्ध कार्य किया है, डकरा के कामगारों में रोष है, जिस तरह यहां के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के एक स्थानीय कर्मचारी को पात्रता रखने के बावजूद परेशान किया जा रहा है. कार्मिक अधिकारी द्वार अपमानित करने की सूचना गम्भीर है. महाप्रबन्धक से अविलम्ब हस्तक्षेप करते हुए प्रभु गंझू को न्याय दिलाने की अपील की है. अनशन में बोलते हुए संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन यादव ने डकरा प्रबंधन व सीसीएल सीकेएस यूनियन पर स्थानीय निवासी ० डकरा के डम्फर ऑपरेटर प्रभु गंझू को बी/191 डकरा का आवास नहीं देने हेतु प्रबंधन पर षड्यंत्र के तहत अनुचित दबाव बनाने का आरोप लगाया, ताकि किसी तरह श्री गंझू को आवास नहीं मिल सके. अनशन को संबोधित करने वालों में डी पी सिंह, टुपा महतो, प्रताप यादव, घाशी बाई सतनामी, फैज असर, राजेंद्र भुइयां, पुनिराम सतनामी, चंद्रभूषण सिंह,अजय चौहान, बिरेन पासवान, बिरजू महतो, ओमप्रकाश शर्मा, आकाश कुमार, आदि सैकड़ो की संख्या में डकरा के कामगार अनशन में उपस्थित रहें.

# आईएचएम रांची से अब जेएनयू की डिग्री उपलब्ध होगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार का एक स्वायत उपक्रम के अंतर्गत पढ़ाये जा रहे होटल मैनेजमेंट में विभिन्न प्रकार के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में डिग्री प्रदान करने हेतु जवाहर लाल नेहरू विश्विद्यालय (जेएनयू) एवं नेशनल कौंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ7 इस दौरान श्री जी किशन रेड्डी, पर्यटन मंत्री, भारत सरकार, श्री अरविन्द सिंह, पर्यटन सचिव, भारत सरकार, प्रोफ. शांतिश्री पंडित, कुलपति, जेएनयू, श्री ज्ञान भूषण,आई ई एस, सीईओ, एनसीएचएमसीटी, प्रोफ. सतीश गारकोटि, रेक्टर, जेएनयू एंड प्रोफ. रविकेश, रजिस्ट्रार, जेएनयू, श्री एल के गांगुली, निदेशक, एनसीएचएमसीटी, डॉ. भूपेश कुमार, प्राचार्य, आईएचएम राँची एवं एनसीएमसीटी के अन्य अधिकारी, आईएचएम के प्राचार्य और संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें7 इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से एनसीएचएमसीटी के सारे स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस में छात्रों को एनसीएचएम द्वारा जेएनयू से मान्यता प्राप्त डिग्री प्रदान की जाएगी, जो छात्रों को देश-विदेश में बेहतर शिक्षा के साथ साथ छात्रों को छात्रवृति एवं शिक्षा ऋण में सहूलियत देगा7 यह समझौता शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगा तथा जो छात्र इस वर्ष स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकन लेंगे उनको जेएनयू से मान्यता प्राप्त डिग्री प्राप्त होगी 7 इस कोर्स में नामांकन के लिए एनसीएचएम 2023 का नोटिफिकेशन एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा अधिसूचित किया जा चूका है, जिसमें पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2023 एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 14 मई रांची ने इस समझौता ज्ञापन की प्रशंसा करते हुए बताया की यह बड़े ही गर्व का पल है की अब झारखण्ड के छात्रों को जेएनयू जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से डिग्री के लिए राज्य से बहार नहीं जाना पड़ेगा ।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत, शव बरामद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना टू बरवाडीह रेल खण्ड मैक्लुस्कीगंज बॉर्डर के चट्टीनदी पुल संख्या 133 में अज्ञात व्यक्ति ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज के सीमांत के (चँदवा थाना क्षेत्र) डाउन मेन लाइन में चट्टीनदी पुल, पोल संख्या 165/14 व 16 के बीच मे अज्ञात व्यक्ति लगभग (उम्र 50) का शव पुल में कटा हुआ पाया गया. अज्ञात व्यक्ति की पहचान स्थानीय ग्रामीणों से भी कराया गया,परन्तु पहचाना नही गया. व्यक्ति का आधा माथा रेल से टक गया,व एक पैर भी कटा हुआ पाया गया. घटना लगभग सुबह के 7 बजे की बतायी जाती है. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस फोर्स घटना स्थल पर पहुँच कर जांच पड़ताल कर रेल लाईन से शव को उठाकर सम्बंधित थाना को सूचना किया गया. वही घटना की जानकारी मैक्लुस्कीगंज थाना को मिली तो दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर जांच किया,तो पाया कि घटना चँदवा थाना क्षेत्र का है. अज्ञात व्यक्ति ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो जाने के बाद ट्रेनों का रफ्तार थम गया. उसके बाद रेलवे पुलिस ने एक घण्टा के बाद रेल लाइन से शव को हटाया उसके बाद ट्रेनों का अवगम चालू किया गया.

# संयुक्त पड़हा उलगुलान मंच नेतृत्व में जमीन बचाओ जनसभा का आयोजन




**खूंटी :** कर्रा प्रखंड मुख्यालय स्थित मिशन मोड़ बगीचा में शनिवार को संयुक्त पड़हा उलगुलान मंच के तत्वावधान जमीन बचाओ जनसभा का आयोजन किया गया. जमीन बचाओ जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि जेएमएम विधायक लोबिन हेम्ब्रोम उपस्थित रहे. जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक लोबिन हेम्ब्रोम ने कहा कि आदिवासियों का अस्तित्व जमीन से है और जमीन है तो आदिवासी हैं. रांची और आसपास के क्षेत्र सबसे ज्यादा आदिवासी जमीन का लूट हो रहा है हम लोगों ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ी झारखंड तो अलग हुआ मगर झारखंड से बिहार अलग नहीं हो पाया. हेमंत सोरेन ने कहा था हमारी सरकार बनती है तो 6 महीने के अंदर पांच हजार लोगों को नियोजन नीति के तहत नौकरी दिया जाएगा. मगर शर्म की बात है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने एक भी लोगों को नौकरी नहीं दिला पाई हेमंत सरकार जनता के साथ वादा खिलाफी कर रही है जो सरासर गलत है जिसके प्रति मैं आवाज उठाता रहूंगा. वही आदिवासियों की जमीन बेचे जाने पर सरकार को तंज करते हुए सीएनटी एसपीटी एक्ट पेशा कानून को ताख में रखकर आदिवासियों की जमीन हड़पने का काम किया जा रहा है लेकिन सरकार आदिवासियों के हक और अधिकार के प्रति बेपरवाह होकर तमाशा देख रही है यहां अफसर शाही चरम पर है सादे पेपर पर आदिवासियों की जमीनों का हस्तांतरण हो जा रहा है ।

## भाजपा ने कमलेश राम का जन सहयोग किया

**ओरमांझी :** शनिवार को कमलेश राम फाउंडेशन के सदस्यों ने हीरालाल महतो के नेतृत्व में उरुगुटू गांव के गहनू मोढ़ निवासी बंशी महतो के घर पंहुचे। दस दिन पूर्व बंशी महतो की पचास वर्षीय पत्नी का गंभीर बीमारी से मौत हो गया था, और परिवार अंत्यत गरीब होने के कारण श्राद्धकर्म नहीं कर पा रहे थे। जैसे ही इसकी सूचना भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम को मिली उन्होंने तुरंत यह सूचना फाउंडेशन के उरुगुटू क्षेत्र के वरिष्ठ सदस्यों को दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि-पत्र**

इस प्रमण्डल द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/14/2022-23/RE-1 में वर्णित सभी कार्य जिसका PR290598 (Rural Development) 22-23*D द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2023 के स्थान पर 01.03.2023 तथा निविदा खोलने की तिथि 01.03.2023 के स्थान पर 02.03.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.291281 Rural Development(22-23):D



**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301**
Email Id&dsehazaribagh4@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

**जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचनाः–**

विभागीय संकल्प संख्या–2093, दिनांक–06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना संख्या–1556, दिनांक–08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal के वेबसाईट teachertransfer.jharkhand.gov.in में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित किया गया है तथा संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की गयी है। सभी संबंधित शिक्षक उपरोक्त वेबसाईट से डाटा को डाउनलोड करके अपने विवरण का मिलान करते हुए किसी प्रकार के त्रुटि रहने की स्थिति में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित दिनांक–11.03.2023 तक विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये Email ID–teachertransferhazaribagh@gmail.com में भेज सकते है। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सभी संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाशित सूची में से अपने विद्यालय की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा संबंधित सूची की जांच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो दिये गये ईमेल के माध्यम से ऑनलाईन निर्धारित अवधि के अंदर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन ईमेल के माध्यम से दिया जा सकता है।

| क्र. | आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखंड | प्रकाशित सूची में क्रम संख्या | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण, साक्ष्य सहित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर प्रभारी प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 291245 (School Education and Literacy) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–**DWSD/KH-19/2022-23(1st Call), Dt.- 16.02.2023 P.R.No.–290526 Drinking Water & Sanitation (22-23)D** के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (**Name of Work-Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Rania, Khunti-(R), Murhu and Karra Block under J.J.M**) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 22.02.2023/05.00 PM | 01.03.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 01.03.2023/05.00 PM | 09.03.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 02.03.2023/05.00 PM | 10.03.2023/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 03.03.2023/11.00 AM | 11.03.2023/11.00 AM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR 291275 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## एल्टीग्रीन ने टाटा-कांड्रा रोड़ में खोला अपना पहला रीटेल एक्सपीरिएंस सेंटर




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में कमर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माता एल्टीग्रीन ने टाटा-कांड्रा मेन रोड़ गम्हरिया में अपने नए रीटेल एक्सपीरिएंस सेंटर का उद्घाटन किया। यह भारत में कंपनी का 20वां रीटेल डीलरशिप है, इससे पहले कंपनी मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और बैंगलोर जैसे महानगरों में अपना स्टोर खोल चुकी है। एल्टीग्रीन ने इस साझेदारी के लिए जमशेदपुर की सर्वश्रेष्ठ डीलरशिप-स्वास्तिक सेल्स को चुना है। स्वास्तिक ने लोगों के सपने साकार करने के सरल कॉर्पोरेट दृष्टिकोण के साथ 5 साल पहले अपनी शुरूआत की। गम्हरिया में एल्टीग्रीन रीटेल एक्सपीरिएंस स्टोर का उद्घाटन झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता, एल्टीग्रीन प्रोपल्ज़न लैब्स के सीईओ डॉ अमिताभ सरन और स्वास्तिक सेल्स की मैनेजिगं डायरेक्टर रश्मि चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, कुणाल षाड़गी, पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, विश्व चौंपियन मुक्केबाज अरुणा मिश्रा, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिह, समाजसेवी बंटी सिंह समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शरिवार को टाटा वर्कर्स उच्च विद्यालय कदमा जमशेदपुर में विधायक प्रतिनिधि से विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कुल सात विद्यालय; जमशेदपुर उच्च विद्यालय बिष्टुपुर, उत्क्रमित प्लस टू जमशेदपुर बालिका उच्च विद्यालय साकची, सरदार माधव सिंह उच्च विद्यालय बिस्टुपुर, मिथिला उच्च विद्यालय सोनारी, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय टाटा वर्कर्स यूनियन उच्च विद्यालय कदमा, राजस्थान उच्च विद्यालय साकची, कबीरिया उर्दू उच्च विद्यालय धातकीडीह के प्रधानाध्यापक प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनकी आवश्यकताओं से संबंधित सभी विद्यालयों से ज्ञापन मांगा गया। निर्देश दिया गया की विद्यालय कोई भी निर्णय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व की बैठक के बाद ही लेगा । सभी विद्यालयों ने अपनी-अपनी मांगो को भी लिखित रूप में विधायक प्रतिनिधि को समर्पित किया। बैठक में विधायक बन्ना गुप्ता के शिक्षा प्रतिनिधि अर्जुन सिंह , मनोज झा, सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, क्षेत्रीय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जमशेदपुर वन अनीता सिंह तथा जमशेदपुर टू से बीआरपी विनोद कुमार उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय एथलीट मीट पदक विजेता विद्या ज्योति विद्यालय छात्रा राधा व रानी सम्मानित



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहाय योजना के तहत विगत 22 से 24 जनवरी को आयोजित प्रखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित विद्या ज्योति विद्यालय की छात्रा राधा कुमारी तथा रानी कुमारी ने स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ गवर्नमेंट झारखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलीट मीट में स्वर्ण व कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। शनिवार को गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में एक समारोह आयोजित कर दोनों पदक प्राप्त छात्राओं को बीडीओ मारुति मिंज तथा सीओ मनोज कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्रा राधा कुमारी को दस हजार व कांस्य पदक प्राप्त करने वाली रानी कुमारी को पांच हजार रुपए का चेक और सम्मान पत्र प्रदान किया। उन्होंने दोनों छात्राओं के कुशल भविष्य की कामना भी किया। इस मौके पर महिला प्रसार पदाधिकारी विमोला तिर्की, खेल प्रशिक्षक करमू मण्डल समेत प्रखंड के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## एन आई एक्ट से सम्बंधित वादों को लेकर विशेष मध्यस्थता अभियान

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के निर्देशानुसार विगत 20 फरवरी 2022 से 24 फरवरी 2022 तक एन आई एक्ट से संबंधित वादों को लेकर डालसा द्वारा विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया गया। जहां 6 एन आई एक्ट से संबंधित मध्यस्थता सफल रहा और इतने ही मामलों का निष्पादन संबंधित न्यायालय के द्वारा किया गया। इसमें करीब 13,19,000 रुपए का आपसी समझौता के आधार पर निपटारा हुआ। साथ ही आज हुए फरवरी माह के मासिक लोक अदालत में एक्साइज, एमवी एक्ट, बिजली से संबंधित 16 मामलों का निष्पादन किया गया और इसमें करीब 47,700 रुपए की प्राप्ति हुई।

## करीम सिटी कॉलेज में डॉ सफीउल्लाह व ठाकुर जी को समारोहपूर्वक दी गई विदाई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के प्राध्यापक तथा हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सफीउल्लाह अंसारी तथा महाविद्यालय के केयरटेकर आर के ठाकुर के लिए विदाई समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसमें समस्त कॉलेज परिवार उपस्थित रहा। सभा की अध्यक्षता करीम्स ट्रस्ट के सचिव डॉ मोहम्मद जकरिया ने की। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ अनवर शहाब ने स्वागत भाषण किया। डॉ अनवर शहाब के अलावा सभा को शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज, सचिव माजिद असलम, हिंदी के वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ एस सी गुप्ता, कला संकाय के इंचार्ज डॉ इंद्रसेन सिंह, विज्ञान के इंचार्ज डॉ आफताब आलम खान, परीक्षा नियंत्रक डॉ बी एन त्रिपाठी तथा हिंदी की प्राध्यापिका डॉ संध्या सिन्हा ने भी सभा को संबोधित किया और सेवानिवृत्त हुए अपने साथियों के साथ बिताए हुए समय को याद किया। प्राचार्य डॉ मो रेयाज ने कहा, डॉ अंसारी एक ऐसे प्राध्यापक रहे जिन को पूरा समाज ही नहीं बल्कि सभी सरकारी अधिकारी भी पहचानते हैं और उनका सम्मान करते हैं।

### रोजगार मेला का मंत्री चंपई सोरेन ने किया उद्घाटन

# रोजगार मेले में 2100 का रजिस्ट्रेशन, 1118 आवेदन हुए शॉर्टलिस्ट व 118 आवेदनों को अंतिम नियुक्ति के रुप में किया गया चयनित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर सरायकेला खरसावां में शनिवार को आयोजित रोजगार मेला का उद्घाटन राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, झामुमो जिला अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष डॉ शिवेंदु महतो एवं उपायुक्त अरवा राजकमल सहित अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मेला में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों द्वारा लगभग 25 स्टाल लगाए गए थे। जानकारी अनुसार अपराह्न चार बजे तक 2100 रजिस्ट्रेशन हुए, पंजीकृत आवेदनों में 1118 आवेदन शॉर्टलिस्ट किया गया तथा 118 आवेदनों को अंतिम नियुक्ति के रूप में चयनित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री चंपई सोरेन ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी सरकार प्राथमिकता के आधार पर यहां के स्थानीय आदिवासी एवं मूलवासियों को रोजगार से जोड़ने को लेकर कृत संकल्पित है। सरकार की विभिन्न उपलब्धियों से अवगत कराते हुए कहा सरकार गांव- गांव पंचायत- पंचायत शिविर लगाकर एक ओर जहां जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ रही है। दूसरी तरफ युवाओं के हाथों में रोजगार देकर उनका जीवन सुखमय बनाने का



काम कर रही है। स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने हेतु निजी कंपनियों द्वारा सरकार को किए जा रहे सहयोग की उन्होंने सराहना की। सरकार के नियोजन नीति नियमावली के आधार पर 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार युवाओं की नियुक्ति का पहल किया जा रहा है। विभिन्न पदों हेतु चयनित 18 युवक-युवतियों को मंत्री चंपई सोरेन ने नियुक्ति पत्र वितरण कर उन्हें नए जीवन के शुभारम्भ की शुभकामना दी। इससे पूर्व कार्यक्रम को उपायुक्त अरवा राजकमल ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। उपायुक्त ने कहा रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय बेरोजगार युवाओं को स्थानीय निजी क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति दिलाना इस रोजगार मेला का मुख्य उद्देश्य है। रोजगार मेला में आए किशोर किशोरियों को आगे आकर विभिन्न स्टॉल पर निरीक्षण कर अपने योग्य पद के लिए आवेदन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व में सभी निजी संस्थापकों के साथ बैठक कर सरकार के नियोजन नीति नियमावली से अवगत कराया गया है। आने वाले दिनों सभी निजी संस्था से रिपोर्ट मांगी जाएगी कि किस संस्थान में नियमावली के अनुपालन कर रिक्त पदों पर नियुक्ति की गई है। जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा विधायक दशरथ गागराई एवं बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इसी क्रम मंत्री चंपई सोरेन ने कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। ये योजनायें लघु सिंचाई विभाग से 38, कल्याण विभाग से 13 और वन विभाग की एक योजना है। इस अवसर पर खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोना राम बोदरा, उपायुक्त अरवा राजकमल, वन प्रमंडल पदाधिकारी आदित्य नारायण, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला नियोजनालय पदाधिकारी रबि कुमार, झामुमो जिला अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष डॉ शिवेंदु महतो एवं विधायक प्रतिनिधि सरायकेला सनद कुमार अचार्य सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## अनूप मिश्रा बने फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी में झारखंड के पहले सर्टिफाइड ट्रेनर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया निवासी फोटोग्राफर अनूप मिश्रा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में रूडसेटी के पहले सर्टिफाइड प्रशिक्षक बनाए गए हैं। इस बावत उन्हें रूडसेटी द्वारा प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। विदित है कि अनूप मिश्रा ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबद्ध रूरल सेल्फ इम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आरसेटी) से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के बाद हुई परीक्षा में उन्हें सफलता मिली है और उन्हें ग्रेड-2 हासिल हुआ है। खास बात यह है कि अनूप यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले झारखंड के पहले सर्टिफाइड डीएसटी ट्रेनर बन गए हैं।

### प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023

## एड एजेंसी इलेवन ने मीडिया इलेवन को 10 रनों से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वकील उद्दीन के घातक गेंदबाजी और श्रीनिवास के बेहतरीन कीपिंग के बदौलत एड एजेंसी इलेवन ने प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वाधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मुकाबले में मीडिया इलेवन को 10 रनों से हरा दिया। आज बिष्टुपुर आर्मरी ग्राउंड में खेले गए मैच में एड एजेंसी इलेवन के कप्तान अभिजीत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एड एजेंसी इलेवन ने 10 ओवर में 2 विकेट पर 53 रन




बनाए। जिसमे अभिजीत ने 9 रन, राशिद ने 11 रन, विकास ने 5 रन और सुमित ने 2 चौके की मदद से सबसे ज्यादा 13 रन का योगदान दिया। मीडिया इलेवन के राजेश और श्रीनिवास ने 1-1 विकेट लिए। दूसरे पारी में उतरी मीडिया इलेवन ने जीत का लक्ष्य 54 रन का पीछा करते हुए 7 विकेट पर मात्र 43 रन ही बना पाई और मैच 10 रन से हार गई। एड एजेंसी इलेवन के गेंदबाज वकील उद्दीन के घातक गेंदबाजी और अभिजीत के सटीक गेंदबाजी के सामने विपक्षी टीम के कोई भी बल्लेबाज टीक नहीं सके। प्रमोद ने 9 रन, राजेश ने 11 रन और प्रियरंजन ने 8 रन बनाए। एड एजेंसी इलेवन के वकील उद्दीन ने 3/15 विकेट, अभिजीत 2/11 विकेट और धर्मवीर ने एक विकेट लिए और श्रीनिवास ने बेहतरीन कीपिंग का प्रर्दशन करते हुए 5 कैच लपके।

## बोलोरो गाड़ी ने युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** कांड्रा के पिन्ड्राबेड़ा समीप अज्ञात बोलोरो गाड़ी ने सर्विस रोड पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलोरो गाड़ी कांड्रा से गम्हरिया की ओर जा रही थी, तभी मुर्शिदाबाद निवासी सतिकुर मीर अपने दोस्त के साथ पिन्ड्राबेड़ा सर्विस रोड से मेन सड़क पार कर रहा था। टक्कर से सतिकुर मीर कुछ दूरी पे जा गिरा।घायल को देख राहगीरों ने जेआरडीसीएल एंबुलेंस को सूचना दी .सूचना पाकर पहुंचे डा पारा मेडिकल के प्रियरंजन महतो की देखरेख में बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर टीएमएच अस्पताल ले जाया गया।


## रुद्रप्रताप ने शालगाडीह फुटबाल मैदान दो दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के शालगाडीह फुटबाल मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के अनुज रुद्रप्रताप महतो ने किया। इस दौरान मांराग बुरु मार्शल गाँव की दस वर्ष खेल पूरा होने पर कमिटी के नाम केक काटकर सभी खेल प्रेमियों को शुभकामना भी दिया। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 1.55 लाख, द्वितीय पुरस्कार1.10 लाख एवं तृतीय व चतुर्थ साठ- साठ हजार है। उद्घाटन का पहला मैच एसी ब्लेक टेल्को बनाम टी.डी के बीच खेला गया। इस मौके पर रुद्रप्रताप महतो ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट में 16 टीम ने भाग लिया है। इस अवसर पर आजसू के प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, कमिटी के अध्यक्ष सुषेण मार्डी, मुखिया प्रतिनिधि शत्रुघन सिंह सरदार, भूषण महतो ,कृपाकर महतो,मनोज मार्डी ,दाराय बुरु हांसदा,सहित खेलप्रेमी मौजूद थे।

## टाटा एआईए की फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम योजना शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम योजना शुरू की है। यह एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, गारंटीड बचत योजना है। इस योजना में निवेश के पहले महीने से ही नियमित गारंटीड आय के साथ जीवन बीमा कवर भी दिया जाता है। इस योजना में कई लाभ शामिल हैं जैसे- निवेश के पहले ही महीने से गारंटीड आय, अर्जित आय पर ब्याज पाने के लिए एक अनूठी सब-वॉलेट सुविधा के ज़रिए लॉयल्टी एडिशन्स, निवेशक के जीवन के खास दिनों पर (जैसे सालगिरह, जन्मदिन) पेआउट की तारीख चुन जा सकती है। महिला निवेशकों के लिए पॉलिसी में विशेष 2 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। इस संबंध में टाटा एआईए के अध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी, उत्पाद प्रमुख समित उपाध्याय ने कहा कि आज हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं ।

## सड़क सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने प्रोजेक्टर से लोगों को किया जागरुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई थाना परिसर में थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने सड़क सुरक्षा पर प्रोजेक्टर के माध्यम से आमजनों व जनप्रतिनिधियों को सड़क सुरक्षा यातायात के प्रति जागरूक किया। इस दौरान? थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा के बारे में कहा पिछले कुछ वर्षो में देखने को मिला है सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालकों की अधिकांश मौते सिर पर गंभीर चोट लगने से हुई हैं और जिसका मुख्य कारण हेलमेट है। इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय सबसे



पहले सावधानी हेलमेट लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नशे के धूत में वाहन चलाना मौत को बुलाना पड़ सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नही करना चाहिए। ओवर स्पीट,हादसों का कारण बनती है। उन्होंने यह अपील भी कि सड़क दुर्घटना की शिकार लोगों की हर संभव मदद करना हम सभी का दायित्व है। मौके पर मुखिया करम सिंह मुंडा सांसद प्रतिनिधि लखीराम मुंडा पूर्व मुखिया मानसिंह मुंडा विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा लखीराम मुंडा धीरज प्रधान वृंदावन मुंडा आदि थे।

## बाघरा में बिना रोलिंग के ही पीसीसी ढलाई का आरोप, प्रमुख ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत बोड़ाम प्रखंड के डिमुडीह मोड़ से बाघरा दुर्गा मंदिर होते हुए पहाड़पुर मुख्य पथ तक निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्राम प्रधान नरेश सिंह की सूचना पर शनिवार को निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची बोड़ाम प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह ने इस मामले में जांच कराने हेतु जिले के उपायुक्त से शिकायत करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। निरीक्षण के उपरांत प्रमुख ने बताया कि बोल्डर बिछाने के बाद पीसीसी ढलाई एवं कालीकरण के पूर्व ठेकेदार द्वारा रोलर नहीं चलाया गया है। इसमें प्रयुक्त गिट्टी घटिया किस्म का प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि मजदूरों की शिकायत है कि उन्हें न्यूनतम मजदूरी दर से काफी कम 250 रुपये मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। इसका विरोध करने



पर ठेकेदार द्वारा काम नहीं कराने की धमकी दी जाती है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, ग्राम प्रधान नरेश सिंह व समाजसेवी चंद्रमोहन महतो आदि मौजूद थे। इस संबंध में जेई शिशिर कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य में किसी तरह की कोई अनियमितता नहीं है बल्कि आज वे खुद दोपहर करीब 1 बजे कार्यस्थल पर पहुंचे थे और ढलाई में पानी डालने के लिए मजदूर पुआल बिछा रहे थे।

## चांडिल वासियों को धूल की समस्या से निजात दिलाने के लिए 24 घंटे होगा जल छिड़काव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के चिंगड़ीडीह धर्मकांटा के समीप हाइवा ऑनर एसोसिएशन के द्वारा आयोजित बैठक में धूल से मुक्ति दिलाने हेतु सर्वसम्मति बनी। चांडिल हाइवा ऑनर एसोसिएशन चांडिल स्टेशन से पितकी रेलवे फाटक के आस पास के ग्रामीण तथा एनएच 32 के राहगीरों को धुल से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से पितकी रेलवे फाटक के समीप चिंगड़ीडीह स्थित धर्मकांटा से लेकर चांडिल रेलवे यार्ड तक बारह महीने सड़क पर चौबीस घंटे पानी का




छिड़काव करने का निर्णय लिया। प्रथम चरण में सड़क के किनारे पाइप लाइन बिछाने के पश्चात तीस जगहों पर प्वाइंट निर्माण कर स्प्रींकल के माध्यम से चिंगड़ीडीह धर्मकांटा से पितकी फाटक तक पानी का छिड़काव किया जायेगा। वहीं दूसरे चरण में पितकी से लेकर चांडिल स्टेशन के यार्ड परिसर तक चालीस प्वाइंट का निर्माण कर नियमित रूप से पानी का छिड़काव की व्यवस्था किया जायेगा। जिसका आज पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। जब तक यह व्यवस्था शुरु नहीं होती तब तक बीस बीस हजार लीटर क्षमता वाली दो पानी टैंकर की माध्यम से पानी का छिड़काव किया जायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजु दत्ता ने कहा कि पुराने सड़क का जीर्णोद्धार नहीं करने के कारण वाहनों की आवागमन से धूल उड़ रही है। जिसे अंकुश लगाने के लिए एसोसिएशन नियमित रूप से पाइप लाइन से जल छिड़काव शुरू किया गया।

## सर्किट हाउस में एकदिवसीय मीडिया शूटिंग चैंपियनशिप आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में 26 फरवरी को जमशेदपुर राइफल क्लब परिसर सर्किट हाउस में एकदिवसीय मीडिया शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के सदस्यगण हिस्सा ले सकते हैं यह प्रतियोगिता निःशुल्क है। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता 26 फरवरी रविवार को प्रातः 9:30 बजे शुरू होगी। इच्छुक प्रतिभागी 9:00 बजे से पहले जमशेदपुर राइफल क्लब पहुंचकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने पत्रकारों के तनाव को कम करने के लिए अलग-अलग खेलो के आयोजन का फैसला किया है। हाल ही में 10 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 300 से भी अधिक मीडिया कर्मियों ने हिस्सा लिया था। इसी कड़ी में एकदिवसीय गोल्फ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें यहां के मीडिया कर्मियों ने जमकर हिस्सा लिया था। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जमशेदपुर राइफल क्लब के सहयोग से एक दिवसीय मीडिया शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

## संपादकीय

## नेता जी, जुबान संभाल के...

**कांग्रेस** प्रवक्ता पवन खेड़ा को दिल्ली हवाई अड्डे पर अत्यंत नाटकीय ढंग से गिरफ्तार किया गया, उनकी ट्रांजिट रिमांड के लिए द्वारका कोर्ट में पेश भी किया गया, लेकिन उसी दौरान सर्वोच्च अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत भी दे दी। संदर्भ प्रधानमंत्री मोदी के दिवंगत पिता का गलत नाम लेकर अपमान करने का था। असम पुलिस पवन खेड़ा को गिरफ्तार करने दिल्ली तक आई थी। बड़े नाटकीय ढंग से खेड़ा को विमान से उतारा गया। फिर गिरफ्तारी की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता हवाई अड्डे के रन-वे के करीब ही धरने पर बैठ गए। बहरहाल अभी यह बवंडर थमा नहीं है, क्योंकि बदजुबानी और अमर्यादित भाषा का प्रयोग हमारी राजनीतिक संस्कृति बन चुके हैं। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में दिलचस्प और सवालिया यह रहा कि सर्वोच्च अदालत ने कुछ ही मिनटों में खेड़ा का केस सुन भी लिया और उन्हें जमानत भी दे दी। शीर्ष अदालत में ही 69,000 से अधिक मामले अब भी लंबित हैं। देश की विभिन्न अदालतों में कुल करीब 7 करोड़ मामले आज भी विचाराधीन हैं। अदालतों में चप्पलें घिसते न जाने कितनी उम्रें गुजर जाती हैं और अंतिम सांस तक इंसाफ नहीं मिल पाता। यकीनन यह सिर्फ अदालतों पर ही सवाल नहीं है, हमारी पूरी व्यवस्था ही छिद्र वाली है, जिसमें से 'न्याय' टपकता रहता है। पवन खेड़ा बेहद भाग्यशाली और अतिविशिष्ट नागरिक साबित हुए कि कुछ ही मिनटों में उनकी स्वतंत्रता की रक्षा हो गई। देश के आम नागरिक की कौन सुनता है! शीर्ष अदालत ने जोशीमठ शहर के घरों में दरारें और उनके ढहने की आशंकाओं का मामला सुनने से इंकार कर दिया था और उन्हें निचली अदालत में जाने के निर्देश दे दिए थे। बहरहाल खेड़ा को राहत न्यायिक पीठ की चेतावनी के साथ मिली है। उन्होंने जो भी बयानबाजी की थी, वह जुबान फिसलने का केस नहीं था, क्योंकि उनके चेहरे के हाव-भाव व्यंग्यात्मक थे, लिहाजा उनकी मंशा भी समझ में आती है। खेड़ा ने ऐसी बदजुबानी की थी कि उनके वकील एवं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत के सामने उन शब्दों को दोहराना भी नैतिक नहीं समझा। न्यायाधीशों ने ऑडियो सुना और मामला समझा। खेड़ा के वकील ने अदालत को इतना आश्वस्त जरूर किया कि उनके मुवक्किल ने पहले भी माफी मांग ली है और अब भी बिना शर्त माफी मांगने को तैयार हैं। वकील ने यह जरूर कहा कि ऐसे शब्द बोले नहीं जाने चाहिए थे। अदालत ने खेड़ा को चेतावनी दी कि बयानबाजी और बातचीत स्तर की होनी चाहिए। शीर्ष अदालत की यह चेतावनी हमारी समूची राजनीतिक बिरादरी के लिए भी है-'नेताओ! जरा जुबान संभाल कर बोलें!' खेड़ा की रिहाई के बाद ही यह चेतावनी काफूर होती लगी, क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने ही सर्वोच्च अदालत के आदेश को सरकार पर 'करारा तमाचा' करार दिया। उनके बाद पार्टी प्रवक्ता टीवी चैनलों पर बदजुबानी की हदें पार करते दिखाई दिए। दांत पीस-पीस कर दलीलें देते रहे कि मोदी ने नेहरू-गांधी परिवार के बारे में इतने आपत्तिजनक शब्द कहे हैं, लेकिन उन पर तो कोई केस दर्ज नहीं किया गया। यहां तक कि संसद में भी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन उन पर कभी आक्षेप नहीं। बहरहाल मौजूदा संदर्भ में कांग्रेस के अधिकृत ट्विटर हैंडल से भीड़ का एक नारा जारी किया गया है-'मोदी तेरी कब्र खुदेगी।' सवाल है कि क्या विरोध की राजनीति को 'बदजुबानी' का कोई लाइसेंस मिला है? अब सुप्रीम कोर्ट क्या कहेगी और क्या कार्रवाई कर सकती है? कांग्रेस में प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमला करने वाले नेता तो पुरस्कृत होते हैं। अब पवन खेड़ा भी बड़े नेता बनाए जा सकते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता तो सार्वजनिक मीडिया पर प्रधानमंत्री को 'सीरियल ऑफेंडर' (क्रमिक हत्यारा) तक कह रहे हैं। उनकी जुबान कौन बंद करवा सकता है? हमारे देश में एक नेता दूसरे नेता को अकसर नीचा दिखाते हुए गाली-गलौज में लगा रहता है। ऐसा लगता है जैसे इसके सिवा कोई मुद्दा ही नहीं है। जनता से जुड़े मसले हल किए जाने चाहिए।


देश की विभिन्न अदालतों में कुल करीब 7 करोड़ मामले आज भी विचाराधीन हैं। अदालतों में चप्पलें घिसते न जाने कितनी उम्रें गुजर जाती हैं और अंतिम सांस तक इंसाफ नहीं मिल पाता। यकीनन यह सिर्फ अदालतों पर ही सवाल नहीं है, हमारी पूरी व्यवस्था ही छिद्र वाली है, जिसमें से 'न्याय' टपकता रहता है। पवन खेड़ा बेहद भाग्यशाली और अतिविशिष्ट नागरिक साबित हुए कि कुछ ही मिनटों में उनकी स्वतंत्रता की रक्षा हो गई। देश के आम नागरिक की कौन सुनता है! शीर्ष अदालत ने जोशीमठ शहर के घरों में दरारें और उनके ढहने की आशंकाओं का मामला सुनने से इंकार कर दिया था और उन्हें निचली अदालत में जाने के निर्देश दे दिए थे। बहरहाल खेड़ा को राहत न्यायिक पीठ की चेतावनी के साथ मिली है। उन्होंने जो भी बयानबाजी की थी, वह जुबान फिसलने का केस नहीं था, क्योंकि उनके चेहरे के हाव-भाव व्यंग्यात्मक थे, लिहाजा उनकी मंशा भी समझ में आती है। खेड़ा ने ऐसी बदजुबानी की थी कि उनके वकील एवं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत के सामने उन शब्दों को दोहराना भी नैतिक नहीं समझा।


## विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है

# मुफ्त की बजाय गरीबों का आर्थिक स्वावलम्बन जरूरी

ललित गर्ग


भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा भकी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती हुई खाई का सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है।


**आजादी** के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय। भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती हुई खाई का



सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है। लेकिन मोदी सरकार बिना शोर-शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत के लिये संघ प्रयासरत है। संघ के प्रयासों से भी गरीबी दूर करने के लिये सकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। भारत के गरीब बढ़ती महंगाई के कारण अधिक परेशानी झेलते हैं। भारत में मुद्रास्फीति दर पिछले दस महीनों से केंद्रीय रिजर्व बैंक के ऊपरी सहनशीलता स्तर (6 प्रतिशत) से अधिक रही है। वैश्विक बाजारों में राजनीतिक एवं कोरोना महामारी से आई उथल-पुथल और उससे आपूर्ति श्रृंखला में आए व्यवधान इसका प्रमुख कारण हैं। बढ़ती महंगाई से मध्यमवर्गीय परिवारों की पूंजी में गिरावट आई है, जिससे यह वर्ग गरीबी के चपेट में आया है तथा गरीब वर्ग और गरीब हुआ है। बढ़ती बेरोजगारी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। वैश्विक महामारी के बाद सबसे अधिक बेरोजगारी असंगठित क्षेत्र में फैली है, क्योंकि इस क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रहते हैं और उन पर श्रम कानून लागू नहीं होते। इस श्रेणी में, प्रधानतः छोटे व लघु उद्योग आते हैं। जाहिर है कि इन परिस्थितियों में महंगाई एवं बेरोजगारी के समाधान गरीबी उन्मूलन में मील का पत्थर हो सकते हैं। महंगाई का समाधान एक ज्वलंत मुद्दा है, मौद्रिक मोर्चे पर केंद्रीय रिजर्व बैंक के प्रयासों के अतिरिक्त केंद्र व राज्य सरकारों से और अधिक प्रयास अपेक्षित हैं जैसे उत्पादन शुल्क, वैट आदि करों में कटौती, आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर रोक, आयात में सीमा शुल्क कटौती द्वारा सरलीकरण, बड़े औद्योगिक एवं व्यापारिक घराने की बजाय निचले स्तर पर व्यापार एवं उद्यम को प्रोत्साहन इत्यादि। इससे गरीब की जमा-पूंजी व आय सुरक्षित होगी और उसके गरीबी रेखा से बाहर आने का रास्ता तैयार होगा। जापान एवं चीन जैसे देशों की तरह भारत के हर नागरिक को उत्पाद एवं उद्यम से जोड़ना होगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाओं का लाभ अधिकाधिक युवाओं एवं गरीब तबके तक पहुंचे। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए सघन प्रौद्योगिकीकरण को अपनाया जाए तथा खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, कुटीर उद्योग, ग्रामीण गैर-कृषि रोजगार, कृषि अनुसंधान आदि में निवेश को बढ़ावा मिले। एक और प्रभावी कदम उठाये जाने की भी अपेक्षा है, और वह है श्रम कानूनों में उदारीकरण द्वारा बड़े व श्रम प्रधान उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए। यह उत्साहवर्धक है कि हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से महत्त्वाकांक्षी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लाई गई है। मनरेगा की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर की शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करना भी लाभदायक हो सकता है।

# वोट बटोरने का साधन बने अपराधी


उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कई कुख्यात बदमाशों और माफियाओं को ढेर कर दिया। इतना ही नहीं, पुलिस ने अपना इकबाल इस कदर कायम किया कि कुछ बदमाशों ने तो जमानत पर जेल से रिहा होने तक से इंकार कर दिया कि कहीं पुलिस उनका एनकाउंटर नहीं कर दे। पुलिस में यह साहस आया सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण। यही पुलिस समाजवादी और बहुजन समाजवादी पार्टी के सत्ता में रहने पर कुछ नहीं कर पाई। इससे जाहिर है कि जब तक पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की पूरी स्वायत्तता नहीं मिलेगी तब तक पुलिस अपनी वर्दी का खौफ अपराधियों में पैदा नहीं कर पाएगी। राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ के कारण सामाजिक वातावरण बिगड़ता है और पुलिस के लिए अपराधी तत्त्वों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। डरी हुई पुलिस का अपराधियों में खौफ बनाना मुश्किल कार्य है।


**राजनीतिक** दल वोट बैंक साधने के लिए गैंगेस्टर, माफिया और डकैतों का इस्तेमाल करते रहे हैं। गौ तस्करी के आरोपियों की निर्मम हत्या के प्रमुख आरोपी मोनू मनेसर सहित अन्य आरोपियों के मामले में भी यही हुआ। मोनू मनेसर के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें वह हथियारों का प्रदर्शन करता नजर आता है। इसके अलावा उसके नेताओं के साथ फोटो भी सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। मोनू की गिरफ्तारी नहीं हो, इसके लिए महापंचायत ने फैसला लिया। भिवानी के लोहारू में दो लोगों की बोलेरो के अंदर जली हुई लाशें मिली थी। दोनों के गौ तस्कर होने का शक जताया गया था। भिवानी में मोनू के समर्थन में महापंचायत की गई और इस महापंचायत में राजस्थान पुलिस को यह धमकी दी गई कि वह गांव में कदम तक न रखे। इसमें कहा गया कि यदि पुलिस ने मोनू मानेसर के खिलाफ किसी भी तरह का एक्शन लिया तो पुलिस अपने पैरों पर वापस नहीं जा पाएगी। महापंचायत में मोनू मानेसर को हिंदुओं का हितैषी बताया गया। इस मुद्दे पर हरियाणा और राजस्थान की पुलिस आमने-सामने आ गई। दोनों राज्यों में अलग दलों की सरकारें हैं। राजस्थान में यह चुनावी साल है। ऐसे में दोनों सरकारों का यही प्रयास है कि मृतकों और उनके आरोपियों के मामले में एक-दूसरे को दोषी ठहरा कर क्षेत्रीय और जातिगत वोट बैंक को मजबूत किया जाए। कुख्यात अपराधियों का जाति-संप्रदाय और क्षेत्र विशेष का सहारा लेने का पुराना इतिहास रहा है। राजनीतिक दल इसका फायदा वोट बैंक के लिए उठाते रहे हैं। जाति और संप्रदायों ने गैंगेस्टर, माफियाओं और यहां तक कि चंबल के डकैतों तक को शरण प्रदान की है। डकैत चाहे चंबल के रहे हों या फिर शहरों में रहने वाले अपराधी हों, सबने अपनी-अपनी जातियों, संप्रदाय और क्षेत्रीयता को अपने बचाव की ढाल के तौर पर इस्तेमाल किया है। इस तरीके के महिमामंडन में अपराधी अपने जाति या संप्रदाय में रॉबिन हुड की छवि कायम करने के लिए उदार तौर-तरीके अपनाते रहे हैं। दस्यु सुंदरी रही फूलन देवी ने अपने साथ हुई ज्यादती का बदला सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अपनी जाति में ऐसी ही छवि बनाई थी। इतना ही नहीं, फूलन देवी को इसका राजनीतिक फायदा भी मिला। उसने समाजवादी पार्टी की टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ कर जीत तक हासिल कर ली। अपराधों को जातिगत आधार बनाने की कीमत भी फूलन को चुकानी पड़ी। दूसरी जाति से दुश्मनी के कारण फूलन देवी की हत्या हो गई। माफिया, सरगनाओं और चंबल के डकैतों ने भी राजनीतिक दलों को मोहरा बनाया है। ऐसे कुख्यात अपराधियों का अपराध का ही नहीं बल्कि राजनीति का भी लंबा इतिहास रहा है, जिसकी आड़ में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न हो सके। अपने काले कारनामों पर लारेंस बिश्नोई, आनंदपाल, मोनू मानेसर, मुख्तार अंसारी और लवली आनंद जैसे अपराधियों ने जाति का सहारा लेकर अपराधों के काले कारनामों को गौरवान्वित करने का प्रयास किया है। ऐसे अपराधी अपनी राबिन हुड की छवि को बनाने का प्रयास करते हैं। जाति के अलावा इसमें यदि सांप्रदायिक रंग भी मिल जाए तो अपराधी को बचने के लिए एक मजबूत सहारा मिल जाता है। राजनीतिक दलों के लिए ऐसे अपराधी वोट जुटाने और सांप्रदायिक आधार पर वोटों को ध्रुवीकरण करने का काम करते हैं। जातिगत शरण लेने वाले अपराधी का आधार सिर्फ अपनी जाति तक सीमित रहता है, जबकि अपराध के बाद सांप्रदायिक आधार पर बांटने से अपराधी के राजनेता बनने के रास्ते भी खुल जाते हैं। राजनीति का चोला पहन कर सांप्रदायिक घटनाओं को अंजाम देना ज्यादा आसान होता है। बिहार और उत्तरप्रदेश में कुख्यात माफिया लंबे अर्से तक राजनीतिक कवच की आड़ में अपराधों की सजा से बचते रहे हैं। हालांकि अब दोनों राज्यों की स्थिति में सुधार है। उत्तरप्रदेश में भाजपा की योगी सरकार ने मुख्तार अंसारी सहित दूसरे माफिया और गैंगस्टर को सलाखों के पीछे भेजने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इतना ही नहीं, ऐसे अपराधियों की सम्पत्ति कुर्क करने और अतिक्रमण को ढहाने को भी अंजाम दिया गया, ताकि दूसरे अपराधी भी इससे सबक सीख सकें। ऐसा ही बिहार में माफियाओं के साथ किया गया। माफियाओं को इस बात का बखूबी एहसास कराया गया कि जाति, धर्म और क्षेत्र की आड़ लेकर अपराधों पर पर्दा डालना आसान नहीं है। इसके बावजूद राजनीतिक दल ऐसे कुख्यात अपराधियों की छवि भुनाने में पीछे नहीं हैं। मुख्तार अंसारी के मामले में एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी योगी सरकार पर संप्रदाय के आधार पर कार्रवाई करने का आरोप लगा कर अल्पसंख्यकों का वोट बैंक रिझाने का प्रयास करते रहे हैं। ऐसे दुर्दांत अपराधियों के मामले में पुलिस की हालत कठपुतली की तरह होती है। पुलिस राज्यों सरकारों के अधीन काम करती है। पुलिस की कार्रवाई राज्य सरकार की मंशा के बगैर नहीं हो सकती। इसका बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कई कुख्यात बदमाशों और माफियाओं को ढेर कर दिया। इतना ही नहीं, पुलिस ने अपना इकबाल इस कदर कायम किया कि कुछ बदमाशों ने तो जमानत पर जेल से रिहा होने तक से इंकार कर दिया कि कहीं पुलिस उनका एनकाउंटर नहीं कर दे। पुलिस में यह साहस आया सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण। यही पुलिस समाजवादी और बहुजन समाजवादी पार्टी के सत्ता में रहने पर कुछ नहीं कर पाई। इससे जाहिर है कि जब तक पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की पूरी स्वायत्तता नहीं मिलेगी तब तक पुलिस अपनी वर्दी का खौफ अपराधियों में पैदा नहीं कर पाएगी। राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ के कारण सामाजिक वातावरण बिगड़ता है और पुलिस के लिए अपराधी तत्त्वों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। डरी हुई पुलिस का अपराधियों में खौफ बनाना मुश्किल कार्य है। इसलिए पुलिस को राजनीति का संरक्षण मिलना चाहिए।

## कुछ अलग

## बाइडन यूक्रेन तो हो आये, लेकिन इससे खुद अमेरिका को क्या हासिल हुआ?

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन की यूक्रेन-यात्रा ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। वैसे पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपति जैसे जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप इराक और अफगानिस्तान में गए हैं लेकिन उस समय तक इन देशों में अमेरिकी फौजों का वर्चस्व कायम हो चुका था लेकिन यूक्रेन में न तो अमेरिकी फौजें हैं और न ही वहां युद्ध बंद हुआ है। वहां अभी रूसी हमला जारी है। दोनों देशों के डेढ़ लाख से ज्यादा सैनिक मर चुके हैं। हजारों मकान ढह चुके हैं और लाखों लोग देश छोड़कर परदेश भागे चले जा रहे हैं। यूक्रेन फिर भी रूस के सामने डटा हुआ है। आत्म-समर्पण नहीं कर रहा है। इसका मूल कारण अमेरिका का यूक्रेन को खुला समर्थन है। अमेरिका के समर्थन का अर्थ यही नहीं है कि अमेरिका सिर्फ डॉलर और हथियार यूक्रेन को दे रहा है, उसकी पहल पर यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी यूक्रेन की रक्षा के लिए कमर कसे हुए हैं। बाइडेन तो युद्ध शुरू होने के साल भर बाद यूक्रेन पहुंचे हैं लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मैक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर वोलोदोमीर जेलेंस्की की पीठ थपथपा चुके हैं। राष्ट्रपति बाइडन का कीव पहुंचना इसलिए भी आश्चर्यजनक रहा क्योंकि इस समय रूसी हमला बहुत जोरों पर है और बाइडन के जीवन को कोई भी खतरा हो सकता था। इसीलिए यह यात्रा बिल्कुल गोपनीय रही लेकिन अमेरिकी शासन ने यात्रा के कुछ घंटे पहले मास्को को चेताया कि बाइडन कीव जा रहे हैं ताकि इस युद्ध को समाप्त किया जा सके। लेकिन बाइडन ने वहां जाकर क्या किया? जेलेंस्की की पीठ ठोंकी और 500 मिलियन डॉलर के हथियार और सौंप दिए। इसके अलावा उन्होंने रूस और चीन को चेतावनियां दे डालीं। अमेरिकी प्रवक्ता ने चीन पर आरोप लगाया कि वह रूस को हथियार सप्लाई कर रहा है। चीन ने इस आरोप को खारिज कर दिया और अमेरिका से कहा कि वह यूक्रेन को भड़काने की बजाए समझाने का काम करे। अमेरिका के भी कुछ रिपब्लिकन नेता बाइडन की नीतियों को गलत बता चुके हैं। मुझे संदेह है कि बाइडन ने जेलेंस्की को कोई ऐसे सुझाव दिए होंगे, जिनसे यह युद्ध बंद हो सके। वास्तव में विश्व महाशक्ति बनते हुए चीन से अमेरिका ने ऐसा पंगा ले रखा है कि वह इस युद्ध को चलते रहता ही देखना चाहता है। इससे अमेरिका का शास्त्रास्त्र उद्योग भी परम प्रसन्न रहता है।


बाइडेन तो युद्ध शुरू होने के साल भर बाद यूक्रेन पहुंचे हैं लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मैक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर वोलोदोमीर जेलेंस्की की पीठ थपथपा चुके हैं। राष्ट्रपति बाइडन का कीव पहुंचना इसलिए भी आश्चर्यजनक रहा क्योंकि इस समय रूसी हमला बहुत जोरों पर है और बाइडन के जीवन को कोई भी खतरा हो सकता था।


## नागरिक बोध

## विश्व बैंक की अर्थशास्त्री हरियाणा की डॉ अनुकृति महिलाओं-युवाओं के लिए प्रेरणा-स्रोत

**अनुकृति** को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि साधारण-सी दिखने वाली यह लड़की विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में अर्थशास्त्री जैसे महत्त्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित डॉ एस अनुकृति है। लेकिन यह सच है। कुछ समय पूर्व ही विश्वबैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में बतौर अर्थशास्त्री ज्वाइन करने के साथ ही अनुकृति विश्व की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाली इस सर्वोच्च बैंकिंग संस्था की दस सदस्यीय मानव संसाधन समिति की सदस्य भी बन गई हैं, जो पूरे विश्व में मानव संसाधन विकास का जिम्मा संभालती है। इससे पूर्व सात वर्षों तक बीसी यूनिवर्सिटी, बोस्टन (अमेरिका) में अर्थशास्त्र की प्रोफ़ेसर रही अनुकृति के पति सिद्धार्थ रामलिंगम पहले से ही विश्वबैंक में कंसल्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। डॉ अनुकृति साधारण होकर भी असाधारण हैं। अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के कारण वह आज महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा-स्रोत बन चुकी हैं। इन्होंने अपने माता-पिता से न कभी एक रुपया जेबखर्च लिया और न ही कभी सड़क पर खड़े होकर किसी ठेली-रेहड़ी वाले से कुछ खरीदा-खाया। एक दिन भी ट्यूशन नहीं किया, फिर भी हर कक्षा में प्रथम रहीं। जन्म नारनौल में हुआ, लेकिन अठारह वर्ष हिसार में और सात वर्ष दिल्ली में रहीं; अब सोलह वर्षों से अमेरिका जैसे विकसित और संपन्न देश में रह रही हैं। लेकिन दिखावा या आडंबर इन्हें छू तक भी नहीं पाया है। गर्मी हो या सर्दी, भारत आते ही यहां के परिवेश के अनुरूप ढल जाती हैं। सोलह वर्षों से हवाई जहाज से सफर करती हैं, लगभग दो दर्जन देशों की यात्रा कर चुकी हैं, लोकल में भी ट्रेन या एसी बस से जाती-आती हैं, लेकिन साइकिल के अतिरिक्त एक्टिवा तक इन्हें चलानी नहीं आती। वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ रामनिवास 'मानव' तथा अर्थशास्त्र की पूर्व प्रवक्ता डॉ कांता भारती की लाडली बेटी तथा जन्मजात विशिष्ट प्रतिभा की धनी अनुकृति की उपलब्धियां वैश्विक स्तर की रही हैं। दिल्ली के सेंट स्टीफेन्स कॉलेज से बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (अर्थशास्त्र) करने के उपरांत विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक कोलंबिया विश्वविद्यालय, मैनहैट्टन (अमेरिका) से एमए (अर्थशास्त्र) और पीएचडी की तीन उपाधियां एकसाथ प्राप्त कीं।

## देश दुनीया से

## जानमाल का सर्वाधिक नुकसान यूक्रेन को हुआ और प्रतिष्ठा रूस की धूमिल हुई

**रूस** यूक्रेन युद्ध को एक साल पूरा हो गया है। इस युद्ध ने दोनों देशों को बड़ा नुकसान पहुँचाया है। दोनों देशों के लगभग डेढ़ लाख सैनिक मारे गये हैं, यूक्रेन में बमबारी से हजारों इमारतें और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान जमींदोज हो चुके हैं, हजारों लोग मारे गये हैं, लाखों लोग यूक्रेन छोड़कर अन्य देशों में शरणार्थी जीवन जीने को मजबूर हो गये हैं, जिस युद्ध का परिणाम एक सप्ताह में ही निकल आने की उम्मीद थी वह एक साल तक खिंच चुका है और अभी यह पता नहीं है कि यह कितना लंबा खिंचेगा। देखा जाये तो यह युद्ध अब रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध रह ही नहीं गया है। बल्कि यह रूस और पश्चिमी देशों के बीच का युद्ध है जिसमें माध्यम की भूमिका यूक्रेन निभा रहा है। इस युद्ध से सिर्फ यही दो देश प्रभावित हुए हों, ऐसा नहीं है। इस युद्ध की वजह से सप्लाई चेन बाधित हुई है जिसका असर पूरी दुनिया झेल रही है। दुनिया भर में तेल, गैस और अन्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ गयी है जिससे पहले ही महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्थाएं और दबाव झेलने को मजबूर हो गयी हैं। युद्ध के परिदृश्य पर गौर करें तो यूक्रेन को सिर्फ अमेरिका ही नहीं बल्कि यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी पूरी मदद दे रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कीव के दौरे पर आये थे। उनसे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मैक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी कीव जाकर वोलोदोमीर जेलेंस्की की पीठ थपथपा चुके हैं और उन्हें अपना समर्थन जता चुके हैं। देखा जाये तो इस युद्ध में अब तक जानमाल का सर्वाधिक नुकसान भले यूक्रेन को हुआ हो लेकिन प्रतिष्ठा का नुकसान सर्वाधिक रूस को हुआ है। रूसी सेना के हाथ से कई जीते हुए इलाके निकल गये, रूसी सेना की रणनीतियां कई मोर्चों पर नाकामयाब रहीं, रूसी सेना के बड़े-बड़े कमांडर युद्ध में मारे गये, युद्ध के बीच में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सैन्य नेतृत्व में बदलाव तक करने पड़ गये, जो रूस दुनिया के कई देशों को हथियार देता है उसे ईरान और चीन से भी हथियार लेने पड़ें तो रूस के महाशक्ति होने पर सवाल उठेंगे ही। वर्तमान में देखा जाये तो यूक्रेन का पलड़ा भारी बना हुआ है, भले ही रूस के सशस्त्र बलों ने हाल ही में दोबारा कुछ रफ्तार हासिल की हो। लेकिन आने वाले महीनों में कीव को दो प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सबसे पहले उसे अपने स्वयं के आक्रामक अभियानों का संचालन करना होगा साथ ही उसे रूसी हमलों को झेलने के लिए पश्चिमी देशों के भारी हथियारों, लंबी दूरी की मारक क्षमताओं और संभवतः वायु शक्ति की आवश्यकता होगी। दूसरा, यूक्रेन को यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर अंतर्राष्ट्रीय सहायता और समर्थन की आवश्यकता होगी कि आर्थिक पतन के परिणामस्वरूप उसकी सामाजिक व्यवस्था नहीं टूटे और वह अपने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को और अधिक नुकसान को कम करने में सक्षम हो सके। इसके विपरीत, रूस को अपने सशस्त्र बलों के निराशाजनक प्रदर्शन को उलटना होगा। देखा जाये तो यूक्रेन के दक्षिण पूर्व में वुहलेदार पर हाल के रूसी हमले की विफलता पुतिन के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। देखा जाये तो रूस की पूरी जमीनी सेना का अनुमानित 80 प्रतिशत अब संघर्ष में शामिल है, साथ ही दसियों हजारों की संख्या में नई लामबंदी सामने आ रही है। ऐसे में सैन्य नेतृत्व के शीर्ष पर बैठे लोगों पर तेजी से परिणाम हासिल करने का दबाव बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि व्लादिमीर पुतिन घरेलू मोर्चे पर कुछ बड़े फैसले लागू कर सकते हैं और चीन के इरादों को भी परख सकते हैं।


दोनों देशों के लगभग डेढ़ लाख सैनिक मारे गये हैं, यूक्रेन में बमबारी से हजारों इमारतें और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान जमींदोज हो चुके हैं, हजारों लोग मारे गये हैं, लाखों लोग यूक्रेन छोड़कर अन्य देशों में शरणार्थी जीवन जीने को मजबूर हो गये हैं, जिस युद्ध का परिणाम एक सप्ताह में ही निकल आने की उम्मीद थी वह एक साल तक खिंच चुका है और अभी यह पता नहीं है कि यह कितना लंबा खिंचेगा। देखा जाये तो यह युद्ध अब रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध रह ही नहीं गया है। बल्कि यह रूस और पश्चिमी देशों के बीच का युद्ध है जिसमें माध्यम की भूमिका यूक्रेन निभा रहा है। इस युद्ध से सिर्फ यही दो देश प्रभावित हुए हों, ऐसा नहीं है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर एसडीपीओ ने केवीएस स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जिले के एकमात्र केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर शनिवार को एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने सब्स पहले अपना परिचय दिया और सड़क सुरक्षा को लेकर कई तरह की जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होने आगे बताया की जानकारी के अभाव एवं लपरवाही की वजह से प्रत्येक दिन कई लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसलिए सड़क सुरक्षा नियम का पालन करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर, बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन नही चलाए साथ हीं हमेशा बाईक को धीमी गति से चलाए। कम उम्र के बच्चों को दोपहिया वाहन नहीं चलाने का निर्देश दिया। आगे बताया की सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को हमेशा मदद करें, नजदीक के अस्पताल में भर्ति कराना चाहिए। घायल को मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सोशल मीड़िया, साईबर क्राईम, मोबाईल में ओटीपी के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जागरूक किया। बिना जानाकारी के मोबाईल में किसी प्रकार के लिंक को नही खोले। लिंक खोलने से आपके मोबाईल को हैक कर आपके खाते या परिजनों के पैसा हैकर उड़ा सकता सुरक्षा को लेकर सभी बच्चे को शपथ दिलाया गया। किसी प्रकार के दिक्कत होने पर पुलिस के पास तुरंत कॉल करे, ताकी समय पर आपकी मदद किया जा सके। मौके इंस्पेक्टर केपी चौधरी, थाना प्रभारी विवेक कुमार, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक, शिक्षिका, के अलावे स्कूली छात्र छात्राएं एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

## जिप सदस्य रामसेवक दांगी ने 15 वीं वित्त से बने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत ग्राम डमोल में जिला परिषद द्वारा 15वें वित्त से बना पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। जिसका प्राकलन राशि 170000 रुपए की लागत से पीसीसी पथ निर्माण किया गया है। यह निर्माणा कार्य जितेंद्र सिंह के घर से पुल तक जिसका माननीय जिप सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी द्वारा शुभ उद्घाटन किया गया मौके पर कामदेव दांगी जितेंद्र सिंह, महेश राणा, रजाक मियां महावीर साव, सूरज ठाकुर, समेत डमोल के ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक सप्ताह पूर्व हुए ट्रक लूट कांड का चतरा पुलिस ने किया उद्भेदन, चोरी के ट्रक के साथ तीन गिरफ्तार



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना पुलिस ने 1 सप्ताह पूर्व हुए ट्रक लूट कांड का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए लूटे गए ट्रक के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि बीते दिनों शहर के मो0 मोहसिन नामक शख्स ने अपने 14 चक्का ट्रक के चोरी होने की शिकायत की थी। जिसको लेकर एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने मामले का खुलासा करते हुए ना सिर्फ चोरी हुए ट्रक को जप्त किया बल्कि लूट की घटना में शामिल ट्रक के ड्राइवर और उसके दो अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रक के ड्राइवर ने ही ट्रक लूट की साजिश रचकर अपने दो सहयोगियों की मदद से ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस नंबर बदलकर बेच दिया था। पुलिस ने उक्त ट्रक को खरीदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है साथ ही लुटे गये ट्रक को भी कोडरमा से बरामद कर लिया गया है।

# होली और शबेबरात को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की गई बैठक


### होली में अश्लील व भड़काऊ गाने पर रहेगी प्रतिबंध : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना परिसर में होली व शबेबरात त्यौहार को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ अमित कुमार ने की वहीं संचालन इस्पेक्टर केपी चौधरी ने किया। बैठक में क्षेत्र के सर्व समुदाय मौजूद हुए। जहां सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की होली त्यौहार में अश्लील गाने व भड़काऊ साउंड पर प्रतिबंध रहेगा।इसके लिए लावालौंग पुलिस चाक चौकस रहेगी। किसी तरह का कोई अश्लील व भड़काऊ बाते करता है तो अविलंब पुलिस प्रशासन को सूचित करें। वगैर मर्जी के किसी के ऊपर रंग अबीर ना लगावें। इस्पेक्टर केपी चौधरी ने कहा कि यदि त्यौहार में किसी भी वर्ग का किसी तरह का किसी के साथ अश्लील हरकत करता है या वगैर मर्जी रंग अबीर डालता है तो उस पर कानून संगत कार्रवाई किया जाएगा। वहीं किसी तरह का शिकायत मिलती है तो अविलंब पुलिस को सूचित करें। इस बैठक में लावालौंग मुखिया नेमन भारती, लमटा मुखिया अमित चौबे, कोलकोले मुखिया राजेश साहु, कटिया पंचायत मुखिया पति सह समाजसेवी मिथलेश चौबे, वार्ड सदस्य मुमताज अंसारी, मो0 ज़मीर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य पति सह समाजसेवी आबिद अंसारी, जितेन्द्र ठाकुर, समाजसेवी सत्यनारायन प्रजापति, सतीश कुमार साहु, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष चंदू भोक्ता, शंकर साहू के आलावे कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# बूढ़ा पहाड़ एक्शन प्लान से गांव के बहुरेंगे दिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के भीतरी चेतमा गांव में आदिम जनजाति कोरबा निवास करते हैं। 250 की आबादी वाले इस गांव के कोरबा जाति सूप दौरा बनाकर अपना जीवन यापन करते हैं। अक्सी पंचायत अंतर्गत यह गांव बूढ़ा पहाड़ एक्शन प्लान के तहत चयन किया गया है। इसके अलावा इस पंचायत के 10 और भी गांव है। सरकार की ओर से राशन ग्रामीणों को मिलता है। गांव में लगाए गए सोलर पानी टंकी अपने शुरुआती दौर से ही बिचौलियों के भेंट चढ़ गया। गांव में 3 चापाकल है, जिसमें दो खराब है।आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर है। कभी-कभी सेविका आती है और बच्चों का खाना घर से बनाकर ही लाती है। प्रखंड मुख्यालय से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह गांव पहाड़ों से घिरा है। मुख्य मार्ग से गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। गांव में बिजली पहुंचाई गई है। यहां बनाए गए बिरसा आवास नाम का है। शौचालय का भी बुरा हाल है। सरकार के द्वारा इस गांव को बूढ़ा पहाड़ एक्शन प्लान में शामिल किया गया है। इससे संभावना जगी है कि इस गांव में रहने वाले लोगों के दिन बहुर जाएंगे। गांव में रहने वाले लोगों की विवशता यह है कि यहां की लड़कियां दिल्ली में जाकर नौकरानी का काम करती है। लड़के रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करते हैं। लगभग सभी घरों के युवक युवतियां पलायन कर जाती है। यहां के छोटे बच्चे स्कूल नहीं रहने के कारण पढ़ाई छोड़ चुके हैं।

## बीडीओ ने किया पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक दिए कई निर्देश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सचिवालय सभागार में जन वितरण प्रणाली संचालक के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह शनिवार 25 फरवरी को बैठक किया। बिडीओ ने उपस्थित दुकानदारों को निर्देश दिया कि अत्यंत गरीब पिडीत परिवार वालों को राशन मुहैया करावें। वही समय से दुकान खुला रखें। साथ ही साथ लोगों को हिदायत किए कि यदि किसी भी प्रकार से लाभुकों द्वारा शिकायत मिलती है तो दुकानदारो पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित गोदाम प्रबंधक उज्जवल कुमार सिंह अवध कुमार दांगी संतोष कुमार सिंह कृष्ण कुमार अजय कुमार महावीर पासवान गुलाबी दांगी शारदा देवी विष्णु साव निषाद मियां त्रिलोकी साव एवं दर्जनों पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का कलश विसर्जन के साथ हुआ समापन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के पांडेमहुआ में चल रहे चार दिवसीय श्री श्री 108 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश विसर्जन के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर गाजे-बाजे व भक्ति नारे जय श्री राम के साथ आमीन नदी में कलस का विसर्जन किया गया। मौके पर उपस्थित कन्हाचट्टी प्रमुख इंदु देवी पूजा समिति के अध्यक्ष राम ब्रिज सिंह सचिव विनय दांगी कोषा अध्यक्ष विष्णु प्रजापति बीजेपी के गिद्धौर प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रसादी पासवान प्रकाश साव कृष्ण कुमार पासवान एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना शिविर लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में दो दिवसीय मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना शिविर लगाया गया।दो दिनों के शिविर में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने बताया कि इस योजना के तहत वैसे लोगो का आवेदन लेना है जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। आवेदन प्राप्त होने के बाद लाभुकों का चयन कर आवश्यकता अनुसार इलाज हेतु राशि, एवं खाद्यान्न की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत तीन स्थानों पर कैंप लगाया गया है। जिसमें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, हेरहंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एवं उप स्वास्थ्य केंद्र बारियातू में लगाई गई है। शिविर का लाभ हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़ी जाति के लोगों को ही देने का निर्देश प्राप्त है। इसलिए आवेदन इन लोगों को लिया जा रहा है। इस मौके पर नरेंद्र सिन्हा, पवन कुमार, अरुण कुमार,एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, रिसोर्ट शिक्षक वीरेंद्र कुमार व कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : फादर एमके जोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** संत जेवियर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिन कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य फादर एमके जोश और संत जेवियर हाई स्कूल के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने मशाल जलाकर किया। मसाज होम झंडा को पूरे मैदान में घुमाया गया। जिसका नेतृत्व राजाराम रवि ने किया। जिसके साथ एल्विन लकड़ा निशा तिग्गा और रेखा बखला थे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य फादर एम के जोश ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद सभी के लिए जरूरी है। पढ़ाई के साथ मानसिक शारीरिक विकास होता है। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्राचार्य फादर एमके जोश, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर कैसलिन जूलियट, सुबोध मिंज,एवम् काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स टीम द्वारा अवैध खनन की रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी के उपस्थिति में जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी मयूरहंड एवं पुलिस केंद्र के पुलिस बल के साथ मयूरहंड थाना क्षेत्र में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन की औचक जांच की गई। जांच के क्रम में खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की बराकर नदी के सोकीं घाट में बालू खनन कर रहे दो ट्रैक्टर को लगभग 200 सीएफटी बालू के साथ पकड़ा गया। और लगभग 5 से 6 ट्रैक्टर नदी घाट में बालू अनलोड कर भागने में सफल रहे । उपरोक्त दोनों ट्रैक्टर को विधिवत जप्त कर थाना प्रभारी मयूरहंड को सुपुर्द कर दिया गया तथा प्राथमिकी दर्ज कर दी गई। साथ ही मयूरहंड क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन चिमनी ईंट भट्ठा में औचक निरीक्षण किया गया तीनों भट्ठा संचालकों द्वारा ईट मिट्टी खनन बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किए ही मिट्टी का खनन किया जा रहा है और अवैध रूप से कोयले का उपयोग किया जा रहा है और ईट का निर्माण किया जा रहा है जो एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 के तहत दंडनीय अपराध है जिसके आधार पर लगभग 300000पक्का ईट एवं लगभग कच्चा ईट 130000 तथा लगभग 30,000 घन फिट ईट मिट्टी और लगभग 1200 केजी कोयला को जप्त करते हुए भट्ठा संचालक के जिम्मे में रख कर भट्ठा संचालक क्रमशः ईश्वरी महतो एवं राजेंद्र महतो आर आई सी ब्रिक्स मनोज महतो एवं सचिन महतो एवं अन्य जेएमके ब्रिक्स सरवन कुमार बासुदेव महतो संतोष महतो अनिल कुमार एवं विनय महतो के खिलाफ मयूरहंड थाना में एफ आई आर दर्ज कर दी गई है इटखोरी थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल से कोयले का परिवहन कर रहे तीन मोटरसाइकिल को जो विभिन्न ईट भट्ठा में सप्लाई किया जाता है कोयला सहित जप्त किया गया है।

## अवैध कोयला लदा मोटरसाइकिल के साथ सात लोग गिफ्तार, जेल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस ने अवैध कोयला लदा सात मोटरसायकल जब्त किया। वही सभी मोटरसायकल चालक को भी गिरफ्तार किया है। इस संबध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर त्वरित करवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया जिसमें एसआई चंद्रशेखर दुबे,एएसआई रामजी ठाकुर एवम् मकईयाटाँड पिकेट के जवान शामिल थे टीम द्वारा छापेमारी कर बालूमाथ चंदवा मुख्य पथ पर जोगियाडीह मोड़ के पास अवैध कोयला परिवहन करते सात मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। वही सभी मोटरसाइकिल चालकों को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 35/23 धारा 379, 414 आईपीसी, 21 एमएमडीआर एक्ट 30( ) कोल माइन्स एक्ट, 13 जेएम रूल्स 2017 दर्ज किया गया ।तथा सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत लातेहार भेज दिया गया ।गिरफ्तार अभियुक्तों में अभिषेक टोप्पो 19 वर्ष पिता जोहन तिग्गा,रोहित टोप्पो 22 वर्ष पिता जयप्रकाश टोप्पो, विलसन तिग्गा 23 वर्ष पिता चोंनहस तिग्गा तीनो ग्राम चेताग थाना बालूमाथ निवासी, सुशील भगत 20 वर्ष पिता रामजीत भगत, ग्राम किता थाना चंदवा जिला लातेहार निवासी, उपेंद्र राम 30 वर्ष पिता लालदेव राम, महेंद्र राम 35 वर्ष पिता स्व0अमृत राम दोनो ग्राम हुंडराटांड, गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी, जगरनाथ यादव 32 वर्ष पिता रामधनी यादव ग्राम ओकिया थाना बालूमाथ निवासी शामिल है।

## बरवाडीह में 1100 पीएम आवास अधूरे

# आवास पूर्ण नहीं करने वालों के खिलाफ होगा सर्टिफिकेट केस : दीपक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सैंकड़ों लाभुकों को पीएम आवास योजना के तहत आशियाना मिला। जिसमें कुछ ऐसे लाभुक हैं जो आवास के आवंटित पहली या दूसरी किस्त की राशि को पचाने की कोशिश करने में लगे हैं। पर वह भुल रहे हैं कि सरकारी राशि का दुरुपयोग कर हम बच नहीं सकते हैं। जानकारी के अनुसार प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2016 से 2021-22 के बीच कुल लंबित आवास प्लस व पीएम आवास लगभग 1100 हैं जो आवास लाभुक पूर्ण करने में असमर्थ हैं या आवास पूर्ण कराने में स्वयं सेवक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। वहीं इस मामले में आवास समन्वयक दीपक कुमार ने बताया कि आवास निर्माण के लिए हमलोगों ने तीन तीन बार नोटिस किया है साथ ही प्रखंड स्तर पर लगभग 30 आवास लाभुकों को सर्टिफिकेट केस करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 70 से 80 लाभुक पहली किस्त लेकर गुम हो गये हैं या फिर स्थाई रूप से पलायन कर चुके हैं। कहा कि जल्दबाजी में आवास पूर्ण नहीं करने वालों के खिलाफ भी सर्टिफिकेट केस करने की तैयारी हो रही है।

# टीबी मरीजों के बीच हुआ पोषाहार किट का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंदवा :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से योग्य लोगों को जोड़ने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन किया गया है, शिविर में योजना का लाभ पाने के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गए।स्वास्थ्य सहायता राशि के लिए बिमारी से ग्रसित व्यक्तियों ने आवेदन के साथ, बिमारी, दवा और इलाज से संबंधित चिकित्सक की पर्ची, राशनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति संलग्न कर शिविर में जमा किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नंदकुमार पांडे ने शिविर में कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा असहाय गरीब जो किसी भी रोग से परेशान हैं उसकी आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ा जाय और उसे इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ से लाभान्वित किया जाय। शिविर में डॉ नीलीमा कुमारी, डॉ तरुण जोश लकड़ा, डॉ प्रकाश बड़ाईक,कामता पंसस अयुब खान, बीपीएम मीरा केसरी, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, बाबर खान, धनेश्वर प्रसाद, बीनीता कुमारी, अस्पताल कर्मी त्रिलोकी सिंह, जितेन्द्र कुमार, नेहा शर्मा, सीताराम कुमार, सुरेश कुमार, अमर प्रसाद, विकास रंजन, संतोष कुमार सहित कई लोग शामिल थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में शनिवार को यक्ष्मा रोगियों के लिए अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया।

## ग्रामीणों ने पानी छिड़काव की मांग को लेकर किया सड़क जाम

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फुलबसीया में उड़ते धुल से परेशान ग्रामीणों ने पानी छिड़काव की मांग को लेकरअमरवाडिह से गोलीटांड तक सड़क जामकर कोयला ढुलाई ठप्प कर दिया। सीसीएल पीओ द्वारा दुरभास पर नियमित पानी छिड़काव की आश्वासन पर जाम हटा। फुलबसीया के ग्रामीण यमुना गंझु, उमेश उरांव, योगेन्द्र उरांव, धर्मदेव उरांव सहित अन्य लोगों ने बताया कि सीसीएल के अलावा आरकेटीसी, पीएन एम, सैनिक, टायकान, पांच कम्पनीयां प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों से कोयला ढुलाई करते हैं। जिसके कारण धुल का अंबार उड़ता रहता है। इस से लोगों को जीना मुश्किल हो गया है। नियमित पानी छिड़काव ना हो ने से परेशान ग्रामीणों ने नियम के अनुसार ट्रक पर तिरपाल ढक कर चलना, सड़क के किनारे कचरा का स्टाल, नियमित पानी छिड़काव की मांग को लेकरसुबह छः बजे से दोपहर ढाई बजे तक सड़क जाम कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग बच्चों के लिए आशा-दी हॉप प्रोजेक्ट के तहत एथलेटिक कोचिंग प्रोग्राम का उद्घाटन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिंदल स्टील एंड पॉवर के सी.एस.आर विभाग और स्पेशल ओलंपिक्स भारत के झारखण्ड इकाई द्वारा आस-पास के क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के लिए आशा-दी हॉप प्रोजेक्ट के तहत एथलेटिक कोचिंग प्रोग्राम का उद्घाटन जेएसपी. पतरातू के प्लांट प्रमुख आर.के.अजमेरिया और स्पेशल ओलंपिक्स भारत के रीजनल डायरेक्टर सतबीर सिंह के द्वारा प्लांट परिसर में बच्चों और अभिभावकों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से किया गया।जिंदल स्टील एंड पॉवर के सी.एस.आर विभाग द्वारा अपने आस-पास के क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास एवं कौशल विकाश के लिए आशा- दी हॉप केंद्र संचालित करता है। इस केंद्र के द्वारा दिव्यांग बच्चों को मुफ्त थेरेपी, इलाज और पोषण सहायता दी जाती है। इस प्रोजेक्ट में मूल्य संवर्धन करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए एथलेटिक कोचिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया। इस प्रोग्राम के तहत बच्चों को विभिन्न एथलेटिक खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पैरालम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए तैयार किया जाएगा। मौके पर जेएसपी. पतरातू के प्लांट प्रमुख आर.के. अजमेरिया ने बच्चों और अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा की卐बच्चों के समग्र विकास के लिए जेएसपी फाउंडेशन हर संभव कार्य करेगी। कोई भी बच्चा कमजोर नहीं होता बस उन्हें सही दिशा, सहायता और मार्गदर्शन देने की जरूरत होती है। अगर निश्चय पक्का हो तो हर मुकाम हासिल की जा सकती है । मौके पर जे.एस.पी. पतरातू के एच.आर प्रमुख सुभाष चंद्र, वित्त प्रमुख आर.डी. शर्मा, मार्केटिंग प्रमुख राजीव रंजन, परचेज प्रमुख अनुपम अनंत, डब्लू.आर.एम. प्रमुख संतोष कुमार, बार मिल प्रमुख मुकुल पांडेय, सेफ्टी प्रमुख अशोक सिंह, सुरक्षा प्रमुख शिशुपाल सिंह एवं कई उच्च अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। स्पेशल ओलंपिक्स भारत की और से हरभजन सिंह, अरुण प्रकाश दत्ता, सतनाम सिंह और मो. शमशाद मौजूद थे।

### रेफरी एसोसिएशन ने 23 लोगों का रेफरी फिटनेस जांच किया

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक खेल मैदान अरगड्डा में शनिवार को जिला रामगढ़ के छोटानागपुर रेफरी एसोसिएशन व झारखंड रेफरी एसोसिएशन के द्वारा 23 लोगो का रेफरी फिटनेस टेस्ट लिया गया। इसमें 20 पुरुष और 3 महिला शामिल थे। रेफरी जांच नेतृत्व रेफरी सदस्य ओमप्रकाश ठाकुर, नेशनल रेफरी सुनील टोप्पो ने किया। बताया गया कि आगामी 12 मार्च को सफल प्रतिभागियों का अगला परीक्षा जमशेदपुर में लिया जाएगा। इसके बाद पास रेफरी परीक्षार्थी झारखंड रेफरी एसोसिएशन के सदस्य बनेंगे। मौके पर जिला रामगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव मोहम्मद मुस्तफा आजाद, जिला रामगढ़ रेफरी चीफ अजय डिसिल्वा, लक्ष्मण सिंह, बालकिशन महतो, सुनील मुंडा, छोटू दास, विनय कुमार, संतोष कुमार, बीएन राय, सुदेश दास, मोहित मुंडा, जगमोहन महतो, जतरु बेसरा, दीपक अइंद, विवेक कुमार आदि का योगदान रहा।

### विहंगम योग संत समाज ने अक्षर देव जी महाराज का जन्मोत्सव बच्चों के साथ मनाया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के जामुनटाड़ आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को विहंगम योग संत समाज के द्वारा विज्ञान देव जी महाराज के पुत्र अक्षर देव जी महाराज का जन्मोत्सव बच्चों के साथ मनाया गया। अवसर पर विहंगम योग समाज के सदस्यों ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, चॉकलेट, केक का वितरण किया। साथ ही समाज निर्माण के लिए शिक्षित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। मौके पर संत समाज रामगढ़ के उपदेशठा सुनीता साहा, प्रचारक मनोरमा देवी, चिंतामणि देवी, पुष्पा सिन्हा, श्रेया पासवान, अविनाश पासवान आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत 27 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस दौरान रविवार को मतदान पदाधिकारियों के क्लस्टर/मतदान केंद्रों तक रवाना होने को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। मौके पर सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक ने डिस्पैच के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में लगाए गए टेंट व बनाए गए विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बड़ी संख्या में मतदान पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए रवाना करने हेतु अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सुश्री मिश्रा ने डिस्पैच सेंटर पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित रूप से मतदान पदाधिकारियों को डिस्पैच के दिन आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया वही उन्होंने डिस्पैच एवं रिसिविंग कार्य में लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो की विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी सभी तरह की दुविधाओं को दूर कर देने का निर्देश दिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने आवश्यकता अनुसार पोस्टर/बैनर आदि के माध्यम से आवश्यक जानकारियां मतदान पदाधिकारियों को देने व हेल्प डेस्क के माध्यम से किसी भी प्रकार की सहायता मतदान पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षक के क्रम में सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने उपस्थित जोनल दंडाधिकारियों को उनके साथ प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहने एवं मतदान के दिन शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों/अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## ठेकेदार मनोज मुंडा हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना ओपी क्षेत्र ग्राम लोवाडीह स्थित आजसू नेता ठेकेदार मनोज मुंडा हत्या मामले में पुलिस अधीक्षक ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस। आपको बताते चलें कि एसपी पीयूष पांडे के निर्देशानुसार एसआईटी टीम गठित कर एसडीपीओ बिरेंद्र चौधरी। बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, भदानीनगर प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने पुलिस दलबल के साथ छापेमारी चलाई गई जिस बीच कल देर रात दो आरोपी बिनोद गंझू व मुनेश्वर उरांव को उनके घर से गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा एक पिस्तौल छह बुलेट दो मोबाइल बरामद किया है । पूरे मामले पर पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा पकड़े अपराधियों को ऐसा लगता था कि मनोज मुंडा ठेकेदारी गिट्टी पत्थर में अच्छा पैसा कमा रहा है और जेजे एमपी उग्रवादी संगठन को पैसा शेयर नहीं कर रहा जिस कारण लेवी को लेकर हत्या की गई।

## मुख्यमंत्री से मिला व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में खाद्यान्न व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर कृषि कर को समाप्त करने की मांग। मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन जल्द से जल्द कृषि कर के समस्या का होगा समाधान। रामगढ़ दौरे पर आए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर खाद्यान्न व्यवसायियों ने कृषि कर को समाप्त करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खाद्यान्न व्यवसायियों को भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द कृषि कर के इस समस्या को समाधान करने हेतु राज्य सरकार बहुत ही गंभीर है और सकारात्मक एवं सार्थक हल निकालने के लिए कटिबद्ध है। मौके पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने मुख्यमंत्री को कृषि कर से जो व्यवसायियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा उस पर विस्तृत रूप से मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र महतो समेत रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति के सभापति विनय कुमार अग्रवाल प्रदीप कुमार बरेलिया जानकी महतो फल व्यवसायी संघ के मोहम्मद फिरोज और किशोर महतो समेत अनेकों व्यवसाई मौजूद थे।

### 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023

## सामान्य प्रेक्षक ने सूक्ष्म प्रेक्षकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शनिवार को जिला परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक डॉ हीरालाल ने 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सूक्ष्म प्रेक्षकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी सूक्ष्म प्रेक्षकों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने सूक्ष्म प्रेक्षकों को जानने योग्य कई आवश्यक बातें बताई। मौके पर उन्होंने सभी सूक्ष्म प्रेक्षकों को बिना किसी डर एवं भय के उपचुनाव को पारदर्शिता और शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो यथा मतदान प्रेक्षण, मतदान के पश्चात सूक्ष्म प्रेक्षकों द्वारा निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक को प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न प्रतिवेदनों सहित अन्य कार्यों व महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया।

## स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के द्वारा अपने अभिभावकों से पेंटिंग, स्लोगन, संदेश सहित अन्य माध्यमों से 27 फरवरी को होने वाले मतदान के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित अभियान के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा मतदाताओं को आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई वही मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सभी से आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## मां दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को ले निकली भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इचाक मोड़ के दुर्गा नगर में दुर्गा माता के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान हेतु भव्य कलश यात्रा का आयोजन शनिवार को किया गया। यात्रा में 11हजार माता एवं बहनो ने भाग लिया। 40 वर्ष पूर्व से यहां दुर्गा पूजा की जा रही थी,अब जाकरसंपूर्ण इचाक प्रखंड के ग्रामीणों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसका यज्ञ आज से शुरू हो रहा है जिसमें बनारस एवं देश के विद्वान प्रवचनकर्ता भाग ले रहे हैं।मौके पर मौजूद कांग्रेस के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने कहा कि ईश्वर के पूजन से मन शांत एवं माहौल पवित्र हो जाता है।कहा कि जिस तरह से हम मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे के निर्माण में आत्मीयता से सहयोग करते हैं उसी तरह विद्या मंदिर स्कूल कॉलेज के प्रति भी सहयोगात्मक रहें तो हम विश्व गुरु बन सकते हैं। हिंदुस्तानियों के एक हाथ में संविधान कुरान गीता बाइबिल हो तो दूसरे हाथ में कंप्यूटर एवं वैज्ञानिक ग्रंथ होनी चाहिए।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत अंतर्गत पैक्स कार्यालय में वित्तीय साक्षरता और डिजिटल ट्रांजैक्शन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पंचायत सचिवालय में किया गया। प्रशिक्षण में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंसस संतोषी कुमारी, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद मुख्य रूप से शामिल हुए। जेएसएलपीएस सीसी सुषमा सुमन, सीएलएफ अध्यक्ष रंजना देवी सहित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन दीपप्रज्वलित कर किया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन को बारीकी से समझाया गया। प्रशिक्षण शिविर में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि स्वयं सहायता समूह को जेएसएलपीएस से जोड़कर सभी पंचायत की महिलाओं को चलने पर फायदे को बतलाते हुए बताया कि इसमें जुड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकती है। सरकार भी इसी उद्देश्य के लिये इन संस्थाओं का निर्माण कर सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में काम कर रही है। महिलाएं इससे जरूर जुड़े और समय के साथ वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन के महत्व को समझे, आप अपने आपको समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद ने महिलाओं से कहा कि आप सब नियमित्त बैंक शाखा से जुड़कर रहें। जितने तरह की बीमा हैं, अवश्य करा लें और बैंक से लाभ लेकर आप आगे बढ़े तथा आज के डिजिटल ट्रांजेक्शन में जो फ्रॉड हो रही है, उससे बचें। जेएसएलपीएस सीसी सुषमा सुमन, सीएलएफ अध्यक्ष रंजना देवी ने लोगों को समूह से जुड़े रहने एवं विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उसका निदान का रास्ता भी बताया तथा अधिक से अधिक ग्रुप में जुड़कर लोग लाभ लें, उन्होंने इस बात पर विशेष चर्चा की।

### महिला उत्पीड़न पर चर्चा के लिए जदयू महिला प्रकोष्ठ की बैठक

**हजारीबाग :** जिले के सदर प्रखंड के चुरचू ग्राम के पुराना शिव मंदिर परिसर में शनिवार को जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ हजारीबाग की एक बैठक संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने किया.इस बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा थे। बैठक में विभिन्न सामाजिक समस्याओं सहित महिला अत्याचार पर चर्चा हुई।बैठक में चुरचू निवासी कंचन देवी को सर्वसम्मति से सदर महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया.इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने विश्वास व्यक्त किया कि कंचन देवी की अगुवाई में प्रखंड स्तर पर सदस्यता अभियान तेज होने के साथ हीं विभिन्न सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा .

### ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल ने चिकित्सा कैंप लगाया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को शहर के स्थानीय झिंझरिया पूल के पास ज्ञान ज्योति पैरामेडिकल के छात्र छात्राओं द्वारा एक चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड शुगर,ब्लड टेस्ट, बीपी तथा ब्लड ग्रुप की जांच की गई। जांच करने के साथ-साथ लोगों को अपने खानपान तथा दैनिक दिनचर्या पर सलाह दी गई।इस शिविर में सौ से ज्यादा लोगों की नि शुल्क जांच की गई। ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रायोगिक श्रेष्ठता भी आती है।कैंप के आयोजन में दयानंद कुमार यादव , शिवम विश्वास, अमित वर्मा, सिकंदर यादव, सचिन यादव,दिनेश,सूरज,अनुराग , अरशद सुषमा कुमारी,अंजली कुमारी तथा उजाला कुमारी ने अपना योगदान दिया।

### युवा समाजसेवी ने किया राणी सती दादी मंदिर का दर्शन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राणी सती दादी के भक्तों का तीर्थ स्थल राजस्थान के झुंझुनू शहर में स्थापित है। वैसे तो भारत में दादी के कई मंदिर हैं। जिनमें मुख्य एवं सबसे बड़ा मंदिर झुंझुनू जिले में स्थित हैं। शहर के युवा समाजसेवी सह पत्रकार रितेश खण्डेलवाल अपने बड़े भाई प्रेस क्लब हजारीबाग के कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खंडेलवाल सहित परिवार के सदस्यों के साथ राणी सती दादी के भव्य मंदिर का दीदार किया। अनेकों दादी भक्तों के बीच राणी सती का दीदार कर शहरवासियों की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। बताया कि भव्य मंदिर के अंदर आकर्षक गणेश जी की तस्वीर स्थापित है। जो लोगों को आकर्षित करती है।मंदिर परिसर में हनुमान,सीता,ठाकुर जी, भगवान गणेश एवं भगवान शिव के मंदिर स्थापित है। वहां भादो अमावस्या के दिन विशेष उत्सव मनाया जाता है । इस मंदिर में 13 सती मंदिर हैं, जिनमें से 12 छोटे और 1 बड़ा है, जो रानी सती का है। साथ ही कहा की सुरक्षा दृष्टिकोण, साफ सफाई एवं भक्तों के दर्शन हेतु आवागमन को लेकर बेहतर सुविधाएं दी गई है।

### श्रम विभाग ने बाल श्रम के विरूद्ध चलाया अभियान

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में धावा दल ने शनिवार को शहर के होटलों में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के तहत् शहर के झण्डा चौक स्थित हँडिया चाय दुकान से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। बाल श्रमिक चतरा जिले के लावालौंग प्रखण्ड का रहने वाला है। बालक की उम्र 12 वर्ष है।धावा दल में श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद,कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना कुमार पाण्डेय सहित श्रम कार्यालय के प्रत्युष कुमार शामिल थे। बाल श्रमिक को विमुक्त कराकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### मानवता हुई शर्मशार, 7 माह की बच्ची के ऊपर गर्म पानी फेंक कर किया घायल

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत नयाटाड़ बाजार में मामूली विवाद को लेकर मूसहर (बंजारा) सुनिता देवी की 6 माह की बच्ची नंदनी कुमारी पर अज्ञात व्यक्ति ने गर्म पानी डाल दिया। आनन-फानन में बच्ची को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है। बच्ची की दादी ने बताया कि मामूली सी बात को लेकर डंडे से हम लोगों को पीटा और इस छोटी बच्ची पर गर्म पानी डालकर मारने की कोशिश की। मैं उनका नाम नहीं जानती हूं परंतु उन्हें चेहरे से पहचानती हूं। मैं चाहती हूं कि हमारे परिवार को इंसाफ मिले और दोषी को सजा मिले।

## सारूकुदर +2 उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड अंतर्गत +2 उच्च विधालय सारुकूदर में सरकारी आदेशानुसार बैठक बुलाई गई,जिसमे शिक्षक अभिभावक के साथ बेहतर शिक्षा बच्चो को कैसे उपलब्ध हो इसकी विशेष तौर पर चर्चा की गई । बैठक में उपस्थित अभिभावको एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्रों एवं विद्यालय की बेहतरी के लिए अहम सुझाव दिए । बैठक में बतौर मुख्यातिथि मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारुकूदर पंचायत मुखिया उत्तम महतो ने शिक्षक अभिभावक गोष्ठी के अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु औरअभिभावकों के बीच अगर बेहतर तालमेल हो तो उस शिक्षण संस्थान की शिक्षा की गुणवत्ता अपने आप बेहतर हो जाती है,इसमें कोई अतिश्योक्ति नही है ।

इस बैठक में मुख्य रूप प्रधानाध्यापक भोला महतो,सहायक शिक्षक अनवर सर,प्रभाकर सर, दुलारचंद सर, भागीरथ गुरुजी, नुनुचंद सर,मोहन सर, शिक्षिका लीलावती कुमारी,अब्दुल सफाज, गुलाब राम,फिरोज अंसारी,टेकलाल महतो,घनश्याम महतो,कनीजा परवीन,कुंती देवी,शांति देवी,हेमंती देवी,कोशल्या देवी,सबाना खातून, जाहिदा खातून,दुलारी देवी, आमना खातून,केशिया देवी, फातिमा खातून समेत काफी संख्या में अभिभावको की उपस्थिति रही ।

### अक्षर देव जी महाराज के जन्म दिन पर असहाय बच्चों के बीच

## पठन-पाठन की सामग्री का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही और अक्षर फाउंडेशन एवं सद्गुरु सदाफलदेव ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सरस्वती संस्कार केंद्र हरला एवं सिंघरावां में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। इस कार्यक्रम में अक्षर देव जी महाराज के जन्म दिन के अवसर पर असहाय बच्चों के बीच पठन - पाठन की सामग्री का वितरण किया गया। बरही संत समाज के प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने कहा कि ऐसे बच्चे जिन पर न समाज और सरकार का ध्यान है, वैसे बच्चों के लिए हमारी संस्था वर्तमान में भी तत्पर है और भविष्य में भी तत्पर रहेगा। कार्यक्रम का संचालन आचार्य चंद्रमोहन मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। उक्त मौके पर विहंगम योग संयोजक संतोष कुमार, महिला प्रमुख उमा कुमारी, सहयोगी विमला देवी, रीता देवी, संस्कार केंद्र संचालिका उषा कुमारी, आचार्य मनोज कुमार, आचार्य अरुण कुमार झा, बरही संत समाज के प्रभारी कृष्णा गुप्ता और उपदेष्टा महेश प्रसाद और संस्कार केंद्र प्रमुख प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## कांग्रेस नेता बिरेंद्र पासवान से मिले मोहम्मद शाहिद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस इंटक प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता बिरेंद्र पासवान के आवास पर वासेपुर के समाजसेवी सह वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन संस्था के कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहिद पहुंचे तथा शिष्टाचार भेंट की। अवैध कोयला की तस्करी के मामले मे बिरेंद्र पासवान द्वारा लगातार उठाये जा रहे आवाज की मोहम्मद शाहिद ने प्रसंशा की और अपना समर्थन दिया। कहा की राष्ट्रीय सम्पत्ति कोयला को बचाने के लिए आप जो दिन रात संघर्ष कर रहे हैं, हम आपके साथ हैं। आप अपना आंदोलन जारी रखें।

## मातृ पितृ पुजन, भारतीय सांस्सकृति का प्रतिक है : अमित सिंह

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रॉयल रूट्स प्ले स्कूल महुदा मे मातृ पितृ पुजन समारोह की तैयारी को लेकर स्कूल प्रबन्धन सक्रीय रूप से अंजाम दिया जा रहा है । मुख्य समन्वयक अमीत सिंह ने बताया है 26 फरवरी को स्कूल परिवार की और से चतुर्थ वार्षिक समारोह का आयोजित है, जिसमे दो सौ पचास बच्चा, पाँच सौ माता पिता, दौ सौ शिक्षा प्रेमी अतिथी, कुल एक हजार से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित है । इस कार्यक्रम मे बच्चों के द्वारा भारतीय सांस्कृति के तहत अपने अपने माता पिता का चरण स्पपर्स कर पुजन कार्य करेगें। और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा इसी बीच अतिथि का सम्बोधन होगा । तैयारी को अन्तिम रूप देने के लिए संरक्षक निर्मल कुमार रवानी अधिवक्ता के नेतृत्व मे पुरा स्कुल परिवार लगनशिल है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया कोवाड मुख्य पथ पर स्थित ग्राम मरकोडिह निवासी गोपी साव का पोता एवं इन्द्रदेव साव का सतरह वर्षीय पुत्र सुरज साव बरहमसिया मोड से मरकोडीह स्थित अपना घर वापस लौट रहा था इस बीच अनियंत्रित होकर दिवाल में टकरा गया जिससे माथे में गहरी चोट लग गया. आननफानन में स्थानीय लोगों के द्वारा घायल युवक को मां अम्बे होस्पीटल बरहमसिया में भर्ती करवाया गया जहाँ डाक्टर ने देखते हीं उसे मृत्यु घोषित कर दिया इस खबर को सुनते हीं परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।

## शुरू हुआ खेलो इंडिया साइकिलिंग प्रतियोगता, सात राज्यों की बेटियां हो रही शामिल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज़िले के तपो भूमि सम्मेद शिखर मधुबन के दिगंबर जैन शाश्वत ट्रस्ट परिसर में शनिवार से शाश्वत ट्रस्ट के सहयोग से भारत खेल प्राधिकरण और साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का दो दिवसीय विमेंस साइकिलिंग लीग का उद्घाटन ज़िला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने किया ।इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष शिखर चंद पहाड़िया और सदस्य ए सायद्दि के साथ डुमरी एसडीएम प्रेमलता मुर्मू और समेत कई अधिकारी शामिल हुए. झारखंड बिहार उड़ीसा, मणिपुर और दिल्ली समेत कई राज्यों की बेटियां शामिल हुई है. महिला एनसीसी कैडेट्स के महिलाएं ड्रेस कोड में ड्रम सेट की धुन के साथ परिसर से निकली। वही तपोभूमि में पहली बार हुए इतने शानदार आयोजन को देखने के लिए भी जैन समाज के साथ पूरा मधुबन सड़कों पर दिखा. बेटियों के साइकिल प्रतियोगता को लेकर कई स्थानों पर उनका स्वागत किया गया. प्रतियोगिता में शामिल होने वाली लड़कियां मधुबन का भ्रमण करते हुए मधुबन मोड़ पहुंची. जहां से इनका साइकिलिंग प्रतियोगता की शुरुआत हुई. दूसरे दिन रविवार को इस साइकलिंग प्रतियोगता लीग का समापन और रनरअप प्रतिभागियों को पुरस्कृत और सम्मानित कर किया जाएगा।

## घटिया सड़क निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया के मन्द्रामो से शिव शक्ति धाम जोड़ने वाली सड़क का घटिया तरीके से निर्माण किए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा सड़क का निर्माण छोटकी सरिया से गुजर रही है शनिवार को ग्रामीणों ने इस निर्माण पर कई खराबियों को दिखाया बताया। गावं के विशेश्वर मंडल, सूरज मंडल, पीयूष कुमार,उर्मिला देवी,,शिबू कुमार,सूरज राणा,पिंटू मंडल, कार्तिक पासवान ने बताया कि सड़क निर्माण में योजना से सम्बन्धीत कोई बोर्ड नही लगाया गया है सड़क में कंक्रीट की मात्रा में गड़बड़ी किया जा रहा ढलाई में केवल छरी ही दिखता है निर्माण के साथ ही कई स्थानों पर टूटने लगी है सीमेंट की मात्रा न के बराबर दी गई है इनलोगो ने कहा कि जल्द ही गुणवत्ता में सुधार नही किया जाएगा तो हम सब कार्य मे रोक लगाएंगे।

इधर मामले पर जेई गणेश ठाकुर ने बताया कि निर्माण में अनियमितता की शिकायत मिली है जल्द ही जांच किया जाएगा।

## प्रखंड प्रमुख के घर वर वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे वासेपुर के समाजसेवी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी



के देवर तथा एएसजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर संजय रजक के भाई का विवाह बहुत ही धूम धाम से संपन्न हुआ। प्रीतिभोज के मौके पर टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, वार्ड संख्या 14 की पार्षद पद की उम्मीदवार जुली परवीन उर्फ जुली बाजी एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ सहित शहर के कई गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे। सभी ने वर वधु को नव दांपत्य जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वर वधु के परिजन सहित हज़ारों लोग उपस्थित थे। सभी ने वर अजय कुमार रजक एवं वधु कुमारी नेहा को आशीर्वाद दिया।

# रेलवे के अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में हंगामा, लाठी चार्ज

# दुकानदारों ने किया आत्मदाह का प्रयास, स्थिति नियंत्रण में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेल प्रबंधन द्वारा शनिवार को धनबाद के स्टेशन रोड से डीआरएम चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चला लेकिन फुटपाथ दुकानदारों द्वारा इस दौरान जमकर हंगामा किया गया। फुटपाथ दुकानदारों द्वारा न सिर्फ आगजनी कर स्टेशन रोड को जाम कर दिया गया बल्कि कुछ दुकानदारों ने अपने ऊपर तेल छिड़कर आत्मदाह करने का भी प्रयास किया। जिसके बाद धनबाद रेल पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। जानकारी के अनुसार धनबाद रेल प्रबंधन द्वारा शुक्रवार को लाउडस्पीकर के माध्यम से स्टेशन रोड से डीआरएम चौक तक की जमीन पर अपनी दुकान लगा कर जीविकोपार्जन कर रहे दुकानदारों को अपनी दुकान वहाँ से हटा लेने को कहा गया था। उसी आलोक में आज





रेल प्रशासन डोजर और सुरक्षा बलों के साथ स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। जिसके विरोध में फुटपाथ दुकानदार एकजुट होकर आगजनी कर स्टेशन रोड को जाम कर दिये। इसके बावजूद रेल प्रशासन का अतिक्रमण हटाव अभियान नही रुकता देख कुछ दुकानदारों ने अपने ऊपर तेल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास करने लगे। जिसे रेल पुलिस ने विफल कर दिया। इसके बाद दुकानदारों ने दूकान तोड़ रहे डोजर को रोकने के लिए सड़क पर लेट गए। साथ ही कुछ दुकनदार डोजर के सामने खड़े हो गए। जिसके बाद डोजर को वहां से पीछे हटना पड़ा और कुछ समय के लिए इस अभियान को रोक दिया गया। माहौल बिगड़ता देख रेल प्रशासन ने दुकानदारों को मौके से हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। जिसके बाद दुकनदार मौके से हटे। फुटपाथ दुकानदार समिति के अध्यक्ष राम नारायण सिंह ने बताया कि करीब तीन पीढ़ियों से लगभग ढाई सौ दुकनदार स्टेशन रोड के किनारे अपनी दुकान लगा कर अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आ रहे है। लेकिन आज अचानक बिना किसी नोटिस के उनके दुकानों को रेल प्रशासन द्वारा उजाड़ा जा रहा है। जबकि यह भूमि रेल प्रशासन की भी नही है। यह जमीन धनबाद जिला प्रशासन के अधीन है। उसके बावजूद बिना पुनर्वास के दुकानदारों को यहां से उजाड़ देना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया था कि बिना पुनर्वास के उन्हें यहां से उजाड़ा नही जाएगा। वहीं दूसरी ओर धनबाद रेल प्रशासन का कहना है कि बीते शुक्रवार को यहां अतिक्रमण कर दुकान चला रहे दुकादरों को मुनादी के जरिए सूचना दे दी गई थी कि वो अपनी अपनी दुकानों को यहाँ से हटा लें। अतिक्रमण हटाने पहुंचे धनबाद अंचल निरीक्षक श्यामलाल मांझी ने कहा कि दुकानदार यहां से हटने को तैयार नही थे, साथ ही उन्होंने हंगमा भी किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## शिक्षक के अभाव में पढ़ाई हो रही बाधित



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विधालय पुरानी लुप्पी बच्चे शिक्षक के आभाव में पढाई नहीं कर पा रहे है। इस विधालय में 170 बच्चे का नामांकन है लेकिन शिक्षक तीन ही है। इतने बच्चे के बिच तीन शिक्षक पर्याप्त नहीं है जिस वजह से बच्चे का शिक्षा वाधित हो रही है। कई ऐसे विधालय है जहा 15 से 20 बच्चे है और वह तीन से चार शिक्षक है वही जहा अधिक बच्चे है वहा शिक्षकों की कमी है। इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग को गंभीर होने की जरुरत है और जहा अधिक बच्चे है वहा शिक्षकों को बढ़ाने की जरुरत है।

## गिरिडीह : अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 24 बाईक के साथ तीन गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ शनिवार सुभको बडी कार्रवाई की । वही एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अहले सुबह की गई छापेमारी के दौरान मुफस्सिल थाना इलाके के ओपेन्कास्ट से कोयला लदी 16 बाइक व 1 स्कूटी, बेंगाबाद से चार और पचम्बा से अवैध कोयला लदी तीन बाइक जब्त की गई है. इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है । गिरफ्तार लोगों को पचंबा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है. इधर पुलिस के इस कार्रवाई के बाद कोयला माफियाओं के हड़कंप मच गया है. बता दें कि सीसीएल कोलयरी इलाके से लगातार रात के अंधेरे में कोयला माफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला की चोरी कर तस्करी की जा रही है. इसी सूचना के बाद एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया और यह कार्रवाई की गई. इस बाबत एसडीपीओ सिंह ने बताया कि अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई



लगातार जारी रहेगी।

## मालवाहक टैम्पू व बाईक में टक्कर दो सगे भाइयों की मौत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** गोविंदपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित महाराजगंज दुर्गा मंदिर के समीप शुक्रवार की देर रात मालवाहक टैम्पू और बाईक में जोरदार टक्कर होने से दो सगे भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि गोविंदपुर प्रखंड के आसनबनी गांव के रहने वाले दो सगे भाई सुरेश रजवार एवं धनंजय रजवार टुंडी प्रखंड के काशीटांड किसी शादी समारोह में भाग लेकर वापस अपने घर जा रहे थे तभी अचानक दोनों वाहनों की आपस में टक्कर हो गई और जिससे दोनों सगे भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टुंडी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है और आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।

## डीईओ ने दो स्कूलों में किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** गिरिडीह डीईओ एन ए टोपो ने शनिवार को सरिया के गर्ल्स हाई स्कूल एवं टेन प्लस टू स्कूल का औचक निरीक्षण किया। डीईओ सबसे पहले गर्ल्स स्कूल पहुंची जहां पर जर्जर हो चुके भवन को देखा इसके बाद साफ सफाई व शौचालय का भी देखा साथ ही स्कूल के प्राचार्य को बाथरूम को दुरुस्त करने की हिदायत दी साथ ही वहां मौजूद शिक्षकों से छात्रों के पढ़ाई के प्रति ध्यान देने की बात कही। इस स्कूल से निकलने के बाद झंडा चौक स्थित टेन प्लस टू स्कूल आई यहां पर सबसे पहले सभी वर्गो में पहुंची व छात्रों से कई जानकारी ली फिर कम्प्यूटर लेब गई जहां पर



कम्प्यूटर शिक्षक नही थे इस पर स्कूल के प्राचार्य खूबलाल पंडित ने बताया कि इसके शिक्षक नही है तब डीईओ ने निर्देश दिया कि कम्प्यूटर की जानकारी रखने वाले जो भी शिक्षक है उन्हें जिमेवारी सोपिए। वही स्कूल की शिक्षिका वर्षा रानी से कई बिंदुओं पर सुधार कर लेने की हिदायत दी स्कूल के छात्रों ने डीईओ से फिजिकल शिक्षक की मांग भी की स्कूल में चल रहे शिक्षकों की ट्रेनिग स्थल भी जाकर जानकारी ली।

## सरिया एफसीआई गोदाम से अनाजों की हेराफेरी मामले की जांच शुरू

### उपायुक्तकी गठित टीम ने सरिया एफसीआई पीजी वन गोदाम में किया जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया एफसीआई गोदाम से ट्रको के माध्यम से दूसरे जिलों व राज्यो में गेहूं चावल की कालाबजारी की शिकायत मिलने एवं अगस्त माह में निमियाघाट के पास एक ट्रक गेहूं पकड़ेजाने के मामले की जांच के लिए उपायुक्त गिरिडीह ने एक उच्च स्तरीय टीम का गठन किया जिसको सम्बंधित मामले की जाँच की जिम्मेवारी सौपी गई, इस टीम में डीआरडीए के निदेशक अलोक कुमार, डीएसओ गौतम भगत एवं सरिया बीडीओ पायल राज को शामिल किया गया ।



**जाँच टीम एफसीआई पीइजी 1 गोदाम पहुंची :-** अनाजो की हेराफेरी मामले की जांच को लेकर गठित टीम नेशुक्रवार को छत्रबाद स्थित एफसीआई पी इ जी 1 गोदाम पहुंची यहाँ पर इनलोगो ने अगस्त 2022 में कालाबाजारी के लिये जा रहे एक ट्रक अनाज जो जिटी रोड के निमियाघाट में कुछ लोगो के द्वारा पकड़ी गई थी इस मामले को लेकर सरिया थाना में एमओ के आवेदन पर मामला दर्ज हुवा था इसकी जाँच शुरू की और एफसीआई गोदाम से गेट पास, स्टॉक,डिस्पैच एवम सम्बंधित अन्य कागजातों को उठाया और विभिन्न आरोपों पर वहां मौजूद गोदाम संचालक एवम कर्मियों से जानकारी ली। इधर पत्रकारों से बातचीत में निदेशक आलोक कुमार ने अप्रत्यक्ष रूप से इस बात की शंका जताई की अनाजो की हेराफेरी से इंकार नहीं किया जा सकता सभी कागजातों की गहनता से जाँच के बाद उपायुक्त गिरिडीह को रिपोर्ट सौंप दी जायेगी।

**रंजन कुमार पीएमओ में की थी शिकायत :-** सरिया के निवासी रंजन कुमार ने जो विभिन्न समाजिक कार्यो में लगे रहते है इन्होने ही पीएमओ कार्यालय में दिसंबर 2022 में शिकायत दर्ज कराई थी की सरिया में गरीबो को दी जाने वाली अनाज की बड़ी पैमाने पर कालाबाजारी की गई है इस पर उचित जाँच की मांग की गई थी।

## बीसीसीएल के सीएमडी से मिले कांग्रेस नेता रणविजय सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयला भवन मुख्य कार्यालय में बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता से मुलाकात करने पहुँचे बी.जे.के.एम.एस के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह। सिंह ने समीरण दत्ता को बीसीसीएल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र एवं असंगठित मज़दूर एवं बीसीसीएल में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही माँ लिलोरी मंदिर स्थित कतरी नदी की साफ सफाई एवं पूर्ण रूप से निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं से भी अगवत कराया। सीएमडी समीरण दत्ता ने सभी समस्याओं को संज्ञान में लेकर तुरंत ही समाधान करने पर सहमति जताई।

## भूली में हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन

## देश की जनता 2024 में मोदी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी : बैभव सिन्हा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भूली :** भूली नगर कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग द्वारा अरुण कुमार मंडल की अध्यक्षता में भूली नगर में हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदयात्रा जोरदार नारेबाजी के साथ भूली नगर के वीर कुंवर सिंह चौक से ए ब्लॉक मोड़ होते हुए बी ब्लॉक मोड़ पर जाकर समाप्त हुई। हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मलिक एवं झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव बैभव सिन्हा उपस्थित हुए। कहा कि आज देश में भूख, भय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है। आज देश का युवा बेरोजगारी और महंगाई से लड़ रहा है किन्तु प्रधानमंत्री को देश की जनता की कोई फिक्र नहीं है। कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच अपने मुद्दों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। देश की जनता 2024 में मोदी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी।

## महुदा : नेपाल रवानी का मनाया गया शहादत दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** शहिद कॉ0 नेपाल रवानी का 33वाँ शहादत दिवस महुदा बजार में निर्मल कुमार रवानी के नेतृत्व में मनाया गया, जिसमें मौके पर मुख्य रूप से सुचित रवानी, राजेश रवानी, अनिल रजक, कमाल अंसारी, परेश कुभकार,सिराज खान, तारा कुभकार, कार्तिक बाउरी, गुड्डू अंसारी, लालु खान, भुलन महतो, मधु दास, गोविन्द दास, महेश्वर गोप, निताई कुम्भार, नारायण रवानी, राजेश रजक, दिलप ठाकूर, गोपाल दास आदि लोगो के द्वारा बडी जोश के साथ नेपाल बाबु का सहादस दिवस मनाया गया, वक्ताओ ने कहा कि नेपाल बाबु का शहादस झारखणड के लोगो द्वारा बेकार नही जाने दिया जायगा ढ्ढ झारखण्डी के हित में सरकार काम कर रही है उम्मिद है, 1932 खतियान लागु कर स्थानिय बेरोजगारों के हर हाथ में नौकरी देने की काम करेगी जो शहिदों का सपना था इसी सरकार पुरा करेगी ।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने बाल मित्र कार्यालय बनाने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** 25 फरवरी झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल तिवारी बोकारो जिले के दौरे पर थे। उन्होंने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने जिले के खनन क्षेत्रों में बाल मजदूरी,जिले में अनिबंधित विद्यालयों, विद्यालयों में दिव्यांग छात्रों आदि के संबंध में चर्चा की। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री उपस्थित थी। उधर, झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री उज्जवल तिवारी ने समाहरणालय सभागार में बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यो की जानकारी अलग ङ्क अलग विभागों के पदाधिकारियों से ली। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी ली। सीएसआर से बच्चों के लिए किये गए कार्य/ श्रम विभाग द्वारा जिले में बाल श्रमिकों को मुक्त कराने/कार्रवाई, शिक्षा विभाग से बच्चों के पठन ङ्क पाठन/अन्य योजनाओं, दिव्यांग




बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में क्रमवार जानकारी ली।

उन्होंने जिले के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। कई कार्यो को लेकर प्रशंसा भी व्यक्त की। तिवारी ने बाल कल्याण समिति एवं बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय को बाल मित्र कार्यालय बनाने का निर्देश दिया साथ बाल कल्याण समिति के कार्यालय में दो गार्ड की नियुक्ति का भी निर्देश दिया ।

## लापरवाही: सवारी गाड़ियों की छत पर बैठ सरेआम स्कूल जा रहे हैं बच्चे, हादसे को दे रहे निमंत्रण

### यातायात नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां, प्रशासन मौन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रोड सेफ्टी के नियम का सख्ती से पालन कराने का निर्देश है और रोड सेफ्टी के दावे भी किए जाते रहे हैं। लेकिन यह दावे बाइक चेकिंग तक है सिमट कर रह गई है। सड़क पर बड़े वाहनों में पैसेंजर की ओवरलोडिंग एकदम नहीं रुकी है और ना ही इसे रोकने के प्रयास हो रहे हैं। सरकार ने बसों व अन्य सवारी वाहनों के भीतर सीट के अनुसार ही सवारी बैठाने का निर्देश दिया है लेकिन इसका कहीं भी असर नहीं दिख रहा है। जलडेगा में खुलेआम सवारी गाड़ियों के छतों पर बेतरतीब ढंग से सवारियों को ढोया जा रहा है। जिन्हे देखने वाला कोई नहीं है। रोड सेफ्टी को लेकर सड़कों पर बड़े छोटे सभी बहनों की चेकिंग की जानी है और इसके लिए बड़े छोटे अधिकारियों सबको सड़क पर उतरना है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा। जिले स्तर पर हो या प्रखंड स्तर में हो पिछले कुछ सालों में शायद ही कोई ऐसा मामला हो जब ओवरलोडिंग को लेकर फाइन हुआ हो। जलडेगा की ग्रामीण सड़कों पर आए दिन यातायात नियमों उल्लंघन रोज दिखता है। जलडेगा से चलने वाली महतो सुपर, संजय सुपर, नाग सुपर, हुड़ी बाबा नामक सवारी गाड़ियों में उपर से लेकर अंदर तक सवारियों को भरकर ओवरलोडिग चलाया जा रहा है। यही नहीं इन सभी गाड़ियों में ज्यादातर स्कूली बच्चों को गाड़ियों के छतों पर बैठाया जाता है। ऐसे में अगर घटना होती है तो बड़े पैमाने पर जान माल का नुकसान होगा लेकिन परिवहन विभाग इस पर मौन है।

**ओवरलोडिंग पर किसी का ध्यान नहीं**

इस ओर संबंधित विभाग के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिवहन विभाग और पुलिस का जोर सिर्फ बड़े वाहनों और मोटरसाइकिल चेकिंग पर ही है। सवारी गाड़ियों की ओवरलोडिंग को अनदेखा किया जा रहा है। पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन नतीजा इसके विपरित देखा जा रहा है। सवारी गाड़ियों के संचालकों द्वारा थाना के पास ही खुले आम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस पर लोगों का कहना है पुलिस बाइक चेकिंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वालों के ऊपर तुरंत कारवाई करते हुए गाड़ी को थाना ले जाती है तो कहीं फाइन कर देती है, लेकिन ऐसे गंभीर मामलों पर नियम कानून कहां चला जाता है।

## उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के चयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। इसमें प्रखण्ड स्तरीय लाभुक चयन समिति द्वारा स्वीकृत सूची की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई। भण्डरा प्रखण्ड से प्राप्त सूची पर विधायक प्रतिनिधि, 72-लोहरदगा द्वारा आपत्ति जताये जाने के उपरांत उपायुक्त द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी को सूची में त्रुटि का निराकरण हेतु उक्त सूची को संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को वापस भेजे जाने का निदेश दिया गया। भण्डरा प्रखण्ड को छोड़ अन्य प्रखण्डों से प्राप्त सूची पर सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। लाभुकों में दो गाय की योजना, 05 गाय की योजना, 10 गाय की योजना, हस्त चालित चैफ कटर, विद्युत चालित चैफ कटर, मिल्किंग मशीन, पनीर एवं खोआ, वर्मी कंपोस्ट और काउ मैट की योजना के लाभुक हैं। आज की बैठक में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर बीरेंद्र उराँव, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डेयरी तकनीकी अफसर उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण कार्य बाधित करने के आरोप में तीन अज्ञात उग्रवादी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटा से पाली तक पथ निर्माण में बाधा पहुंचाने एवं मजदूरों का मोबाइल लूटने के आरोप में जेजेएमपी संगठन के तीन अज्ञात उग्रवादी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के घाटा से पाली पतलो तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य में जेजेएमपी संगठन के तीन अज्ञात उग्रवादी द्वारा निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने तथा पांच मजदूरों से मोबाइल लूटने की घटना के आरोप में शुक्रवार देर रात प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया। बताया जाता है कि पाली ग्राम अन्तर्गत कजरहट नदी के समीप सड़क निर्माण के लिये जेसीबी मशीन से मिट्टी हटाने का कार्य कराया जा रहा था। जहां गुरुवार को एक बाइक पर तीन उग्रवादी आये और मजदूर एवं जेसीबी चालक को कार्य बन्द करने का फरमान जारी करते हुए मोबाइल लूट कर हथियार लहराते हुए भाग निकले जिसकी सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए जेसीबी मशीन को थाना में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई थी। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि संवेदक रामबालक साहू के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए एवं जांचोपरांत 24 फरवरी को कांड संख्या 27/23 दर्ज कर धारा 386, 387, 34 आईपीसी एवं 17 सी एल एक्ट के तहत जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के तीन अज्ञात उग्रवादीयों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## शादी समारोह से घर लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा कब्रिस्तान के समीप देर शाम सड़क दुर्घटना में उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबूटी के सहायक शिक्षक घायल प्राथमिक उपचार के पश्चात किया गया रेफर। सेन्हा थाना अन्तर्गत लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा कब्रिस्तान के समीप सड़क दुर्घटना में शिक्षक प्रदीप कुमार घायल हो गये। बताया जाता है कि शिक्षक सेन्हा स्थित अपने जीजा प्रेम कुमार साहु के घर शादी समारोह में आये हुए थे। और देर रात लगभग 11 बजे लोहरदगा अपने निवास स्थान जा रहे थे। उसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और शिक्षक सड़क पर गिर कर घायल अवस्था में पड़े हुए थे। जिसे स्थनीय ग्रामीणों के सहयोग से सेन्हा सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त बेहतर इलाज हेतु लोहरदगा रेफर कर दिया गया। लेकिन घायल की स्थिति में सुधार नही होने पर लोहरदगा से र रिम्स राँची रेफर कर दिया गया। शिक्षक के घायल हो जाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे 2 मीटर पर बिजली का खम्भा है। जहां पर अधिकतर मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिरते हैं इसके अलावे सेन्हा जंगल से लेकर सेन्हा थाना के समीप तक रोड किनारे रात्रि में भारी वाहन खड़ा रहता है और जैसे तैसे वाहन खड़ा करने के कारण भी आये दिन दुर्घटना होना आम हो गया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि कभी कोई खड़ी ट्रक वाहन में टक्कर मार देता है तो कभी बिजली के खम्भा में इस तरह बाइक चालक व यात्रियों को राह चलने काफी दिक्कत होती है। जिसे दुर्घटना का ग्राफ बढ़ रहा है। यह आलम प्रतिदिन सेन्हा डिपू से सेन्हा थाना तक देखने को मिल रहा है।

## युवा सद्भावना मंच के बैनर तले हुद्दू बनाम गितिलगढ़ के वालीबाल मैच मे गितिलगढ़ विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 25 फरवरी शनिवार को प्रखंड के हनहट पंचायत के हुद्दू मे युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान मे हुद्दू बनाम गितिलगढ़ के बीच वालीबाल मैच का कीया गया आयोजन, जिसमे गितीलगढ़ की टीम हूई विजयी। युवा सद्भावना मैच में मुख्य रूप से कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कैरो थाना के पूलिस अवर निरीक्षक ऋषिकान्त कुमार, ए0एस0आई0 धर्मेद्र कुमार, पीएम आवास प्रखंड संन्यवक दिनेश कुमार, पंचयात के मुखिया श्रवण मुंडा की मुख्य रूप से उपस्थिति में मैच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।मैच कार्यक्रम में उपस्थित प्रविपदा0 श्री महतो ने कहा कि इस तरह के सद्भावना मैच कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न धर्म समुदाय के युवा चाहे वह हिन्दू हो या मुस्लिम हो किसी भी धर्म समुदाय को हो, सभी को एक सूत्र में जोड़ना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। मौके पर खिलाड़ी युवाओं को युवा सद्भावना मंच का प्रमाण पत्र वितरण करते हुए प्रविपदा0 ने युवाओं को सरकार की और से कौशल विकास प्रशिक्षण मे भाग लेने हेतु प्रेरित किया, साथ ही प्रशिक्षित होकर रोजगार के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनने की बात कही। मौके पर उक्त सदभावना मैच मे उपरोक्त अधिकारीयो के अलावा दोनो टीम के खिलाड़ी के अतिरिक्त गाँव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## गांव में जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने का प्रयास एक सराहनीय एवं पुण्य का कार्य : बीडीओ

➲ मैटिक्श फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स के द्वारा नि;शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** प्रखंड भण्डरा के बाजार टाड़ के समीप निर्माधीन सिद्धि दायनी दुर्गा मंदिर परिसर में 25 फरवरी शनिवार को मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड की ओर से मेगा निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार,डॉक्टर सुमन कुमार,स्टार डिस्टीब्यूटर आनंद साहू, सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वरी मोहन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ रणजीत सिन्हा ने कहा कि समय-समय पर ऐसे शिविर लगाने की कोशिश की जाएगी, ताकि लोगों की स्वास्थ्य जांच निशुल्क हो सके। उन्होंने कम्पनी एव डॉक्टर की टीम और स्थानीय लोगों की शिविर को कामयाब बनाने के लिए सराहना की। सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा कि गांव में जरूरतमंदों के बीच जाकर उनको स्वास्थ्य लाभ दिलाने का कम्पनी का यह प्रयास सराहनीय है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा की शिविर सराहनीय है सभी ग्रामीण लाभ उठाये। शिविर में डा. सुमन कुमार ने क्षेत्र के जरूरतमंद व आम लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के विवेक कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी सीएसआर योजना के तहत सुदूर ग्रामीण इलाकों में शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को निश्शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए संकल्पित है। कंपनी की ओर से समय समय पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम हजार लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। शिविर में पहुंचे लोगों की निश्शुल्क ईसीजी, बीपी, कोरोना व रक्त जांच की गई। साथ ही उन्हें संबंधित रोगों के उपचार के लिए निश्शुल्क दवाएं दी गई। संबंधित मरीजों को स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए गए।

## अंजलि उरांव की मौत का उच्च स्तरीय जांच करवाएं सरकार : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा के जोरी गडरीपाड़ा गांव के रहने वाली जेएसएसपीएस कैडेट एथलीट अंजलि उरांव की मौत की सूचना मिलने के बाद लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू शनिवार को गडरीपाड़ा गांव पहुंचकर स्वर्गीय अंजलि उरांव के शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मौत की उच्च स्तरीय जांच एवं मुआवजा दिलाने के लिए पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिए। मौके पर परिजनों ने श्री साहू को बताया कि आज तक जिला प्रशासन की ओर से उनके परिजनों से मिलने अभी तक कोई नहीं आया है। मौके पर सही श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त से वार्ता कर उन्हें बताया कि आज तक जिला की ओर से अंजलि उरांव के घर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी घटना की जानकारी लेने नहीं पहुंचे हैं जिसके कारण शोकाकुल परिवार काफी दुखी है। उपायुक्त ने त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा को अंजलि उरांव के घर भेज कर घटना की पूरी जानकारी प्राप्त किए। श्री साहू ने मौके पर से ही झारखंड सरकार के खेल मंत्री हफीजुल हसन के आप्त सचिव से वार्ता कर उन्हें मंत्री जी को पूरी घटना की जानकारी देकर इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग किए। श्री साहू ने कहा कि पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिए हैं कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर इस मामले को सदन में उठाया जाएगा। मौके पर स्वर्गीय अंजली उरांव के पिता भोला उरांव, बहन किरण उरांव, संगीता उरांव, हीरामणि उरांव, सुखमणि उरांव भाई सुजीत उरांव, संदीप उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आदिवासी कर्मचारी समिति ने आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा आगमी सरहुल पूर्व संध्या (खद्दी) समारोह हेतु बैठक आज समाहरणालय मैदान लोहरदगा में समिति सम्मानित जिला अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता मे की गई। जिसमें निम्न निर्णय लि गई वत प्रस्ताव को पारित किया गया। प्रखंड वार सहयोग राशि लेने के लिए कर्मियों को जिम्मेवारी दी गई जिसमें प्रखंड/अंचल, लोहरदगा-सत्यदेव भगत एवं दिनेश उरांव, किस्को-बिफाई उरांव एवं अभिषेक एक्का, सेन्हा-सुश्री अंजू एवं नागमणि उरांव, कुडू-रीना उरांव एवं किशोर उरांव, कैरो-गुहा उरांव, पेशरार-सुनील मिंज एवं इंद्रजीत उरांव, भंडरा-सुश्री बिना भगत एवं चंद्र किशोर भगत, जिला मुख्यालय-अरविंद उरांव, धनंजय भगत एवं सुरेंद्र उरांव इसके अलावा प्रस्ताव नंबर 2 सहयोग राशि 27.2. 2023 से लेना प्रारंभ कर दें, कार्यक्रम में भाग लेने वाले समूह का नाम अगले बैठक में अनिवार्य रूप से सभी देंगे। अगला बैठक दिनांक 4 .03. 2023 को समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में रखी गई, जिसमें अनिवार्य रूप से सभी लोग आने का कृपा करेंगे। सभी सक्रिय सदस्यों को आगामी बैठक हेतु अपने-अपने संपर्क में सूचित करने का कृपा करेंगे। आज के बैठक में किशोर उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई।

## भगवा रंग में रंगा सिमडेगा का तामड़ा गांव कलश यात्रा में गूंजे हर-हर महादेव के नारे

➲ कलश यात्रा के साथ तामड़ा में आरंभ हुआ तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई कलश यात्रा टभाडीह पालामाडा नदी से शुरू हुई जहां पर ढाई हजार से अधिक महिलाओं ने कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर सभी प्रकार वैदिक मंत्रोचार आचार्य सतीश पाठक के द्वारा किया गया वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संत उमाकांत जी महाराज उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी लोगों को सामूहिक रूप से जल लेकर संकल्प कराया गया। जिसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई 5 किलोमीटर की लंबी कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करने के पश्चात शिव मंदिर पहुंची इससे पूर्व हर हर महादेव और भगवा रंग के रंग में पूरा गांव रंग दिया। सभी लोगों ने जय श्री राम हर हर महादेव बोल बम के नारे के साथ पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना, कलश यात्रा के समापन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया जहां पर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया जिसके बाद वहां पर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन वेदी पूजन शुरू हुई जिसमें आचार्य सतीश पाठक के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं जबकि यजमान के रूप में मुनीलाल केसरी सपत्नीक, देवेंद्र अग्रवाल सपत्नीक, संजू केसरी सपत्नीक, राहुल मिश्रा सपत्नीक, इसके अलावा जगदीश गोयल के पुत्र एवं पुत्रवधू यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। शिव मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि वेदी पूजन के पश्चात आज सुबह 9:00 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का प्रारंभ किया जाएगा जिसके लिए आसपास के दर्जनों कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जलाधिवास, घृताधिवास, शक्कराधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं सायनाधिवास की विधिवत पूजन की जाएगी जिसके बाद आरती के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न होगा वही सोमवार को हवन पूजन एवं भंडारे के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के सभी लोगों की सराहनीय भूमिका है। कार्यक्रम में विधि व्यवस्था को लेकर मुख्य रूप से मुफस्सिल थाना प्रभारी देव कुमार दास पूरे दलबल के साथ इसके अलावा पुलिस पदाधिकारी एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि धार्मिक अनुष्ठान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो वही कार्यक्रम की विधि व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा अजय कुमार रजक एवं अंचलाधिकारी प्रताप मिंज आकर निरीक्षण किया।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती ने पन्ना प्रमुख सत्यापन को लेकर की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव और प्रदेश से सत्यनारायण सिंह जी शामिल रहे।आज के बैठक का उद्देश्य विभिन्न बूथों के पन्ना प्रमुखों की सत्यापन का था ।जिसमे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बूथों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, मंडल प्रभारी हर्षनाथ महतो, राजेश महतो, शंकर प्रजापति, ज्ञानेश गुप्ता, रामलाल उरांव, विकाश कांस्यकार, संगीता कुमारी, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, राजेश केशरी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## लोहरदगा में फाइलेरिया मुक्त बनाने को लेकर चलाया जा रहा अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर जिला में दिनांक 10-25 फरवरी 2023 तक आयोजित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में लक्ष्य के आलोक में प्राप्त उपलब्धि पर जिला परिषद सभागार में विचार-विमर्श किया गया। भण्डरा प्रखण्ड की उपलब्धि 81 प्रतिशत और कुडू प्रखण्ड की उपलब्धि 80 प्रतिशत रही। इस अभियान में कुल जनसंख्या का 72 प्रतिशत लक्षित समूह माना गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छूटे हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनांक 27.02.2023 से 01.03.2023 तक मॉप-अप-राउंड चलाया जाएगा। फाइलेरिया की बीमारी वूचेरिया बैन्क्राफ्टी कृमि की वजह से होता है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। क्यूलेक्स मच्छर जमे हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं। डीईसी एवं अलबेण्डाजोल गोली की एक खुराक वर्ष में एक बार खिलाने पर 80-90 प्रतिशत तक इस बीमारी के प्रसार पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस बीमारी का डाइग्नोसिस करना आसान नहीं है,जब तक कि किसी अंग को डिफ़ॉर्म नही कर देता है।अतः बीमारी से बचाव के लिए दवा सभी को दी जाती है। बैठक में निदेश दिया गया कि 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अलबेण्डाजोल और डीईसी की दवा नहीं देना है। 1-2 वर्ष की उम्र के बच्चों को डीईसी की गोली नहीं देना है। वहीं अलबेण्डाजोल की आधी गोली को चूर्ण कर (Crush) पानी में मिलाकर देना है। 2-5 वर्ष के बच्चे को डीईसी की 1 गोली चूर्ण कर (Crush) और अलबेण्डाजोल की 1 गोली देना है। 6-14 वर्ष के बच्चों/किशोरों को डीईसी की 2 गोलियां और अलबेण्डाजोल की 1 गोली देना है। 15 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की 3 गोलियां और अलबेण्डाजोल की 1 गोली देना है। गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को डीईसी और अलबेण्डाजोल की गोली नहीं देना है। फाइलेरिया की दवा किसी भी स्थिति में खाली पेट नहीं देना/नहीं खाना है। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान, मलेरिया निरीक्षक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला भीबीडी सलाहकार, सभी प्रखण्डों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## फोटोग्राफी एक हॉबी के साथ-साथ एक बहुत अच्छा करियर भी है : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला प्रशासन सद्भावना मंच द्वारा आज शनिवार को विज्ञान भवन, लोहरदगा में स्ट्रीट फोटोग्राफी कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। इस कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए 25 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि फोटोग्राफी हॉबी के साथ-साथ एक बहुत अच्छा करियर है। जिला में सद्भावना मंच की ओर से आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में आज स्ट्रीट फोटोग्राफी भी जुड़ गया है। अब आगे भी इसमें कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें फोटो के जरिये स्टोरी का कॉन्सेप्ट होगा। आप में अगर यह कला है तो आप इसमें भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि पढ़ाई, खेल के साथ-साथ आप हॉबी के जरिये भी अपना करियर संवार सकते हैं। इसके लिए आपको प्रोफेशनल बनना होगा। आपको कैमरा की बेसिक जानकारी होना आवश्यक है। आज के प्रतियोगिता में फोटोग्राफर विनोद सोनी और प्रीतम कुमार के द्वारा कैमरा के बेसिक की जानकारी दी गयी। साथ ही प्रतियोगिता आयोजित कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतिभागियों द्वारा स्ट्रीट फोटोग्राफी भी की गई। प्रतिभागी अपना फोटो डॉक्यूमेंट फाइल में दो दिनों के अंदर मोबाईल नम्बर 8084458288 पर भेज सकते हैं।

## कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई संपन्न



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी कोलेबिरा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग की अध्यक्षता हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी के संदेश को पंचायत स्तर, बूथ स्तर तथा जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कांग्रेस पार्टी करेगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्षा रोष प्रतिमा सोरेंग, हाथ जोड़ो अभियान प्रभारी फुल केरिया डांग महिला अध्यक्षा महिमा डांग पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी पुर्व अध्यक्ष सुनील खड़िया पंसस ग्रेस जोजो सुरेश द्विवेदी उपाध्यक्ष अनिल समद महासचिव पुनम कुल्लू, सिल्वेस्टर कुल्लू पंचायत अध्यक्ष कंदरू नायक विनय बिलुंग ऐरेन केरकेट्टा, अमृत डुंगडुंग, रवि गोप, बसंत केरकेट्टा वीरसिंग मुंडा आदि उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने एडवोकेट एसोसिएशन को लिखा पत्र

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने वकीलों की अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इसको लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को पत्र लिखकर जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक हाई कोर्ट में कोर्ट नंबर 9 में बड़ी संख्या में अधिवक्ता जो विभिन्न दीवानी मामलों में विरोधी पक्षों और प्रतिभागियों का पक्ष रखते हैं वह निर्धारित तिथि पर अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस मामले को लेकर काउंसिल ने गंभीरता जताते हुए कहा है कि यह अधिवक्ता समुदाय की प्रतिष्ठा और पेशेवर हित से संबंधित मामला है जो सीधे-सीधे पक्षकारों को न्याय से वंचित रखने जैसा है। अदालत से मिली जानकारी के बाद एसोसिएशन को इस पर आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया गया है। अदालत के असंतोष और स्टेट बार काउंसिल की चिंता अधिवक्ताओं के समक्ष रखने की बात कही गई है। पूरे मामले की जानकारी काउंसिल को मिलने के बाद काउंसिल ने झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को पत्र लिखकर कहा है कि अधिवक्ताओं को सूचित किया जाए कि वह अदालत में अपने पक्षकारों के लिए उपस्थित हों।

### झाराखंड में 24 मार्च को सरहुल की छुट्टी, नहीं चलेगा बजट सत्र

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है है। पर 24 मार्च को विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होगी। छुट्टी की सरकारी कैलेंडर में भूलवश 24 मार्च को अवकाश नहीं है, लेकिन इस दिन सरहुल है। इसको देखते हुए विधानसभा पूर्व घोषित कार्यक्रम में फेरबदल करेगा। 27 फरवरी को सदन आहूत होने के पहले दिन कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। इस बैठक में 24 को सत्र स्थगित रखने के फैसले पर आधिकारिक मुहर लगेगी। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने इस बाबत कहा है कि 24 को सरहुल को देखते हुए कार्यवाही आगे बढ़ायी जायेगी। इस पर सत्र के पहले दिन फैसला हो जायेगा। सूचना के मुताबिक 25 मार्च, शनिवार या फिर 27 मार्च, सोमवार को कार्यवाही एक दिन के लिए बढ़ायी जा सकती है।

### चुटिया के श्री त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एक मार्च से

**रांची :** चुटिया की कृष्णापुरी कॉलोनी में नवनिर्मित श्री त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर में प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एक मार्च से शुरू होंगे। एक मार्च को मंदिर से कलशयात्रा निकाली जाएगी और मंडप प्रवेश का अनुष्ठान होगा। दो मार्च को अधिवास और नगर भ्रमण का कार्यक्रम होगा। तीन मार्च को प्राण प्रतिष्ठा और अखंड जाप का कार्यक्रम होगा और चार मार्च को हवन और पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र रजक ने शनिवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के सारे अनुष्ठान पंडित नंदकिशोर दुबे के नेतृत्व में संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर में शिवलिंग के साथ शिव परिवार, राम दरबार, राधा कृष्ण, बजरंगबली और भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

# दिव्यांग व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़े : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ने जिला के सभी योग्य दिव्यांग व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित करने हेतु दिव्यांगता बोर्ड का व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया है। जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी अरगोड़ा, बड़गाई, शहर, हेहल, नामकुम, कांके, नगड़ी, बुंडू को दिव्यांगता बोर्ड का व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया है ताकि सभी छूटे हुए योग्य दिव्यांगजन दिव्यांगता बोर्ड के समक्ष जांच हेतु उपस्थित हो और उनका दिव्यांग का प्रमाण पत्र (आधार कार्ड निर्गत कर योजना से नियमानुसार आच्छादित किया जा सके।उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची को दिव्यांगता कैम्प में जिला के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्रदान कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।रांची जिला सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत दिव्यांगजनों को आच्छादित करने हेतु प्रखण्डवार छुटे हुए सभी दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र आधार कार्ड निर्गत करने हेतु उपायुक्त, द्वारा पूर्व में ही दिए गए निदेश पर तिथिवार कैम्प आयोजित किया जा रहा है।सर्वजन पेंशन योजना अन्तर्गत 05 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्ति को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत होने की स्थिति में योजना का लाभ दिया जाता है। उपायुक्त द्वारा 5 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिव्यांग व्यक्तियों को नियमानुसार सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित करने हेतु कैम्प में ह्वस्त्रद्वस्त्र कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया गया है।राँची जिला में मतदाता सूची के आलोक में 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 27359 है जिसके सापेक्षिक कुल 17139 दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से आच्छादित किया जा चुका है। वर्तमान में कुल 10220 दिव्यांग मतदाता ÷सर्वजन पेंशन योजना से वंचित हैं। उपायुक्त द्वारा सभी दिव्यांग व्यक्ति जो सर्वजन पेंशन योजना की अर्हत्ता रखते हों, साथ ही सभी दिव्यांगजनों का कैम्प आयोजित कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र / आधार कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया गया है।

### राज्यपाल ने राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राज्यपाल की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

**राज्यपाल ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात**


**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात की। राज्यपाल की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।



# रामगढ़ का महाभारत : तीन पूर्व सीएम और वर्तमान सीएम आमने-सामने



**रविन्द्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**



**रांची :** रामगढ़ के महाभारत में 3 पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री आमने-सामने हैं। तीन पूर्व सीएम एक ही पार्टी से आते हैं ~ बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में इन लोगों के द्वारा जमकर खून-पसीना बहाया जा रहा है। वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यूपी प्रत्याशी बजरंगी महती को जिताने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहां मजेदार बात तो यह है कि रामगढ़ के रण में न तो भाजपा का प्रत्याशी है और न ही जेएमएम का। दीगर बात तो यह है कि इस चुनाव में दल का नहीं बल्कि सवाल गठबंधन का है। झारखंड में एनडीए गठबंधन का लाज बचाने की जिम्मेवारी भाजपा की है तो यूपीए गठबंधन का बेड़ा पार लगाने की जवाबदेही जेएमएम के कंधों पर है। यही कारण है कि रामगढ़ के चुनावी महाभारत में बीजेपी और जेएमएम में रार है-तकरार है। दोनों ओर से एक दूसरे पर शब्द रूपी बाणों से जमकर प्रहार किए जा रहे हैं। जनता की अदालत में चुनाव लड़ रहे दोनों ही पार्टियां कांग्रेस और आजसू भी अपने स्तर से हाजिरी लगा रहे हैं। इस चुनाव में झारखंड के सभी मुद्दे सर चढ़कर बोल रहा है। राज्य में यूपीए गठबंधन की ओर से खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कमान संभाले हुए हैं और विपक्ष यानी एनडीए पर वे पूरी तरह से हमलावर हैं। वहीं दूसरी तरफ एनडीए भी राज्य सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। दोनों तरफ से हमले लगातार जारी है। साथ ही शक्ति प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो चुका है। यूपीए प्रत्याशी के समर्थन में शुक्रवार को खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जबरदस्त रोड शो करके शक्ति प्रदर्शन किया। इस रोड शो में गठबंधन में शामिल सभी मित्र दलों ने एकता का परिचय दिया। मुख्यमंत्री का रोड शो करीब 3 किलोमीटर तक हुआ। जिसमें करीब डेढ़ किलोमीटर तक नेता, कार्यकर्ताओं और गाड़ियों की लंबी कतार था। जाम को हटाने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में नेता, कार्यकर्ता व मुख्यमंत्री के आगे हाथ में झंडा बैनर लिए हुए चल रहे थे। इस रोड शो में कांग्रेस,जेएमएम व राजद के नेता-कार्यकर्ता शामिल थे। इधर इनडीए भी लगातार रोड शो व चुनावी सभा कर अपने प्रतिद्वंदी को मात देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि रामगढ़ का ऊंट किस करवट बैठता है। यह उपचुनाव है और इसी उपचुनाव से मिशन 2024 का तस्वीर साफ होगा।

# जमशेदपुरः टाटा स्टील फाउंडेशन को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुरः** झारखंड के राज्यपाल, सी. पी. राधाकृष्णन ने झारखंड और ओडिशा के 24 ब्लॉकों में क्षय रोग (टीबी) के रोगियों की पहचान करने और उन्हें पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने की दिशा में टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। टाटा स्टील फाउंडेशन में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ अनुज भटनागर को राज्यपाल द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक और टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेस के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने कहा, राज्य में टीबी उन्मूलन की दिशा में हमारे प्रयास के लिए झारखंड के राज्यपाल द्वारा मान्यता प्राप्त करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह उस काम में हमारे विश्वास की पुष्टि करता है जो हम करते हैं और हमारे समुदाय हम पर भरोसा करते हैं। हम अपने परिचालन क्षेत्रों में आवश्यकता-आधारित सहायता और समर्थन के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अपना प्रयास जारी रखेंगे।

पब्लिक हेल्थ एक तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है जिसमें टाटा स्टील फाउंडेशन बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाकर बेहतर स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने का प्रयास करता है और निवारक बीमारियों के पोर्टफोलियो को देखता है। इसलिए सरकार के साथ सहयोगात्मक प्रयास इस प्रयास को सही व्यक्तियों तक उनके घर तक ले जाने में सक्षम बनाते हैं। फाउंडेशन ने हाल ही में मदर एंड न्यूबॉर्न सर्वाइवल इनिशिएटिव (मानसी) के 10 साल पूरे किए हैं और वर्तमान में एसडीजी 3 के हमारे लक्ष्य को संचालित करने वाले क्षेत्रों में सिखाने के लिए अगले चरण में प्रवेश कर रहा है।

इसके अलावा, फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, और ऐसी अन्य आवश्यक आवश्यकताओं पर कई कार्यक्रमों के माध्यम से झारखंड और ओडिशा के समुदायों के लिए आवश्यकता-आधारित सहायता पर काम करता है।

टीएसएफ ने निक्षय मित्र परियोजना के तहत झारखंड और ओडिशा के 24 ब्लॉकों को लिया है। इस परियोजना का उद्देश्य गोद लिए गए ब्लॉकों के सभी सहमति देने वाले टीबी रोगियों को मासिक फूड बास्केट किट से सहयोग कर रहा है। यह परियोजना नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 तक प्रभावी है।

झारखंड के संबंधित जिलों में पोटका (पूर्वी सिंहभूम), कुचाई और खरसावां (सराइकेला-खरसावां), बड़ाजामदा और गोइलकेरा (पश्चिम सिंहभूम), मांडू और गोला (रामगढ़), बाघमारा (धनबाद) और ओडिशा के विभिन्न जिलों के विभिन्न ब्लॉक शामिल हैं।

### सुपरहीरो धारावाहिक बालवीर फिर से दर्शकों के बीच

**रांची।** भारत का सबसे पसंदीदा सुपरहीरो धारावाहिक बालवीर, एक बार फिर दर्शकों को मनोरंजित करने आ रहा है। देशभर से बच्चों समेत हर उम्र वर्ग से मिले प्यार व समर्थन को देखते हुए यह शो, रविवार 26 फरवरी, शाम 7~30 बजे से डीडी फ्रीडिश पर उपलब्ध, द क्यू टीवी चैनल पर प्रसारित होने वाला है। दर्शक, चैनल के माध्यम से हर हफ्ते सोमवार से शुक्रवार, छोटे परदे के अब तक के सबसे बड़े सुपरहीरो के रूप में उभरे, बालवीर के धमाकेदार एपिसोड्स का आनंद ले सकते हैं। जबकि शनिवार व रविवार को शो का रिपीट टेलीकास्ट भी देखा जा सकता है। धरती और अंतरिक्ष लोक के इस दमदार सुपर एक्शन शो में एक्टर देव जोशी ने सुपरहीरो बालवीर की मुख्य भूमिका निभाई है। यह कहानी बालवीर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे परियों ने गोद लिया है और जिसके पास 7 परियों की शक्तियाँ हैं। बालवीर एक ऐसा युवा

# वाहन चला कर छात्र पहुंच रहे विद्यालय

## निजी विद्यालयों का अजीब रवैया, नियमों की कर रहे अनदेखी

**गुलाम अहमद रजा@प्रभात मंत्र**



**हजारीबाग :** स्कूली छात्र-छात्राओं में इन दिनों वाहन चला कर विद्यालय जाने का प्रचलन सर चढ़ कर बोल रहा है। ऐसे में शहर की सड़कों पर हर दिन 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तेज रफ्तार में दोपहिया चलाते देखा जा सकता है। वैसे ज्यादतर स्कूल प्रबंधन ने छात्रों के वाहन चला कर स्कूल आने पर सख्त पाबंदी लगा रखी है परंतु कल्लू चौक के समीप अवस्थित एक निजी विद्यालय ने छात्रों को खुली छूट दे रखी है। इतना ही नहीं, खुद विद्यालय प्रशासन ने विद्यालय कैंपस के भीतर विद्यार्थियों के लिए पार्किंग सुविधा दे रखी है। जानकार बताते हैं कि छात्रों को विद्यालय की ओर आकर्षित करने की होड़ में कई प्रयोग किए जा रहे हैं और यह उन्ही में से एक है। नियमों की धज्जियां उड़ाते छात्र-छात्राएं स्कूल यूनिफॉर्म में बिना हेलमेट के बाइक स्कूटी चलाते दिख रहे हैं। साथ ही ट्रैफिक नियमों की भी अनदेखी कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा ये छात्र-छात्राएं ट्रिपल लोड नियम की भी अनदेखी कर रही हैं। सहपाठियों के बीच अलग पहचान बनाने की होड़ में रफ ड्राइविंग, सांपनुमा कटिंग और बुलेट जैसी भारी वाहनों से ऑफरोडिंग के चक्कर में ये कई बार चोटिल भी हो रहे हैं। बताते चलें कि शहर एवं आसपास की सड़कों पर अबतक कई स्कूली छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। इसके बावजूद छात्र छात्राएं बाज नहीं आ रहे हैं और ना ही स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है।

# नेतरहाट सहित अन्य पर्यटन स्थलों को विकसित करने का लिया गया निर्णय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विस्तृत चर्चा करते हुए कुल 30 योजनाओं को सर्वसम्मती से पारित किया गया।

बैठक में विभिन्न नये अधिसूचित किए जाने वाले पर्यटन स्थल मंडल डैम, नैना जलप्रपात, उदयपुरा पहाड़ी, ललमटिया डैम, मोंगर एवं औरंगा नदी के आसङ्कपास सौंदर्यीकरण का कार्य, बक्सा, केचकी, बेतला के पास विद्युतीकरण, नेतरहाट स्थित डैम में पर्यटकों के सुविधा हेतु तैराक की व्यवस्था, चंदवा प्रखंड स्थित ढोंटी गांव में जल प्रपात को विकसित कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दिशा में सूचीबद्ध करने के संबंध में अनुमोदित कराने हेतु विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया।

इस दौरान विभिन्न पर्यटन स्थल के पुराने कार्यों की प्रगति से संबंधित समिति को अवगत कराया गया। लातेहार जिला अंतर्गत प्रमुख पर्यटक स्थलों को विकसित करने के संबंध में तथा चिन्हित किए गए पर्यटक स्थलों में अब तक किए गए कार्यों को लेकर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

जिले में स्थित पर्यटन के क्षेत्रों में बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थलों, क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित करने तथा संबंधित स्थलों के पर्यटकीय विकास हेतु समिति के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने समिति के सदस्यों से फील्ड भ्रमण करने की बात कही, पर्यटन एवं खेल के लिए किस तरह की विकास किए जाएं एवं संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करने की बात कही गई।

उपायुक्त द्वारा पर्यटन मद से कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जानकारियां प्राप्त कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

# रोते-विलखते-सिसकते लोहरदगा का आंसू आखिर कौन पोछेगा?

**राजेश गुप्ता @ लोहरदगा**

**लोहरदगा :** पूरे देश में बॉक्साइड उत्पादन के लिए मशहूर लोहरदगा जिले में एक भी बॉक्साइड आधारित उद्योग की स्थापना नहीं होना, सचमुच चिंता का विषय है। यहां के सांसद व विधायक मालामाल होते चले गए और लोहरदगा कंगाल बनता चला गया। आलम यह है कि यहां के किसान सिंचाई साधनों के बिना तिल-तिल कर मर रहे हैं। युवा रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। यहां की विकास योजनाएं अधिकारियों के लिए कामधेनु के समान है। लोहरदगा में एक लोकसभा और एक विधानसभा क्षेत्र है। लोहरदगा जिला का क्षेत्रफल लगभग 15 सौ वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है। जिले में कांग्रेस और भाजपा ने राज किया। यहां 40 वर्षों तक कांग्रेस ने राज किया। भारतीय जनता पार्टी ने 1989 में ललित उरांव चुनाव जीतकर लोहरदगा से लोकसभा में पहुंचे। इन्होंने अपने 2 टर्म का कार्यकाल पूरा किया। इसके बाद कांग्रेस के इंद्रनाथ भगत सांसद बने। पुनः भाजपा के सांसद प्रो दुखा भगत लोहरदगा के सांसद बने। इन्होंने अपने संसदीय कोष से भक्सो कोयल नदी में पुल का निर्माण कराकर इतिहास रचा। इसके लिए दुखा भगत को सम्मानित भी किया गया। इसके बाद कांग्रेस से डॉ रामेश्वर उरांव 2004 से 2009 तक सांसद रहे। फिलहाल लोहरदगा से वे विधायक सह मंत्री हैं। वही विधायक पद पर साधनु भगत, सुखदेव भगत, कमल किशोर भगत रहे। राज्य में भाजपा और आजसू के गठबंधन की भी सरकार बनी। कई नेताओं ने अपने बल पर जीत का परचम भी लहराया। सुदर्शन भगत लोहरदगा के सांसद लगातार तीन बार रहे। तीसरी चुनाव जीतकर वर्तमान समय में भी वे बने हुए है। सुदर्शन भगत एक ऐसे नेता हैं जो ना की भाजपा में ही बल्कि दूसरे दलों में भी उनकी इज्जत है। लोहरदगा में इतने सांसद और विधायक बनने के बाद भी जिला की स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है। विकास के मामले में लोहरदगा जिला काफी पीछे है। लोहरदगा बॉक्साइट खनन के मामले में झारखंड राज्य का पहला



जिला है, जिसे भी आज तक विकसित नहीं किया जा सका। जिले में हजारों लाखों टन बॉक्साइट दूसरे राज्य को भेजा जाता है। यह जिला एक कृषि प्रधान जिला है। जिसमे 80 प्रतिशत लोग खेती कर अपना जीविका चलाते है। यहाँ के लोगो को हिंडाल्को से उम्मीद थी लेकिन वह भी पूरा नहीं हुआ। आज तक किसी सरकार ने भी इस बारे में नहीं सोचा। लोहरदगा जिला में बॉक्साइट की फैक्ट्री का निर्माण किया गया होता तो जिले की परिस्थिति और गरीबी दोनो को सुधारा जा सकता था। किसी ने भी जिले के परिस्थितियों की ओर ध्यान नहीं दिया और गरीब जनता पिसती चली गई।

जिले में कुछ का कार्यकाल ऐसा भी रहा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में विकास की गतियां थोड़ी तेज हुई। परंतु जैसे-जैसे सरकार आती गई व जाती गई, वैसे-वैसे विकास की गति कभी कम - कभी ज्यादा होती रही। जिले से होकर दो राष्टीय राजमार्ग भी गुजरती है। दक्षिणी भाग में छत्तीसगढ़ और उड़ीसा को जोड़ने का काम करती है। परंतु अभी तक सड़क की स्थिति को भी दुरुस्त नहीं किया जा सका है। झारखंड के अन्य जिला जैसे बोकारो,धनबाद, जमशेदपुर जैसे बहुमूल्य इलाके आज ऐसी स्थिति पर है कि लोग अपनी गरीबी और लाचारी से मुक्त जीवन जीते है। जनता विकाश नाम पर सरकार बनाती है। मगर यह देखने को नही मिल पाता। जिसकी खामियाजा आम जनता को भुगतना प?ता है। झारखंड अलग होने के बाद जितने भी सांसद और विधायक बने, सभी जिले के ही जन्मभूमि में पले और बढे हैं। मगर किसी ने भी इस जन्म भूमि को तरक्की के बुलंदी पर ले जाना नहीं चाहा।

जिसकी तस्वीर आज जगह-जगह देखने को मिलती है। झारखंड अलग होने से पहले लगातार 40 साल तक यहां कांग्रेस ने राज किया जिस समय कोई अन्य पार्टियों मजबूत स्थिति में नहीं थी। उस समय अगर सरकार चाहती तो लोहरदगा को चमकाया जा सकता था। परन्तु यह काम भी नही हो पाया है। वर्तमान सरकार और यहां के सासंद-विधायक को इस पर विचार किया जाना चाहये ताकि लोगो की धुंधली जीवन मे रौशनी मिल सके।